सच, सिर्फ सच

वॉयस ऑफ लखनऊ

शुक्रवार, 07 अगस्त , 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 22, अंक 31, पेज 12, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com



सेंसेक्स में 374 अंकों की उछाल

स्थानीय शेयर बाजारों में मिला-जुला रुख रहा। शेयरों में लिवाली से सेंसेक्स 374 अंक के लाभ में रहा, जबकि एनएसई निफ्टी में मामूली 11 अंक की तेजी रही। } 10

नड्डा ने बाढ़ प्रभावित अरुणाचल को दिया हर संभव मदद का भरोसा

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जे पी नड्डा ने बाढ़ प्रभावित अरुणाचल प्रदेश के लिए राहत, पुनर्वास और पुनर्निर्माण कार्यों में केंद्र सरकार की ओर से हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। } 12

बायोगैस उत्पादन बढ़ाने पर जोर

मंत्रिमंडल ने 23,731 करोड़ रुपये की गोबरधन योजना को दी मंजूरी

एजेंसी




नयी दिल्ली। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने कम्प्रेस्ड बायोगैस (सीबीजी) के उत्पादन में तेजी लाने के लिए बृहस्पतिवार को 23,731 करोड़ रुपये की एक राष्ट्रीय एकीकृत योजना को मंजूरी दी। यह योजना आयातित जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता घटाने और स्वच्छ ऊर्जा बदलाव को मजबूत करने के लिए कृषि एवं शहरी कचरे के उपयोग पर आधारित है।

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने असम में राष्ट्रीय राजमार्ग-15 पर 135.871 किलोमीटर लंबे गुवाहाटी-तेजपुर गलियारे का 8,970.20 करोड़ रुपये की लागत से विकास करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी। आधिकारिक बयान के अनुसार, चार लेन वाली इस राजमार्ग परियोजना को निर्माण-संचालन-हस्तांतरण (बीओटी) टोल मॉडल पर विकसित किया जाएगा। सरकार ने एक बयान में कहा कि गोबरधन (जैविक संसाधनों से धन सृजन) योजना वित्त वर्ष 2026-27 से 2035-36 के बीच लागू की जाएगी। इसका लक्ष्य सुनिश्चित खरीद, विनियमित मूल्य, पूंजी सब्सिडी, पाइपलाइन अवसंरचना और वित्त तक आसान पहुंच के जरिये घरेलू सीबीजी उत्पादन को लगभग दस गुना बढ़ाना है। कुल 23,731 करोड़ रुपये के परिव्यय वाली इस योजना के तहत कृषि अवशेष, गोबर, चीनी उद्योग का कचरा (गन्ने की खोई), शहरी जैविक कचरा एवं अन्य बायोमास का उपयोग कर कम्प्रेस्ड बायोगैस तैयार की जाएगी। इस गैस को वाहनों में इस्तेमाल होने वाली सीएनजी में मिलाया जा सकेगा। यह योजना मौजूदा पहल, जैसे सस्टेनेबल अल्टरनेटिव टुवर्ड्स अफोर्डेबल ट्रांसपोर्टेशन (सतत) कार्यक्रम पर आधारित है, जिसके तहत 200 से अधिक सीबीजी संयंत्र पहले ही स्थापित किए जा चुके हैं। नए ढांचे के तहत शहरी गैस वितरण कंपनियां सीएनजी और ...शेष पृष्ठ 10 पर

जेन-जी की शिकायतें जायज, उनकी ईमानदारी पर पूरा भरोसा

लोकतंत्र में विरोध प्रदर्शन संवाद का एक वैध तरीका, शिक्षा प्रणाली को लेकर जतायी जा रही चिंताएं जायज

एजेंसी



मुंबई। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक मोहन भागवत ने बृहस्पतिवार को कहा कि लोकतंत्र में विरोध प्रदर्शन संवाद का एक वैध तरीका है, लेकिन इसका मकसद विभाजन पैदा करने के बजाय आम सहमति बनाना होना चाहिए। भागवत ने मुंबई में एक कार्यक्रम में में जेन-जी और जेन अल्फा के लगभग 2,000 सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा विरोध प्रदर्शन भी बातचीत का एक तरीका है। लोकतंत्र में, विरोध प्रदर्शन आम सहमति बनाने का एक जरिया है। अलग-अलग विचार एक साथ आते हैं और चर्चा के बाद आम सहमति बनती है।

उन्होंने कहा अगर विभिन्न कारणों से बातचीत के जरिए चिंताओं पर ध्यान नहीं दिया जाता, तो लोग आंदोलन की ओर जा सकते हैं। लेकिन इन सबका मकसद आम सहमति बनाना है, न कि विभाजन पैदा करना। जेन-जी की शिकायतें जायज़ हैं और मुझे उनकी ईमानदारी पर भरोसा है। भागवत के इस संवाद को आरएसएस की ओर से जेन-जी और जेन अल्फा तक पहुंचने की सबसे अहम कोशिश के तौर पर देखा जा रहा है। यह कोशिश कॉकरोच जनता पार्टी (कॉजपा) के उस विरोध-प्रदर्शन के बाद हो रही है, जो नीट प्रश्नपत्र लीक को लेकर हुआ था तथा उसके फलस्वरूप केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को इस्तीफ़ा देना पड़ा था। भागवत ने कहा कि भारत की शिक्षा प्रणाली को लेकर जताई जा रही चिंताएं जायज हैं। उन्होंने कहा कि संवाद हमेशा पहला कदम होना चाहिए। भागवत ने कहा, बातचीत होनी चाहिए। अगर बातचीत से काम न बने तो आगे क्या किया जाए, इस पर बाद में विचार किया जा सकता है। सरसंघचालक ने कहा कि जेन-जी अपनापन और सम्मान के साथ-साथ तार्किक जवाब भी चाहता है, जबकि पिछली पीढ़ियां बिना सवाल किए बड़ों की बात मान लेती थीं। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर पाबंदी लगाना इसके नुकसानदेह असर का समाधान नहीं है। उन्होंने कहा कि समाज को आत्म-अनुशासन विकसित करना चाहिए और ऑनलाइन किसी भी बात पर विश्वास करने से पहले विश्वसनीय स्रोतों से जानकारी की पुष्टि करनी चाहिए। भागवत ने कहा कि जब तक लोगों का नज़रिया नहीं बदलेगा, तब तक सिर्फ़ नियम-कानून काम नहीं आएंगे। उन्होंने कहा नियम और अनुशासन जरूरी हैं, लेकिन वे तभी सफल होते हैं जब सोच बदलती है। कई कानून बनाए गए हैं। असल में जो बात मायने रखती है वह है लोगों की सोच में बदलाव। प्रौद्योगिकी के दुरुपयोग के बारे में चेतावनी देते हुए सरसंघचालक ने कहा कि लोगों को बिना जांच-पड़ताल के सोशल मीडिया पर मौजूद सामग्री पर भरोसा नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा आज प्रौद्योगिकी हमारे चेहरे ...शेष पृष्ठ 10 पर

संक्षेप

अग्नि-4 मिसाइल का सफल परीक्षण



नयी दिल्ली। भारत ने बृहस्पतिवार को ओडिशा के चांदीपुर स्थित एकीकृत परीक्षण रेंज से मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल अग्नि-4 का सफल परीक्षण किया। मिसाइल का परीक्षण सामरिक बल कमान (एसएफसी) ने किया। रक्षा मंत्रालय ने कहा छह अगस्त को ओडिशा के चांदीपुर स्थित एकीकृत परीक्षण रेंज से मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल अग्नि-4 का सफल परीक्षण किया गया।

मकान गिरने से दो बच्चों समेत तीन की मौत

बाराबंकी/सहारनपुर। प्रदेश के बाराबंकी और सहारनपुर जिले में हुई अलग-अलग घटनाओं में दो बच्चों समेत तीन लोगों की मौत हो गयी जबकि तीन अन्य घायल हो गये। बाराबंकी जिले के दरियाबाद क्षेत्र में बृहस्पतिवार सुबह एक पुरानी दीवार गिरने से उसके मलबे में दबने से दो बच्चों की मौके पर ही मौत हो गयी तथा तीन अन्य जख्मी हो गये। जबकि, प्रदेश के सहारनपुर में भी एक कच्चा मकान गिरने से मलबे में दबकर एक महिला की मौत हो गयी। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि बाराबंकी जिले दरियाबाद कोतवाली क्षेत्र के गुलचप्पा कलां अलियाबाद गांव में आज पांच बच्चे खेलते वक्त गांव की एक गली से गुजर रहे थे, तभी वर्षों पुरानी ईंट की दीवार अचानक ढह गयी, जिसके मलबे में वे दब गये।

युवाओं का विकास सरकार की प्राथमिकता

शिक्षा, कौशल, रोजगार, स्वास्थ्य और नेतृत्व क्षमता को एकीकृत करेगी नयी युवा नीति : योगी



लखनऊ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के युवाओं के समग्र विकास के लिए एकीकृत युवा नीति तैयार करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि युवाओं के समग्र विकास से जुड़े कार्यक्रमों की सतत मॉनिटरिंग, मूल्यांकन और समय-समय पर आवश्यक सुझाव उपलब्ध कराने के लिए विशेषज्ञों की सहभागिता वाला स्वतंत्र राज्य युवा आयोग गठित किए जाने की संभावनाओं पर भी विचार किया जाए। यह आयोग नियमित रूप से युवाओं से जुड़े कार्यक्रमों की समीक्षा करे, आवश्यक सुझाव दे तथा बदलती आवश्यकताओं के अनुरूप नीति और कार्यक्रमों को और प्रभावी बनाने में सहयोग करे। उन्होंने कहा कि प्रदेश की युवा नीति युवाओं की बदलती अपेक्षाओं, आकांक्षाओं और भविष्य की जरूरतों के अनुरूप तैयार की जाए। मुख्यमंत्री योगी ने कहा युवाओं का विकास सरकार की प्राथमिकता है।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि युवा नीति तैयार करने से पहले प्रदेश के 16 से 35 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं की अपेक्षाओं, आकांक्षाओं और आवश्यकताओं को समझा जाए। नीति निर्माण की प्रक्रिया में विद्यार्थियों, खिलाड़ियों, शोधार्थियों, स्टार्टअप उद्यमियों, युवा पेशेवरों तथा विभिन्न वर्गों के युवाओं की सहभागिता सुनिश्चित की जाए। इसके लिए सार्वजनिक डोमेन के माध्यम से सुझाव भी आमंत्रित किए जाएं, ताकि नीति युवाओं की वास्तविक जरूरतों और भविष्य की चुनौतियों के अनुरूप तैयार हो सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में युवाओं के लिए संचालित सभी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष बल दिया जाए। विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए यह सुनिश्चित किया जाए कि प्रत्येक पात्र युवा तक योजनाओं का लाभ समयबद्ध और पारदर्शी ढंग से पहुंचे। युवा नीति का स्वरूप ऐसा हो, जिसमें शिक्षा एवं कौशल विकास, उद्यमिता, रोजगार एवं नवाचार, डिजिटल सशक्तीकरण, स्वास्थ्य, खेल, नेतृत्व ...शेष पृष्ठ 10 पर

घुमंतू समाज को मिलेगा सम्मान व विकास का नया अधिकार: सीएम

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि घुमंतू विकास बोर्ड वर्षों से उपेक्षित विमुक्त एवं घुमंतू समाज को सम्मान, सुरक्षा और विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का प्रभावी माध्यम बनेगा। उन्होंने कहा कि अब घुमंतू समाज को दर-दर की ठोकरें नहीं खानी पड़ेंगी और सरकार उन्हें सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सुनिश्चित कराने के लिए पूरी प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है।

घुमंतू विकास बोर्ड के गठन की घोषणा पर आयोजित विमुक्त एवं घुमंतू समाज के अभिनंदन एवं आभार कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिए गए 'सबका साथ, सबका विकास' के मंत्र को सरकार अंतिम व्यक्ति तक पहुंचा रही है। इसी सोच के अनुरूप घुमंतू विकास बोर्ड उपेक्षित समाज के उत्थान का महत्वपूर्ण माध्यम बनेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 1871 के क्रिमिनल ट्राइब एक्ट के तहत अंग्रेजों ने स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले अनेक घुमंतू समुदायों को अपराधी घोषित कर दिया था। स्वतंत्र भारत में बाबा ...शेष पृष्ठ 10 पर

संसद ने दी विनियोग विधेयक को मंजूरी

नयी दिल्ली। संसद ने बृहस्पतिवार को विनियोग विधेयक को मंजूरी दे दी जिसके तहत सरकार ने वित्त वर्ष 2022-23 में व्यय हुए 54,067 करोड़ रूपये के अतिरिक्त खर्च के लिए संसद से मंजूरी मांगी है।

तीन बार के स्थगन के बाद अपराह्न दो बजकर 45 मिनट पर राज्यसभा की बैठक शुरू होने के बाद वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने विनियोग (संख्यांक 3) विधेयक को चर्चा और लौटाने के लिए पेश किया। विधेयक पर हुई संक्षिप्त चर्चा के दौरान कांग्रेस और कुछ अन्य विपक्षी दलों के सदस्यों ने प्रदर्शनकारी छात्रों पर पुलिस कार्वाई को लेकर गृह मंत्री अमित शाह के बयान की मांग करते हुए सदन से बहिर्गमन किया। विधेयक पर हुई संक्षिप्त चर्चा के दौरान सदस्यों ने अर्थव्यवस्था से जुड़े विभिन्न मुद्दे उठाये। चर्चा का जवाब देते हुए वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा कि सरकार अनुदान की अनुपूरक मांगें 31 मार्च 2023 को समाप्त हुए वर्ष में अतिरिक्त खर्च के लिए लायी है। विधेयक का उद्देश्य भारत की संचित निधि से उन खर्चों के लिए धन निकालने की खातिर मंजूरी देना है, जो व्यय 31 मार्च 2023 को खत्म हुए ...शेष पृष्ठ 10 पर

सड़क हादसे में अतीक के बेटे की मौत

बेकाबू होकर डिवाइडर से टकराकर पलट गयी एसयूवी

जिला संवाददाता



झांसी (उप्र)। माफिया एवं पूर्व सांसद अतीक अहमद के बेटे अबान अहमद समेत दो लोगों की बृहस्पतिवार को झांसी जिले में एक सड़क हादसे में मौत हो गयी। पुलिस ने यह जानकारी दी। इस घटना में कार सवार तीन अन्य लोग घायल हो गये, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

अपर पुलिस अधीक्षक (देहात) अरविंद कुमार ने बताया कि पूर्व सांसद अतीक अहमद का बेटा अबान अहमद अपने कुछ साथियों के साथ झांसी जेल में बंद अपने भाइयों से मिलने जा रहा था, तभी रास्ते में पुंछ थाना क्षेत्र में झांसी-कानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर उसकी तेज गति से गुजर रही कार (एसयूवी) बेकाबू होकर एक डिवाइडर से टकराकर पलट गयी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बीबीजीटीएस मूर्ति ने संवाददाताओं को बताया कि इस हादसे की सूचना पुलिस को सुबह साढ़े 10 बजे मिली। उन्होंने कहा कि इस हादसे में अबान अहमद (21) और उसके दोस्त सोनू (25) की मौत हो गई। मूर्ति ने ...शेष पृष्ठ 10 पर

यौन उत्पीड़न मामले में तरुण तेजपाल को 10 साल का कारावास

पणजी। बंबई उच्च न्यायालय ने समाचार पत्रिका तहलका के पूर्व संपादक तरुण तेजपाल को 2013 में अपनी एक सहकर्मी से दुष्कर्म का दोषी ठहराते हुए उसे 10 साल के कठोर कारावास की सजा सुनायी।

अदालत ने गोवा की एक सत्र अदालत द्वारा पांच साल पहले उसे बरी करने के फैसले को भी रद्द कर दिया। उच्च न्यायालय की गोवा पीठ की न्यायमूर्ति नीला गोखले और न्यायमूर्ति अमित जामसांडेकर ने पहले तरुण तेजपाल को दो सप्ताह के भीतर आत्मसमर्पण करने का निर्देश दिया था, लेकिन उनके वकीलों के अनुरोध पर अदालत ने यह अवधि बढ़ाकर चार सप्ताह कर दी। अदालत ने न्यूनतम सजा सुनाते हुए कहा कि यह घटना 13 वर्ष पहले हुई थी ...शेष पृष्ठ 10 पर

उत्तराखंड के दुर्गम क्षेत्रों में एनसीसी का होगा विस्तार

सीएम धामी से नयी दिल्ली में महानिदेशक एनसीसी ने की शिष्टाचार भेंट

प्रमुख संवाददाता



नई दिल्ली/देहरादून। राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल वीरेन्द्र वत्स ने नई दिल्ली स्थित उत्तराखण्ड निवास में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उत्तराखण्ड में एनसीसी के विस्तार, विशेष रूप से सीमांत एवं दुर्गम क्षेत्रों के युवाओं तक एनसीसी की पहुंच बढ़ाने, आधुनिक प्रशिक्षण सुविधाओं के विकास तथा संगठन के लिए मजबूत एवं आधुनिक आधारभूत संरचना तैयार करने को लेकर विस्तार से चर्चा हुई।

बैठक में उत्तराखण्ड की भौगोलिक परिस्थितियों और सीमावर्ती क्षेत्रों में युवाओं के लिए एनसीसी की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए राज्य में अधिकाधिक युवाओं को संगठन से जोड़ने की दिशा में आवश्यक कदम उठाने पर विचार-विमर्श किया गया। महानिदेशक एनसीसी ने सीमांत एवं दूरस्थ क्षेत्रों में नई एनसीसी इकाइयों के गठन और मौजूदा इकाइयों के विस्तार की आवश्यकता ...शेष पृष्ठ 10 पर



आज का मौसम

अधिकतम : 36.06 डिसे.
न्यूनतम : 26.04 डिसे.

भीतर पढ़ें

- तीन नये निजी विवि के संचालन को मिली हरी झंडी (पृष्ठ-02)
- कांवड़ मार्गों पर दौड़ रहीं बाइक एंबुलेंस (पृष्ठ-02)
- रुपया 16 पैसे टूटकर 95.24 प्रति डॉलर पर (पृष्ठ-10)
- सोना 3,800 के उछाल के साथ उच्च स्तर पर (पृष्ठ-10)
- कोल इंडिया ने लौह अयस्क खनन में रखा कदम (पृष्ठ-10)

विशेष खबर 75 जिलों में होगा तिरंगा संगीत समारोह, शहीदों के परिवार का होगा सम्मान

यूपी में 5 करोड़ घरों पर तिरंगा फहराने का लक्ष्य

विशेष संवाददाता



लखनऊ। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आयोजित किए जा रहे हर घर तिरंगा अभियान के तहत उत्तर प्रदेश सरकार इस वर्ष प्रदेश के सभी 75 जनपदों में तिरंगा संगीत समारोह (तिरंगा कॉन्सर्ट) आयोजित करेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर होने वाले इन आयोजनों का उद्देश्य राष्ट्र नायकों का सम्मान करने के साथ भावी पीढ़ी में राष्ट्रभक्ति की भावना को मजबूत करना है।

राज्य सरकार ने इस वर्ष प्रदेश के 5 करोड़ घरों पर तिरंगा फहराने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसके साथ ही तिरंगा मेला, तिरंगा संगीत समारोह और विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए हैं कि सभी कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों के साथ आम जनता की अधिकतम सहभागिता सुनिश्चित की जाए। तिरंगा संगीत समारोह में वंदे मातरम का सामूहिक गायन, देशभक्ति गीत, सांस्कृतिक नृत्य, स्कूलों के विद्यार्थियों, पुलिस बैंड और सेना के बैंड की संगीतमय प्रस्तुतियां होंगी। कार्यक्रमों में राष्ट्रीय स्तर के कलाकारों के साथ स्थानीय कलाकारों को भी मंच दिया जाएगा, ताकि स्थानीय प्रतिभाओं को प्रोत्साहन मिल सके। समारोह के दौरान स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों तथा विभिन्न युद्धों में शहीद हुए सैनिकों के परिजनों को सम्मानित किया जाएगा। सरकार का मानना है कि ऐसे आयोजन नई पीढ़ी को देश के गौरवशाली इतिहास और राष्ट्र निर्माण में वीरों के योगदान से परिचित कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। राजधानी लखनऊ में 1090 चौराहा, हजरतगंज, घंटाघर चौक, जनेश्वर मिश्र पार्क, एमरॉल्ड मॉल, लुलु मॉल समेत कई प्रमुख स्थानों पर तिरंगा कॉन्सर्ट प्रस्तावित हैं।

इन कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित करने की तैयारी की जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्देश दिए हैं कि 14 और 15 अगस्त को प्रदेश के सभी सिनेमाघरों में राष्ट्रगीत और राष्ट्रगान का अनिवार्य प्रसारण किया जाए। इसके अलावा जिला, तहसील, ब्लॉक और ग्राम पंचायत स्तर पर भी देशभक्ति से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सरकार ने इन आयोजनों में ...शेष पृष्ठ 10 पर

प्रतापगढ़ : मकान ढहने से एक ही परिवार के छह लोगों की मौत

मुख्यमंत्री योगी ने जनहानि पर जताया शोक

जिला संवाददाता

प्रतापगढ़। जिले के नगर कोतवाली क्षेत्र में बारिश के दौरान एक जर्जर मकान ढहने से उसके मलबे में दबने के कारण एक परिवार के छह सदस्यों की मौत हो गई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना में हुई जनहानि पर शोक जताया। मुख्यमंत्री ने स्थानीय जिला प्रशासन व मुख्य चिकित्सा अधिकारी को घायल अमन के समुचित इलाज का निर्देश दिया। इस दुखद घटना पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोशल मीडिया अकाउंट 'एक्स' पर पोस्ट कर संवेदना व्यक्त की। उन्होंने लिखा कि जनपद प्रतापगढ़ में दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना में हुई जनहानि अत्यंत दुःखद है। मेरी संवेदनाएं शोकाकुल परिजनों के साथ हैं। प्रभु श्री राम से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्माओं को अपने श्री चरणों में स्थान तथा घायल को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ प्रदान करें। इस घटना में प्रमोद श्रीवास्तव (60), उनकी पत्नी रीता (55), उनकी बहू माधुरी (24), उनके पोतों माधव (दो) एवं आद्विक (10 माह) और परिवार के एक अन्य सदस्य नितिन (25) की मौत हो गई। पुलिस क्षेत्राधिकारी (नगर) आशुतोष मिश्रा ने को ...शेष पृष्ठ 10 पर

विधायक उमाशंकर सिंह को श्रद्धासुमन अर्पित करने वालों का लगा रहा तांता

योगी व मायावती समेत अन्य नेताओं ने दी श्रद्धांजलि

विशेष संवाददाता (vol)



लखनऊ। बसपा के इकलौते विधायक स्वर्गीय उमाशंकर सिंह के गोमतीनगर स्थित आवास पर गुरुवार को दिनभर उन्हें श्रद्धांजलि देने वालों का तांता लगा रहा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और बसपा सुप्रीमो मायावती के अलावा अन्य नेताओं ने भी आवास पहुंचकर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। मुख्यमंत्री ने दिवंगत विधायक के पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इससे पहले बसपा सुप्रीमो मायावती उनके आवास पहुंची थीं। आवास पर सुबह से ही बसपा नेताओं, कार्यकर्ताओं और उनके समर्थकों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। अन्य दलों के नेताओं ने भी उन्हें श्रद्धांजलि दी। अपर मुख्य सचिव, गृह संजय प्रसाद समेत कुछ अन्य प्रशासनिक अधिकारियों ने भी आवास पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। बसपा विधायक का पार्थिव शरीर गुरुवार शाम लखनऊ से उनके बलिया स्थित आवास पर ले जाया गया।

बलिया में शुक्रवार को उनके पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार होगा। वहीं सभी मंडलों में चल रही कैडर की बैठकों में भी पदाधिकारियों-कार्यकर्ताओं ने शोकसभा कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। मौन धारण की दिवंगत विधायक की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। बसपा कार्यालयों में भी शोक सभाएं हुईं। बसपा विधायक 55 वर्षीय उमाशंकर सिंह का बुधवार रात गुरुग्राम के एक अस्पताल में निधन हो गया था। वह लगभग दो वर्ष से ब्रेन कैंसर से पीड़ित थे। तबीयत बिगड़ने पर उन्हें मंगलवार को गुरुग्राम ले जाया गया था। वह बलिया के रसड़ा विधानसभा क्षेत्र के खनवर गांव के निवासी थे। उमाशंकर सिंह बलिया की रसड़ा सीट से लगातार तीन बार विधायक रहे।

बेटा चाहेगा तो राजनीति में बढ़ाऊंगी : मायावती

बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि वे मुझे सगी बहन की तरह मानते थे। मैं लखनऊ रहूं या दिल्ली में वे मुझसे राखी बंधवाने जरूर आते थे। भाई तो बहुत बने दलितों को छोड़कर सब धोखा देकर चले गए लेकिन उन्होने धोखा नहीं दिया। उन्होने कहा कि दुख की इस घड़ी में हमारी पार्टी उनके परिवार के साथ है। उनका एक बेटा और एक बेटी है। अगर बेटा राजनीति में आना चाहेगा तो मैं उसे जरूरी बढ़ावा दूंगी। उमाशंकर राजनीति में बहुत सक्रिय रहे। समाज में सेवा करते रहे। परिवार चाहेगा तो मैं उनके बेटे की राजनीति में मदद करूंगी। उन्होने रसड़ा से जब भी चुनावी लड़ा, वे जीते। रसड़ा की जनता ने उन्हें पूरा प्यार दिया। ऐसे में उनकी विधानसभा के लोग भी चाहेंगे कि अब वे नहीं रहे तो उनके बेटे को बढ़ावा दिया जाए। मैं उनके परिवार का पूरा साथ दूंगी।

तीन नये निजी विश्वविद्यालयों के संचालन को मिली हरी झंडी

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। प्रदेश सरकार राज्य को उच्च शिक्षा और अनुसंधान का प्रमुख केंद्र बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। इसी कड़ी में प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने लखनऊ स्थित अपने सरकारी आवास पर बुधवार को प्रदेश में स्थापित होने जा रहे तीन नए निजी विश्वविद्यालयों के प्रबंधन को 'संचालन प्राधिकार पत्र' (अनुज्ञा पत्र) प्रदान किया। योगी सरकार की इस पहल से गाजियाबाद, कानपुर और फतेहपुर जिलों में उच्च, तकनीकी एवं कृषि शिक्षा का विस्तार होगा तथा युवाओं को अपने ही क्षेत्र में बेहतर शैक्षणिक अवसर प्राप्त होंगे।

उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने जनपद गाजियाबाद में 'अजय कुमार गर्ग विश्वविद्यालय' के संचालन के लिए 'इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड इंजीनियरिंग सोसाइटी', गाजियाबाद के सचिव/चेयरमैन को, कानपुर नगर के बिल्हौर में 'महर्षि महेश योगी इंटरनेशनल एग्रीकल्चर विश्वविद्यालय' के संचालन के लिए 'स्वामी ब्रह्मानंद सरस्वती चैरिटेबल ट्रस्ट', दिल्ली के सचिव को तथा फतेहपुर में 'ठाकुर युगराज सिंह विश्वविद्यालय' के संचालन के लिए 'एंग्लो संस्कृत कॉलेज', फतेहपुर के अध्यक्ष को आधिकारिक संचालन प्राधिकार पत्र सौंपा। उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश शासन के उच्च शिक्षा अनुभाग-1 द्वारा उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय अधिनियम, 2019 में संशोधन अध्यादेशों के तहत यह स्वीकृति जारी की गई है। इसके अंतर्गत गाजियाबाद के अजय कुमार गर्ग विश्वविद्यालय को तृतीय संशोधन अध्यादेश (अध्यादेश संख्या 17 सन् 2026), कानपुर के महर्षि महेश योगी इंटरनेशनल एग्रीकल्चर विश्वविद्यालय को चतुर्थ संशोधन अध्यादेश (अध्यादेश संख्या 18 सन् 2026) तथा फतेहपुर के ठाकुर युगराज सिंह विश्वविद्यालय को पंचम संशोधन अध्यादेश (अध्यादेश संख्या 19 सन् 2026) के तहत सम्मिलित करते हुए संचालन की अनुज्ञा संबंधी अधिसूचनाएं जारी कर दी गई हैं।

उच्च शिक्षा मंत्री ने प्राधिकार पत्र सौंपते हुए संबंधित संस्थाओं से अपेक्षा की कि वे शासन द्वारा निर्धारित मानकों, नियमों एवं शर्तों का अनुपालन करते हुए गुणवत्तापूर्ण, रोजगारपरक और मूल्य आधारित शिक्षा प्रदान करेंगे।

पुनर्वासन योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए अहम कार्य योजना तैयार

लखनऊ। प्रदेश सरकार द्वारा दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग की कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से वित्तीय वर्ष 2026-27 में व्यापक प्रचार-प्रसार अभियान संचालित करने का निर्णय लिया गया है। अभियान का उद्देश्य दिव्यांगजनों तथा उनके परिजनों को विभागीय योजनाओं, अधिकारों, उपचार, पुनर्वास, प्रशिक्षण एवं अन्य सुविधाओं के संबंध में ज्यादा से ज्यादा जानकारी उपलब्ध कराना है। दिव्यांगता निवारण, बचाव, उपचार, प्रशिक्षण एवं पुनर्वास से संबंधित योजनाओं के प्रभावी प्रचार-प्रसार के अंतर्गत दिव्यांगता के क्षेत्र में कार्य करने वाले संगठनों व स्वैच्छिक संस्थाओं के साथ ही सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के माध्यम से जनजागरूकता उत्पन्न करने का प्रयास किया जायेगा। इस प्रचार-प्रसार एवं जागरूकता के लिए वित्तीय वर्ष 2026-27 में 35.00 लाख रुपये बजट की व्यवस्था की गयी है। प्रचार अभियान के अंतर्गत प्रदेश के 350 तहसील मुख्यालयों, 18 मंडल मुख्यालयों तथा चयनित महत्वाकांक्षी जिलों सहित कुल 375 स्थानों पर एक माह की अवधि के लिए होर्डिंग लगाने का निर्णय लिया गया है। इन होर्डिंग्स के माध्यम से विभाग की विभिन्न योजनाओं, दिव्यांगजनों के अधिकारों एवं सुविधाओं का व्यापक प्रचार किया जाएगा। इसके अतिरिक्त विभाग की योजनाओं, उपलब्धियां तथा जनहितकारी संदेश नियमित रूप से डिजिटल माध्यमों से जनसामान्य तक पहुंचाने के लिए कार्य योजना तैयार कर उस पर शीघ्र क्रियान्वयन को सुनिश्चित किया जायेगा।

शिक्षामित्रों को विशेष टीईटी परीक्षा में शामिल किया जाये

मुख्यमंत्री से शिक्षामित्र संघ ने की मुलाकात, मिला आश्वासन

विशेष संवाददाता (vol)



लखनऊ। कुंवर महाराज सिंह, सभापति अंकुश समिति एवं सदस्य, विधान परिषद की अगुवाई में शिक्षामित्रों के प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को मुख्यमंत्री के सरकारी आवास पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट की। प्रदेश में कार्यरत लगभग 1.43 लाख शिक्षामित्रों की समस्याओं को मुख्यमंत्री के समक्ष रखा। मुलाकात में शिक्षामित्र प्रदेश अध्यक्ष शिव कुमार शुक्ला और संगठन मंत्री कौशल कुमार सिंह उपस्थित रहे ।

इस दौरान शिक्षामित्र संघ ने प्रमुख मांगे रखीं, जिसमें एनसीटीई की सभी योग्यताओं और अहर्ताओं को पूरा करने वाले टीईटी पास शिक्षामित्रों को सभी सहायक अध्यापकों को मिलने वाली सुविधाओं के साथ शिक्षामित्र पद पर ही नियमित करने का अनुरोध किया गया।

शिक्षामित्रों की सेवानिवृत्ति की आयु सीमा को 60 वर्ष से बढ़ाकर 62 वर्ष किए जाने का आग्रह किया गया। शिक्षामित्रों को विशेष टीईटी परीक्षा में सम्मिलित किए जाने के संबंध में निवेदन किया। पिछले 18 महीनों से लंबित पड़ी महिला शिक्षामित्रों के अंतर्जनपदीय स्थानांतरण और मूल विद्यालय वापसी की प्रक्रिया को तत्काल प्रभाव से पूर्ण कराए जाने की मांग उठाई गई। सेवाकाल के दौरान जान गंवाने वाले मृतक साथियों के परिजनों को उचित आर्थिक सहायता के साथ-साथ अनुकंपा के आधार पर नौकरी देने का अनुरोध किया गया।

साथ ही प्रतिनिधिमंडल ने हाल ही में लागू की गई मानदेय वृद्धि, कैशलेस चिकित्सा कार्ड और जीवन सुरक्षा कवर जैसी महत्वपूर्ण व्यवस्थाओं के लिए मुख्यमंत्री का हार्दिक धन्यवाद किया। साथ ही, इसके लिए एक भव्य सम्मान समारोह आयोजित करने के लिए मुख्यमंत्री से समय की मांग भी की गई। संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रतिनिधिमंडल की सभी बातों को गंभीरता से सुना और आश्वासन दिया कि शिक्षामित्रों की सभी समस्याओं का समाधान शीघ्र अति शीघ्र किया जाएगा। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने सभी शिक्षामित्रों से आह्वान किया कि वे पूरे मनोयोग के साथ पठन-पाठन और बच्चों के शिक्षण कार्य में अपनी निष्ठा बनाए रखें।

गोरखपुर का मातृ सेवा मॉडल बना मिसाल

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में मातृ मृत्यु दर कम करने के उद्देश्य से गोरखपुर में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू किया गया मातृ सेवा मॉडल प्रभावी साबित हो रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर संचालित इस पहल के तहत बीते दो महीनों में प्रसव के बाद अत्यधिक रक्तस्राव (पोस्टपार्टम हैमरेज) के 15 अतिगंभीर मामलों में प्रसूताओं की जान बचाई गई है। अब आसपास के जिलों की हाईरिस्क गर्भवतियों को भी गोरखपुर रेफर किया जा रहा है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की मिशन निदेशक डॉ. पिंकी जोवल ने बताया कि उत्तर प्रदेश टेक्निकल सपोर्ट यूनिट (यूपीटीएसयू) और स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त पहल के तहत हाईरिस्क गर्भावस्था प्रबंधन के लिए एक समन्वित व्यवस्था विकसित की गई है। इसमें एम्स गोरखपुर, बीआरडी मेडिकल कॉलेज, जिला महिला अस्पताल, सीएमओ कार्यालय, सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के चिकित्सकों के साथ आशा, एएनएम, नर्स, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ) और एम्बुलेंस समन्वयकों को एक साझा व्हाट्सएप समूह से जोड़ा गया है। जैसे ही किसी गर्भवती को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र या सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया जाता है, स्वास्थ्यकर्मी उसकी जोखिम श्रेणी का आकलन करते हैं। गंभीर स्थिति होने पर मरीज को तत्काल उच्च चिकित्सा संस्थान रेफर किया जाता है। रेफरल, उपचार और एम्बुलेंस की पूरी प्रक्रिया रियल टाइम में साझा कर मरीज को शीघ्र उपचार उपलब्ध कराया जाता है।

स्मार्ट क्लास और आईसीटी लैब से बदलेगी पढ़ाई की तस्वीर

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। परिषदीय विद्यालयों में स्थापित स्मार्ट क्लास, आईसीटी लैब और डिजिटल शिक्षण संसाधनों का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित करने की दिशा में बड़ा अभियान शुरू हो रहा है। समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत अब प्रदेश के प्रत्येक विकासखंड में मास्टर ट्रेनर तैयार किए जाएंगे, जो शिक्षकों को तकनीक आधारित शिक्षण का व्यावहारिक प्रशिक्षण देंगे। इसका उद्देश्य विद्यालयों में उपलब्ध डिजिटल संसाधनों का प्रभावी उपयोग सुनिश्चित कर कक्षा शिक्षण को अधिक रोचक, सहभागितापूर्ण और गुणवत्तापूर्ण बनाना है।

इस संबंध में महानिदेशक स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक मोनिका रानी ने सभी जिलों को विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए हैं। निदेशों के अनुसार प्रत्येक विकासखंड से एक शिक्षक को संदर्भदाता (मास्टर ट्रेनर) के रूप में नामित किया गया। इन संदर्भदाताओं का राज्य स्तरीय प्रशिक्षण दो चरणों में आयोजित किया गया। प्रथम चरण का प्रशिक्षण 27 से 29 जुलाई तथा द्वितीय चरण का प्रशिक्षण 4 से 6 अगस्त तक संपन्न हुआ। अब यही प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर अपने-अपने विकासखंडों में शिक्षकों को दो दिवसीय प्रशिक्षण देंगे। प्रत्येक प्रशिक्षण बैच में अधिकतम 50 प्रतिभागी शामिल होंगे तथा प्रशिक्षण निर्धारित समय-सारिणी के अनुसार संचालित किया जाएगा।

प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों को स्मार्ट क्लास, आईसीटी लैब, इंटरैक्टिव डिजिटल बोर्ड, प्रोजेक्टर, कंप्यूटर, ई-कंटेंट तथा अन्य डिजिटल संसाधनों के प्रभावी उपयोग का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्हें तकनीक आधारित कक्षा-शिक्षण, डिजिटल प्रस्तुतीकरण, विद्यार्थियों की सहभागिता बढ़ाने तथा विषयों को अधिक रोचक और प्रभावी ढंग से पढ़ाने की आधुनिक तकनीकों से भी परिचित कराया जाएगा। साथ ही एनबीडीआईयूपी पोर्टल पर उपलब्ध डिजिटल बोर्ड मैनुअल, इंस्टॉलेशन वीडियो, संचालन संबंधी ट्यूटोरियल तथा अन्य डिजिटल सामग्री का भी उपयोग कराया जाएगा।

प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को एस्केलेशन मैट्रिक्स, प्रेरणा मॉड्यूल तथा विद्या समीक्षा केंद्र के माध्यम से डिजिटल संसाधनों में आने वाली तकनीकी समस्याओं के त्वरित निस्तारण की प्रक्रिया की जानकारी भी दी जा रही है। महानिदेशक स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक मोनिका रानी ने निर्देश दिए हैं कि स्मार्ट क्लास, आईसीटी लैब और अन्य डिजिटल शिक्षण संसाधनों के संचालन में किसी प्रकार की तकनीकी बाधा न आने पाए। इसके लिए विभिन्न सेवा प्रदाताओं के जिला, राज्य एवं उच्च स्तर के अधिकारियों के संपर्क विवरण उपलब्ध कराए गए हैं।

संदीप सिंह, बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) ने बताया कि विद्यालयों में स्मार्ट क्लास स्थापित करना ही नहीं, बल्कि प्रत्येक शिक्षक को डिजिटल शिक्षण में दक्ष बनाना है। प्रत्येक शिक्षक को डिजिटल शिक्षण में दक्ष बनाते हुए कक्षा शिक्षण में डिजिटल संसाधनों का अधिकतम प्रयोग कराया जाना है।

कांवड़ मार्गों पर दौड़ रहीं बाइक एंबुलेंस

मिनटों में मिल रहा उपचार, 6 प्रमुख रूटों पर 18 बाइक एंबुलेंस तैनात

विशेष संवाददाता (vol)

मेरठ। श्रावण कांवड़ यात्रा में लाखों शिवभक्तों की सुरक्षा और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए योगी सरकार और मेरठ जिला प्रशासन ने चिकित्सा व्यवस्था को हाईटेक बना दिया है। पहली बार कांवड़ मार्गों पर 18 बाइक एंबुलेंस उतारी गई हैं, जो भीड़भाड़ और संकरे रास्तों में भी कुछ ही मिनटों में कांवड़ियों तक पहुंचकर प्राथमिक उपचार उपलब्ध करा रही हैं। गंभीर स्थिति होने पर तत्काल बड़े अस्पताल तक रेफर करने की व्यवस्था भी की गई है। जिलाधिकारी डॉ. वीके सिंह के निर्देशन में स्वास्थ्य विभाग ने पूरी कांवड़ यात्रा के लिए व्यापक चिकित्सा प्रबंधन तैयार किया है।

स्वास्थ्य विभाग के अनुसार सकौती से मोहिउद्दीनपुर तक 6 बाइक एंबुलेंस तैनात की गई हैं। सलावा झाल से सिवालखास पुल तक 4 बाइक एंबुलेंस सेवाएं दे रही हैं। दयावती मोदी एकेडमी से बेगमपुल, बेगमपुल से परतापुर, बेगमपुल से लोहिया नगर सब्जी मंडी तथा हापुड़ अड्डा से माछरा रोड तक 2-2 बाइक एंबुलेंस लगातार गश्त कर रही हैं। इनका उद्देश्य किसी भी बीमार या घायल कांवड़िए तक सबसे पहले पहुंचकर उपचार उपलब्ध कराना है। कांवड़ यात्रा के दौरान कई स्थानों पर भारी भीड़ और यातायात प्रतिबंध के कारण सामान्य एंबुलेंस का पहुंचना कठिन हो जाता है। ऐसे में बाइक एंबुलेंस सबसे प्रभावी साबित हो रही हैं। प्रत्येक बाइक पर प्रशिक्षित पैरामेडिकल स्टाफ और आवश्यक जीवनरक्षक दवाइयां उपलब्ध हैं। सूचना मिलते ही टीम तत्काल मौके पर पहुंचकर प्राथमिक उपचार देती है और जरूरत पड़ने पर मरीज को एंबुलेंस के माध्यम से उच्च चिकित्सा केंद्र तक पहुंचाने की व्यवस्था करती है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रामप्रसाद ने बताया कि कांवड़ मार्गों पर 32 हेल्थ कैंप स्थापित किए गए हैं, जहां प्रशिक्षित चिकित्सक, दवाइयां, वैक्सीन कैरियर और आवश्यक चिकित्सा उपकरण उपलब्ध हैं। इसके अलावा जिले के 25 निजी अस्पतालों में भी बेड आरक्षित किए है, ताकि किसी भी आपात स्थिति में कांवड़ियों को तुरंत बेहतर उपचार मिल सके। एंटी स्नेक वेनम, डॉग बाइट इंजेक्शन समेत सभी जरूरी दवाइयों की भी पर्याप्त व्यवस्था की गई है। स्वास्थ्य विभाग की अलग टीम जिला कंट्रोल रूम से 24 घंटे निगरानी कर रही है। हेल्पलाइन पर सूचना मिलते ही संबंधित बाइक एंबुलेंस और स्वास्थ्य टीम को तत्काल मौके पर भेजा जा रहा है। इसके लिए सभी वाहनों में ईंधन और आवश्यक संसाधनों की पहले से व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। योगी सरकार के निर्देशों और जिलाधिकारी डॉ. वीके सिंह की निगरानी में तैयार की गई यह स्वास्थ्य व्यवस्था कांवड़ यात्रा में श्रद्धालुओं के लिए सुरक्षा कवच बनकर उभरी है। तेज, सुलभ और त्वरित चिकित्सा सुविधा के कारण बाइक एंबुलेंस कांवड़ियों के लिए सबसे भरोसेमंद सहारा साबित हो रही हैं।

सीएम आज अम्बेडकरनगर को देंगे 706.81 करोड़ की सौगात

विशेष संवाददाता (vol)

- गोविंद साहब से जनकल्याण योजनाओं का होगा शुभारंभ

लखनऊ/अम्बेडकरनगर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को जनपद अम्बेडकरनगर का दौरा करेंगे। अम्बेडकरनगर तहसील आलापुर अंतर्गत विकासखंड रामनगर स्थित पूर्वांचल के सुप्रसिद्ध धार्मिक एवं आध्यात्मिक पर्यटन स्थल गोविंद साहब में उनका दौरा प्रस्तावित है। इस दौरान वह विधानसभा क्षेत्र टांडा, आलापुर और जलालपुर क्षेत्रों में कुल 706.81 करोड़ रुपये की लागत वाली 194 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण तथा शिलान्यास करेंगे।

मुख्यमंत्री के इस कार्यक्रम में तीनों विधानसभा क्षेत्रों में सड़क, पेयजल, बिजली, पर्यटन, लोक निर्माण और कौशल विकास सहित अनेक विभागों की महत्वपूर्ण योजनाओं को नई गति मिलेगी। इन परियोजनाओं से स्थानीय लोगों को बेहतर सड़कें, स्वच्छ पेयजल, बिजली आपूर्ति और रोजगार के नए अवसर उपलब्ध होंगे।

टांडा विधानसभा क्षेत्र में 69 परियोजनाओं पर 217.69 करोड़ रुपये, आलापुर में 75 परियोजनाओं पर 312.18 करोड़ रुपये तथा जलालपुर में 50 परियोजनाओं पर 176.93 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। इनमें से शिलान्यास कार्यों की संख्या 36 और लागत 145.98 करोड़ रुपये है, जबकि लोकार्पण कार्यों की संख्या 158 और लागत 560.83 करोड़ रुपये है। इस दौरे से अम्बेडकरनगर में विकास का नया अध्याय शुरू होने की उम्मीद है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार लगातार पिछड़े और विकास की प्रतीक्षा कर रहे क्षेत्रों में तेज गति से कार्य कर रही है।

टांडा, आलापुर और जलालपुर जैसे क्षेत्रों में इन परियोजनाओं के पूरा होने से जनजीवन सुगम बनेगा और आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारी और बड़ी संख्या में आम नागरिक शामिल होने वाले हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जनसभा को संबोधित करेंगे तथा विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के पात्र लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र एवं प्रमाणपत्र भी वितरित करेंगे। यह दौरा न केवल भौतिक बुनियादी ढांचे को मजबूत करेगा बल्कि कौशल विकास और पर्यटन जैसे क्षेत्रों को भी नई रफ्तार देगा। मुख्यमंत्री के आगमन से क्षेत्रवासियों में उत्साह का माहौल है। योगी सरकार का लक्ष्य है कि प्रदेश के हर कोने तक विकास की किरण पहुंचे। इस कार्यक्रम के माध्यम से लोक निर्माण से लेकर कौशल विकास तक अनेक जनहित कार्यों की एक साथ शुरूआत होगी, जो अम्बेडकरनगर को प्रगति के पथ पर और आगे ले जाएगा। जिलाधिकारी ईशा प्रिया ने बताया कि मुख्यमंत्री के प्रस्तावित दौरे को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। कार्यक्रम स्थल से लेकर सुरक्षा, यातायात, पेयजल, चिकित्सा तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की लगातार समीक्षा की गई है।

पीपीपी मॉडल पर बनेंगे 18 आधुनिक बस स्टेशन, यूपीएसआरटीसी ने मांगी निविदाएं

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य के परिवहन ढांचे को आधुनिक बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए पीपीपी (पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप) मॉडल पर 18 प्रीमियम बस स्टेशनों और वाणिज्यिक परिसरों के विकास के लिए निविदाएं आमंत्रित की हैं। उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम (यूपीएसआरटीसी) के अनुसार इन परियोजनाओं में 1,100 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश की संभावना है। योजना के तहत बस स्टेशनों के साथ होटल, फूड कोर्ट, रिटेल शॉप, ऑफिस स्पेस, मल्टीप्लेक्स और अन्य व्यावसायिक सुविधाएं विकसित की जाएंगी। सरकार ने निवेशकों के लिए 90 वर्ष तक की कंसेशन अवधि का प्रावधान किया है, जिससे दीर्घकालिक निवेश को बढ़ावा मिलेगा। निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 10 अगस्त 2026 दोपहर 2 बजे निर्धारित की गई है। इच्छुक निवेशक यूपीएसआरटीसी और उत्तर प्रदेश ई-टेंडर पोर्टल से विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। फेज-2 में जिन 18 स्थानों पर परियोजनाएं प्रस्तावित हैं, उनमें अकबरपुर, अमेठी, बदायूं, भिनगा, गोंडा, बलरामपुर, बस्ती, गोला, सिधौली, माती, उन्नाव, हैदरगढ़, नहटौर, सराय अकिल, बादशाहपुर, तरवा, पीलीभीत और निचलौल शामिल हैं।

आगरा में यमुना किनारे 3.46 करोड़ से बनेगा रिवर फ्रंट पार्क

विशेष संवाददाता (vol)

- झलकारी बाई चौराहे से वेदांत मंदिर तक विकसित होगा नया 'ग्रीन जोन'
- पार्क में मिलेगा 1500 मीटर लंबा पाथवे, ओपन जिम और एम्फीथिएटर

आगरा। प्रदेश सरकार राज्य में पर्यटन, पर्यावरण संरक्षण और शहरी बुनियादी ढांचे के विकास को लेकर लगातार ऐतिहासिक कदम उठा रही है। इसी कड़ी में अब ताजनगरी में यमुना नदी के किनारों को खूबसूरत, प्रदूषण मुक्त और उपयोगी बनाने की बड़ी तैयारी शुरू हो गई है। आगरा के झलकारी बाई चौराहे से लेकर वेदांत मंदिर के पास यमुना किनारे (यमुना बैंक साइड) एक नए और भव्य पार्क का विकास किया जा रहा है। योगी सरकार की इस पहल से शहरवासियों और पर्यटकों को एक बेहतरीन और अत्याधुनिक 'ग्रीन जोन' की सौगात मिलेगी। इस महत्वाकांक्षी परियोजना का शिलान्यास मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 25 जुलाई 2026 को किया था।

यमुना किनारे की तस्वीर बदलने वाली इस महत्वाकांक्षी परियोजना को 'अमृत 2.0' योजना के अंतर्गत विकसित किया जा रहा है, जिस पर 3.46 करोड़ रुपये की लागत आएगी। इस बड़ी धनराशि का उपयोग अविकसित और कचरायुक्त क्षेत्र को एक व्यवस्थित, हरे-भरे और आधुनिक सुविधाओं वाले पार्क में तब्दील करने के लिए किया जाएगा। योजना के तहत यहां 1500 मीटर लंबा और 1.5 मीटर चौड़ा सुंदर पाथवे, 200 वर्ग मीटर में ओपन जिम, फाउंटेन, आकर्षक लाइटिंग और बैठने के लिए बेंच की व्यवस्था की जाएगी। इसके अलावा छोटे सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए 300 वर्ग मीटर में 100-150 लोगों की क्षमता वाला एक 'ओपन-एयर एम्फीथिएटर' भी बनेगा, जिसे लाल बलुआ पत्थर की सीटों के साथ डिजाइन किया गया है। पर्यटकों की सुविधा के लिए 200 वाहनों की कार पार्किंग और 1500 मीटर क्षेत्र में मजबूत फेंसिंग भी की जाएगी। सरकार नदियों के संरक्षण (रिवर फ्रंट डेवलपमेंट) पर विशेष जोर दे रही है। साइट पर मौजूद कचरे को हटाकर औपचारिक लैंडफिल में भेजा जाएगा और प्रदूषित क्षेत्र को 'फाइटोरेमेडिएशन' प्रजातियों से आच्छादित किया जाएगा। दृश्य को बेहतर बनाने के लिए ताजमहल की ओर 'विजुअल कॉरिडोर' खुले छोड़े गए हैं। पर्यावरण को शुद्ध करने के लिए कैसिया बाइफ्लोरा, बोगनवेलिया, नेरियम ओलियंडर, पाम और बेबी गोल्डन जैसी प्रजातियों का सघन पौधरोपण किया जाएगा।

उच्च शिक्षा संस्थानों में स्थापित होंगी 'भारतीय ज्ञान परंपरा संवर्धन शोधपीठ'

50 वर्ष पुराने विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों को मिलेगा अवसर, 5,000 से अधिक छात्र संख्या वाले संस्थान होंगे पात्र

विशेष संवाददाता (vol)

- प्रत्येक शोधपीठ को 5 वर्षों के लिए 2 करोड़ रुपये का एकमुश्त अनुदान, एफडी के ब्याज से होगा शोधपीठों का नियमित संचालन
- दुर्लभ पांडुलिपियों एवं ग्रंथों का होगा डिजिटलीकरण

लखनऊ। योगी सरकार भारतीय ज्ञान परंपरा को उच्च शिक्षा के मुख्य प्रवाह में स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाने जा रही है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप राज्य सरकार ने विश्वविद्यालयों तथा राजकीय एवं अशासकीय सहायता प्राप्त महाविद्यालयों में भारतीय ज्ञान परंपरा संवर्धन शोधपीठ की स्थापना के लिए विस्तृत नीति और दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं।

प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने बताया कि इस योजना का उद्देश्य भारत की प्राचीन ज्ञान परंपरा, दर्शन, विज्ञान, संस्कृति और बौद्धिक विरासत को आधुनिक शिक्षा प्रणाली से जोड़ना है। उन्होंने कहा कि योगी सरकार चाहती है कि नई पीढ़ी केवल आधुनिक शिक्षा तक सीमित न रहे, बल्कि भारतीय ज्ञान-विज्ञान, दर्शन और सांस्कृतिक मूल्यों को भी समझे तथा उन पर शोध कर विश्व स्तर पर नई पहचान स्थापित करे।

उच्च शिक्षा मंत्री ने बताया कि शोधपीठों की स्थापना के लिए स्पष्ट पात्रता मानक निर्धारित किए गए हैं। केवल वे विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय आवेदन कर सकेंगे, जिनकी स्थापना को कम से कम 50 वर्ष पूरे हो चुके हों। इसके साथ ही संस्थान में वर्तमान छात्र संख्या 5,000 से अधिक होना आवश्यक होगा तथा यूजीसी अधिनियम, 1956 की धारा 2(एफ) एवं 12 (बी) के अंतर्गत मान्यता प्राप्त होना अनिवार्य होगा।

योगी सरकार प्रत्येक चयनित शोधपीठ को पांच वर्षों के लिए 2 करोड़ रुपए का एकमुश्त अनुदान उपलब्ध कराएगी। यह धनराशि सावधि जमा (एफडी) के रूप में सुरक्षित रखी जाएगी तथा उससे प्राप्त ब्याज का उपयोग शोधपीठ के नियमित संचालन, शोध गतिविधियों और अन्य शैक्षणिक कार्यक्रमों में किया जाएगा।

शोधपीठों को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर), दान एवं अन्य वैधानिक स्रोतों से भी संसाधन जुटाए जा सकेंगे। पांच वर्ष की अवधि पूर्ण होने पर शोधपीठों के कार्यों की समीक्षा कर आगे विस्तार का निर्णय लिया जाएगा। इन शोधपीठों के माध्यम से पीएचडी, पोस्ट-डॉक्टरेट तथा स्नातक एवं परास्नातक स्तर के शोधार्थियों को शोध अनुदान एवं शैक्षणिक सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। योजना के अंतर्गत शोध पुस्तकों, अनुवादों और समीक्षात्मक संस्करणों का प्रकाशन अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप ISBN व DOI के साथ कराया जाएगा। साथ ही दुर्लभ पांडुलिपियों, प्राचीन ग्रंथों एवं शोध सामग्री का डिजिटलीकरण कर उनका स्थायी संरक्षण किया जाएगा। शोध निष्कर्षों को ओपन-एक्सेस डिजिटल लाइब्रेरी तथा मॉक्स प्लेटफॉर्म के माध्यम से देश-दुनिया के विद्यार्थियों एवं शोधकर्ताओं तक पहुंचाया जाएगा।

योजना के सफल संचालन के लिए प्रत्येक संस्थान में कुलपति अथवा प्राचार्य की अध्यक्षता में संचालन समिति गठित की जाएगी। समिति में विषय विशेषज्ञ, वित्त अधिकारी एवं बाह्य विशेषज्ञ शामिल होंगे। शोधपीठ के संचालन के लिए निदेशक/चेयर प्रोफेसर, शोध सहायक, शोध फैलो तथा डिजिटल एवं आईटी विशेषज्ञों की नियुक्ति की जाएगी। शोधपीठों के चयन के लिए निदेशक, उच्च शिक्षा, प्रयागराज की अध्यक्षता में गठित पांच सदस्यीय समिति सभी प्रस्तावों का परीक्षण कर शासन को संस्तुति भेजेगी। स्वीकृति के बाद ही बजट आवंटित किया जाएगा।

हर विकासखंड में तैयार होंगे मास्टर ट्रेनर

लखनऊ। योग

संक्षेप

दुर्घटना में युवक की मौत पर केस दर्ज

प्रतापगढ़। दुर्घटना में युवक की मौत को लेकर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। अंतू थाना क्षेत्र के आशापुर दुबेपुर गांव निवासी राजनाथ वर्मा पुत्र संतराम वर्मा ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती तीन अगस्त की शाम करीब साढ़े सात बजे उसका पुत्र सोनी लाल वर्मा बाइक से अपनी ससुराल जगदीशपुर लालगंज जा रहा था। कोतवाली लालगंज क्षेत्र के अझारा स्थित पं. नागेशदत्त पब्लिक स्कूल के समीप सड़क पर बैठे मवेशियों से बाइक टकरा गयी। दुर्घटना में सोनी लाल गंभीर रूप से घायल हो गया। इलाज के लिए ट्रामा सेंटर ले जाने पर चिकित्सकों ने सोनीलाल को मृत घोषित कर दिया। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

महिला ने सरेराह पति को पीटा

प्रतापगढ़। पति पत्नी के विवाद में पत्नी ने सरेराह पति की जमकर पिटाई कर दी। घटना के दौरान मौके पर तमाशबीनों का मजमा लग गया। लालगंज कोतवाली के रानीगंज कैथौला बाजार में गुरूवार को अचानक एक महिला ने सरेराह पति की चप्पलों से पिटाई शुरू कर दी। महिला के हाथों पति को पिटते देख तमाशबीनों का मजमा लग गया। घटना को लेकर प्रत्यक्षदर्शियों में चर्चा रही कि पत्नी पति के शराब के लती होने व परिवार की उपेक्षा करने से परेशान थी। करीब बीस वर्ष से पति शराब पीकर आये दिन घर में विवाद करता रहता है। बाजार में भी दोनों में इसे लेकर विवाद होने पर महिला ने आपा खो दिया और पति की पिटाई कर दी। घटना का किसी ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। पति की पिटाई करने के बाद महिला उसे पकड़कर पुलिस चौकी की ओर ले गयी। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

मारपीट और गाली-गलौज के मामले में दो दोषियों को सजा

श्रावस्ती। ऑपरेशन कनविक्शन अभियान के तहत श्रावस्ती पुलिस की प्रभावी पैरवी के चलते मारपीट और गाली-गलौज के एक पुराने मामले में दो आरोपियों को न्यायालय ने दोषी करार देते हुए सजा सुनाई है।

थाना सिरसिया में वर्ष 2017 में दर्ज एनसीआर संख्या 97/2017, धारा 323 और 504 भारतीय दंड संहिता के मामले में अभियुक्त जगतराम पुत्र बुद्धू उर्फ बुधराम तथा अंगनू प्रसाद पुत्र रामगोपाल, निवासी जोखवा बाजार, थाना सिरसिया, को न्यायालय में दोषी पाया गया।

पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी के निर्देशन में ऑपरेशन कनविक्शन के तहत मामले की प्रभावी पैरवी की गई। इसके बाद माननीय न्यायिक मजिस्ट्रेट (खट) दिलीप कुमार साहनी की अदालत ने दोनों अभियुक्तों को न्यायालय उठने तक के कारावास की सजा सुनाई। साथ ही प्रत्येक पर 1,000 रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया।

श्रावस्ती पुलिस ने बताया कि अपराधियों को सजा दिलाने के लिए ऑपरेशन कनविक्शन अभियान के तहत लंबित मामलों में लगातार प्रभावी पैरवी की जा रही है।

मौत के बाद भी इलाज का आरोप

बिना रजिस्ट्रेशन अस्पताल सील, 50 हजार की वसूली का दावा



सिद्धार्थनगर- जिले के एक निजी अस्पताल में महिला की मौत के बाद भी इलाज जारी रखने और परिजनों से करीब 50 हजार रुपये वसूलने के आरोप ने स्वास्थ्य व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। मामले की जांच में अस्पताल का वैध पंजीकरण नहीं मिलने पर स्वास्थ्य विभाग ने अस्पताल को तत्काल सील कर दिया है। पूरे प्रकरण की जांच जारी है। जानकारी के अनुसार, महाराजगंज जिले के बृजमनगंज थाना क्षेत्र के हाता बेला हरैया टोला शेखपुर निवासी 68 वर्षीय हेमवती, पत्नी राजकिशोर, को पैर में अचानक तेज दर्द होने पर परिजन सिद्धार्थनगर स्थित माधव प्रसाद त्रिपाठी मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे थे। वहां से हालत में सुधार न होने पर उन्हें एक हड्डी रोग विशेषज्ञ के अस्पताल ले जाने के लिए निजी एंबुलेंस बुलाई गई। मृतका के बेटे रामानंद का आरोप है कि एंबुलेंस चालक उन्हें बताए गए अस्पताल में ले जाने के बजाय सीधे साड़ी तिराहा स्थित रचित हॉस्पिटल ले गया, जहां महिला को भर्ती कर इलाज शुरू कर दिया गया। परिजनों का कहना है कि इलाज के नाम पर पूरे दिन करीब 50 हजार रुपये लिए गए, जबकि मरीज की हालत लगातार बिगड़ती रही। रामानंद के अनुसार, जब उन्होंने दूसरे अस्पताल के लिए एंबुलेंस बुलवाई तो चालक ने महिला को देखकर बताया कि उनकी पहले ही मौत हो चुकी थी। आरोप है कि इसके बावजूद अस्पताल प्रशासन इलाज जारी होने का दावा करता रहा और पैसे लेता रहा। घटना से आक्रोशित परिजनों ने अस्पताल में हंगामा किया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को शांत कराया। परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया। पुलिस का कहना है कि तहरीर मिलने पर जांच के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

जांच में बिना रजिस्ट्रेशन मिला अस्पताल

डिप्टी सीएमओ मानवेंद्र पाल ने बताया कि जांच के दौरान रचित हॉस्पिटल का कोई वैध पंजीकरण नहीं मिला। इसके बाद अस्पताल को तत्काल बंद करा दिया गया। उन्होंने कहा कि विस्तृत जांच की जा रही है और यदि बिना पंजीकरण अस्पताल संचालन तथा अन्य अनियमितताएं साबित होती हैं तो संचालकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। घटना के बाद निजी एंबुलेंस नेटवर्क और कथित कमीशनखोरी को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि कुछ एंबुलेंस चालक मरीजों को तय निजी अस्पतालों में पहुंचाने के बदले कमीशन लेते हैं। हालांकि, इन आरोपों की अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है और जांच जारी है। जांच में यह भी देखा जा रहा है कि मेडिकल कॉलेज से मरीज के रेफरल की प्रक्रिया क्या थी, मरीज को बताए गए अस्पताल के बजाय दूसरे अस्पताल क्यों ले जाया गया और बिना पंजीकरण अस्पताल कब से संचालित हो रहा था।

गोंडा में खिलाड़ियों से भरी बस पलटी, सात घायल

गोंडा । जिले में बृहस्पतिवार को 41 खिलाड़ियों को लेकर लौट रही एक बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। इस हादसे में सात खिलाड़ी मामूली रूप से घायल हो गए।

नवाबगंज थाना के प्रभारी अभय सिंह ने बताया कि पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह के अदालत से बरी होने के उपलक्ष्य में नंदिनी नगर महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के बाद गोंडा स्थित एक स्पोर्ट्स स्टेडियम के 41 खिलाड़ी बस से वापस लौट रहे थे।

उन्होंने बताया कि शाम करीब चार बजे गोंडा-अयोध्या मार्ग पर नंदिनी शूटिंग रेंज के निकट बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। हादसे के बाद पुलिस और स्थानीय लोगों ने बस का शीशा तोड़कर सभी को सुरक्षित बाहर निकाला। उन्होंने बताया कि हादसे में विकास यादव (18), सतीश मौर्य (22), शिवकुमार (22), शिवा सिंह (19), चंदन गुप्ता (17), अमरनाथ (17) सहित सात खिलाड़ियों को मामूली चोटें आईं।

मिठवल के जीवा गांव में विकास कार्यों में गड़बड़ी, डीएम का सख्त एक्शन

सिद्धार्थनगर। मिठवल विकासखंड की ग्राम पंचायत जीवा में विकास कार्यों में मिली वित्तीय और तकनीकी अनियमितताओं पर जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने सख्त कार्रवाई की है। जांच में गड़बड़ियों की पुष्टि होने के बाद तत्कालीन ग्राम प्रधान, सचिव और संबंधित तकनीकी कर्मियों के विरुद्ध वसूली, भुगतान में कटौती, विभागीय कार्रवाई तथा चेतावनी के आदेश जारी किए गए हैं। कार्रवाई



उत्तर प्रदेश पंचायत राज अधिनियम-1947 की धारा-95 के तहत हुई जांच के आधार पर की गई। मामले की शुरूआत ग्राम पंचायत जीवा निवासी नीरज कुमार पांडेय की शिकायत से हुई थी। प्रारंभिक जांच जिला विकास अधिकारी द्वारा कराई गई, जिसमें कई विकास कार्यों में वित्तीय और तकनीकी अनियमितताएं सामने आईं। इसके बाद तत्कालीन ग्राम प्रधान और सचिव से कारण बताओ नोटिस के माध्यम से स्पष्टीकरण मांगा गया। जिलाधिकारी ने जांच रिपोर्ट, उपलब्ध अभिलेखों और प्राप्त स्पष्टीकरण का परीक्षण करने के बाद अंतिम आदेश जारी किया। सीसी रोड निर्माण कार्य गुणवत्ता मानकों के अनुरूप न मिलने पर संबंधित परियोजना के शेष भुगतान से 66,218 रुपये की कटौती कर भुगतान करने के निर्देश कार्यक्रम अधिकारी, मिठवल को दिए गए हैं। खड़ंजा निर्माण कार्य में निर्धारित माप से कम कार्य तथा अतिरिक्त भुगतान की पुष्टि होने पर 43,200 रुपये की अतिरिक्त भुगतान राशि का 50 प्रतिशत तत्कालीन ग्राम प्रधान नीरा देवी से वसूलने का आदेश दिया गया है। आदेश में कहा गया है कि तीन माह के भीतर राशि जमा न होने पर इसकी वसूली भू-राजस्व की भांति की जाएगी। इसके अलावा ओपन जिम निर्माण कार्य में 22 वर्गमीटर इंटरलॉकिंग कम पाए जाने पर संबंधित परियोजना के शेष भुगतान से 27,000 रुपये की कटौती करने के निर्देश सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) को दिए गए हैं। जिलाधिकारी ने मामले में संबंधित सचिव के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई शुरू करने तथा तत्कालीन कंसल्टिंग इंजीनियर को चेतावनी जारी करने के भी निर्देश दिए हैं। प्रशासन की इस कार्रवाई को ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों की गुणवत्ता और वित्तीय पारदर्शिता सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

32वीं राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस की जिला स्तरीय कार्यशाला सम्पन्न

वैज्ञानिक सोच और नवाचार पर दिया गया विशेष बल



इकौना (श्रावस्ती)। 32वीं राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस के अंतर्गत जिला स्तरीय एकदिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन कटरा स्थित जगतजीत इंटर कॉलेज, इकौना में प्रधानाचार्य राम बिहारी वाजपेई की अध्यक्षता में गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक श्रावस्ती डॉ. सत्येंद्र कुमार सिंह ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया। मुख्य अतिथि डॉ. सत्येंद्र कुमार सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस देश की एक महत्वपूर्ण एवं अभिनव वैज्ञानिक गतिविधि है, जिसका यह 32वाँ संस्करण आयोजित किया जा रहा है। इस मंच के माध्यम से विद्यार्थियों में सीखने की जिज्ञासा, समूह में कार्य करने की क्षमता तथा वैज्ञानिक दृष्टिकोण का विकास होता है। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम बच्चों को अपने आसपास के संसाधनों, परिवेश, पर्यावरण एवं स्थानीय समस्याओं से जोड़ते हुए विज्ञान आधारित समाधान खोजने के लिए प्रेरित करता है। इससे विद्यार्थियों में शोधपरक सोच, तार्किक विश्लेषण तथा नवाचार की भावना विकसित होती है। कार्यशाला को संबोधित करते हुए जिला समन्वयक संतोष कुमार पांडे ने बताया कि इस वर्ष राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस का मुख्य विषय सतत विकास के लिए विज्ञान एवं नवाचार निर्धारित किया गया है। इसके अंतर्गत अपशिष्ट प्रबंधन, ऊर्जा संरक्षण, वर्षा जल संचयन, जल का समुचित उपयोग एवं संरक्षण, खाद्य, कृषि एवं स्वास्थ्य तथा सतत विकास हेतु भारतीय ज्ञान प्रणाली का अनुप्रयोग जैसे महत्वपूर्ण उप-विषयों पर बाल वैज्ञानिक अपने शोध प्रकल्प प्रस्तुत करेंगे। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में 10 से 14 वर्ष आयु वर्ग के विद्यार्थी जूनियर तथा 14 से 17 वर्ष आयु वर्ग के विद्यार्थी सीनियर श्रेणी में प्रतिभाग कर सकते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रधानाचार्य राम बिहारी वाजपेई ने कहा कि राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेश की स्थापना वर्ष 1987 में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने, विद्यार्थियों की जिज्ञासा को प्रोत्साहित करने तथा वैज्ञानिक कार्यप्रणाली के प्रति गहन समझ विकसित करने के उद्देश्य से की गई थी। यह अभियान विद्यार्थियों को समाजोपयोगी अनुसंधान एवं नवाचार की दिशा में प्रेरित कर राष्ट्र निर्माण में सहभागी बनने का अवसर प्रदान करता है। कार्यशाला में प्रतिभागी शिक्षकों को राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस की कार्यप्रणाली, परियोजना निर्माण, शोध विषयों के चयन तथा प्रस्तुतीकरण से संबंधित विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। वक्ताओं ने शिक्षकों से विद्यार्थियों को स्थानीय समस्याओं पर आधारित शोध परियोजनाओं के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया, जिससे विज्ञान शिक्षा को व्यवहारिक एवं समाजोपयोगी स्वरूप मिल सके।

इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. धर्मेंद्र गुप्ता, ज्योति प्रकाश पांडे, पवन कुमार सिंह बोध, ओम प्रकाश यादव, गिरीश प्रसाद मिश्रा, डॉ. अनिल त्रिपाठी, अनिल त्रिपाठी, सुधीर कुमार पांडे, तौकीर अहमद, निकिता वर्मा, पारुल मिश्रा, उदय भान पांडे, हनुमान प्रसाद सहित बड़ी संख्या में शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं।

मामला केवल गुड टच और बैड टच तक सीमित था : बृजभूषण

गोंडा। भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष और भारतीय जनता पार्टी के नेता बृजभूषण शरण सिंह ने बृहस्पतिवार को अपने खिलाफ लगाए गए यौन उत्पीड़न के आरोपों को राजनीति से प्रेरित बताते हुए कहा कि पहलवानों से जुड़ा मामला केवल गुड टच और बैड टच तक सीमित था और इससे अधिक कुछ नहीं था। जिले के नंदिनी नगर महाविद्यालय में आयोजित सत्यमेव जयते सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए सिंह ने कहा कि मैंने किसी की साड़ी खींचने का काम नहीं किया। मेडल पहनाते समय छुआ जाने यानी टच हो जाने पर तूफान खड़ा कर दिया गया। मेरे खिलाफ लगाया गया आरोप राजनीति से प्रेरित है। यदि मैं इस प्रकरण में झुक जाता तो मामला खत्म हो जाता, लेकिन मेरे किरदार का कत्ल हो जाता। भारतीय जनता पार्टी के पूर्व सांसद ने दावा किया कि दुनिया में यौन उत्पीड़न के किसी मामले को लेकर इतना बड़ा आंदोलन कभी नहीं हुआ होगा। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ भी ऐसा आंदोलन नहीं हुआ और दुनिया के किसी भी बलात्कार के आरोपी के खिलाफ भी इस तरह का आंदोलन नहीं हुआ।

उन्होंने कहा कि विवादों से उनका पुराना नाता रहा है और कई बार बिना वजह उनका नाम विवादों में घसीटा जाता है। उन्होंने कहा कि संतों की कृपा मेरे ऊपर रहती है, इसलिए मैं हर संकट से बच जाता हूं। महिला पहलवानों द्वारा लगाए गए यौन उत्पीड़न मामले में गत तीन अगस्त को दिल्ली की अदालत से बरी होने के बाद भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व अध्यक्ष और बृजभूषण शरण सिंह के बृहस्पतिवार को पहली बार अपने गृह जनपद पहुंचने पर समर्थकों ने उनका जोरदार स्वागत किया। विशेष विमान से अयोध्या के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा पहुंचने पर उनके समर्थकों ने ढोल-नगाड़ों और गाजे-बाजे के साथ उनका स्वागत किया। हवाई अड्डे से लेकर शहर के विभिन्न रास्तों पर स्वागत द्वार बनाये गये और समर्थकों ने जेसीबी मशीनों की मदद से उन पर फूल बरसाए।

नकली शराब का बड़ा खुलासा

32 हजार से अधिक नकली ढक्कन, 12 हजार बारकोड बरामद



सिद्धार्थनगर। जिले में अंग्रेजी शराब के नाम पर चल रहे एक बड़े संगठित फजीर्वाड़े का बांसी पुलिस, एसओजी, सर्विलांस सेल और आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने पदार्फाश किया है। जांच में सामने आया है कि गिरोह पिछले चार से पांच वर्षों से असली अंग्रेजी शराब की बोतलों में मिलावट कर उन्हें दोबारा सील कर बाजार में बेच रहा था। पुलिस ने 5 अगस्त को दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है, जबकि पूरे नेटवर्क की जांच जारी है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन ने बताया कि मुख्य आरोपी बलराम जायसवाल कोतवाली बांसी क्षेत्र के सुभाष नगर, कोइलहवा स्थित किराये के मकान में रहकर नकली शराब तैयार करने और उसकी सप्लाई का नेटवर्क संचालित कर रहा था। छापेमारी के दौरान पुलिस ने 32,472 नकली ढक्कन, 12,740 नकली बारकोड (सीलरैपर), विभिन्न ब्रांडों की 16 बोतल मिलावटी अंग्रेजी शराब, इलेक्ट्रॉनिक वेट मशीन, ढक्कन खोलने के उपकरण तथा एक मोटरसाइकिल बरामद की। जांच में यह भी सामने आया कि डुमरियागंज की सरकारी अंग्रेजी शराब की दुकान का मुंशी प्रदीप कुमार भी इस गिरोह में शामिल था। उसे भी गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस अब इस बात की जांच कर रही है कि मिलावटी शराब किन-किन दुकानों तक पहुंचाई जाती थी और इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोग कौन हैं। पुलिस के अनुसार आरोपी पहले नई और सीलबंद अंग्रेजी शराब की बोतलों को सावधानी से खोलते थे। इसके बाद उनमें से कुछ मात्रा में असली शराब निकालकर उसकी जगह पानी, चीनी और शराब का मिश्रण भर दिया जाता था। फिर बोतलों को नकली ढक्कन और नकली बारकोड लगाकर दोबारा इस तरह सील किया जाता था कि वे बिल्कुल असली प्रतीत हों। बाद में इन्हें ग्राहकों को असली ब्रांड की शराब बताकर बेच दिया जाता था, जिससे गिरोह लाखों रुपये का अवैध मुनाफा कमा रहा था। पूछताछ में बलराम जायसवाल ने बताया कि नकली ढक्कन और बारकोड ट्रांसपोर्ट के माध्यम से मंगवाए जाते थे। इसके बाद इन्हें सिद्धार्थनगर, आसपास के जिलों और नेपाल सीमा से सटे क्षेत्रों की शराब दुकानों तक पहुंचाया जाता था। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि इतनी बड़ी संख्या में नकली ढक्कन और बारकोड कहां तैयार किए जाते थे, मुख्य सप्लायर कौन था और यह नेटवर्क किन-किन जिलों तथा नेपाल सीमा तक फैला हुआ था। आबकारी विभाग ने संबंधित शराब दुकान को सील कर उसका लाइसेंस निरस्त करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस सफल कार्रवाई के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने संयुक्त टीम को 20 हजार रुपये के नकद पुरस्कार से सम्मानित करने की घोषणा की है।

बारिश से हुए जलजमाव से बढ़ी परेशानी



प्रतापगढ़। तहसील क्षेत्र में बीते दो दिनों से रूक रूक कर हो रही बारिश के चलते हुए जलजमाव से गुरूवार को लोग हलाकान दिखे। गुरूवार को भी सुबह से शुरू हुई बारिश रूक रूक कर दोपहर तक होती रही। इसके चलते तहसील परिसर, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, विद्युत उपकेन्द्र समेत कई वार्डो में भी जगह जगह जलजमाव हो गया। तहसील में जलजमाव के चलते अधिवक्ताओं, वादकारियों, के साथ ही राजस्वकर्मियों में भी खासी परेशानी बनी दिखी। वादकारियों तथा आम फरियादियो को पानी में एसडीएम तथा तहसीलदार कोर्ट व प्रशासनिक दफ्तरों में पहुंचने के लिए कठिनाईयों से गुजरते देखा गया। वहीं जलेशरगंज मार्ग, नेताजीपुरम वार्ड, बाजार खास, शीतलमऊ आदि क्षेत्र में कई जगह जलजमाव की स्थिति बनी देखी गयी। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र परिसर में भी जलजमाव होने से मरीजों तथा तीमारदारों को हलाकान होते देखा गया।

घुइसरनाथ धाम में जलाभिषेक कर मांगा आशीर्वाद



प्रतापगढ़। पौराणिक शिवालय बाबा घुइसरनाथ धाम में सावन माह को लेकर श्रद्धालुओं की भीड़ दर्शन पूजन को पहुंच रही है। गुरूवार को भी बारिश के बावजूद बड़ी संख्या में धाम पहुंचकर श्रद्धालुओं ने बाबा का जलाभिषेक कर सुख समृद्धि का आशीर्वाद मांगा। वही धाम मे श्रद्धालु गर्भगृह की परिक्रमा कर परिवार के सुख समृद्धि की कामना करते दिखे। सावन माह के चलते गर्भगृह में रूद्राभिषेक वर्जित होने से बड़ी संख्या में श्रद्धालु गर्भगृह के बाहर परिक्रमा परिसर के आसपास रूद्राभिषेक व ऊँ नमः शिवाय जाप में रमे दिखे। महन्त मयंक भाल गिरि ने बताया कि सावन का पवित्र माह देवाधिदेव महादेव को अत्यधिक प्रिय है। इस माह में भोलेनाथ का दर्शन पूजन, रूद्राभिषेक, दान आदि करने से कई गुना अधिक पुण्य की प्राप्ति होती है।

अनुदान पर बीज व निःशुल्क मिनीकिट पाने का सुनहरा अवसर

श्रावस्ती। जनपद के किसानों के लिए रबी सत्र 2026-27 में गेहूं, जौ, चना, मटर, मसूर, राई/सरसों, अलसी एवं तोरिया के बीज अनुदान पर तथा निःशुल्क बीज मिनीकिट प्राप्त करने का सुनहरा अवसर उपलब्ध कराया गया है। जिला कृषि अधिकारी उमेश कुमार गुप्ता ने किसानों से समय रहते बुकिंग कराने की अपील की है। उन्होंने बताया कि प्रथम चरण की बुकिंग शुरू हो गई है 16 अगस्त 2026 तक चलेगी, जबकि 17 अगस्त 2026 को ई-लॉटरी के माध्यम से लाभार्थियों का चयन किया जाएगा। किसान कृषि विभाग की वेबसाइट के माध्यम से स्वयं ऑनलाइन बुकिंग कर सकते हैं। इसके अलावा अपने निकटतम राजकीय कृषि बीज भंडार पर जाकर भी बुकिंग कराई जा सकती है। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि प्रथम चरण के बाद द्वितीय एवं तृतीय चरण की बुकिंग सात-सात दिन के अंतराल पर खोली जाएगी। प्रत्येक चरण में सोमवार से बुधवार तक बुकिंग, गुरुवार को ई-लॉटरी तथा शुक्रवार से रविवार तक पुनः बुकिंग की व्यवस्था रहेगी। इसके बाद अगले सोमवार को फिर ई-लॉटरी आयोजित की जाएगी।

मिश्रौलिया में दो घरों से लाखों के जेवर पार ग्रामीणों ने उठाए रात्रि गश्त पर सवाल



सिद्धार्थनगर। मिश्रौलिया थाना क्षेत्र में चोरों ने आठ दिन के भीतर दूसरी बड़ी वारदात को अंजाम देकर पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। गुरुवार रात तीवर गांव में अज्ञात चोरों ने दो घरों में घुसकर लाखों रुपये के सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर लिए। घटना की सूचना पर पुलिस और फोरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए और जांच शुरू कर दी है। पीड़ित अमरेश शुक्ल के अनुसार, 6 अगस्त की रात परिवार के सभी सदस्य घर में सो रहे थे। इसी दौरान चोर पीछे का दरवाजा तोड़कर घर में घुस गए और अलमारी का ताला खोलकर दो हार, तीन सिकड़ी, तीन झुमकी, तीन मंगलसूत्र, चार कंगन, पांच बाली, आठ अंगूठियां, पांच जोड़ी चांदी की पायल तथा चांदी के सिक्कों सहित लाखों रुपये के जेवरात चोरी कर ले गए। वारदात के बाद चोर पड़ोसी रिंकू साहनी के घर पहुंचे। वहां पीछे की ओर से दीवार के सहारे छत पर चढ़कर घर में दाखिल हुए और लाखों रुपये के जेवरात लेकर फरार हो गए। सुबह जब परिवार के लोगों की नींद खुली तो घरों में सामान बिखरा पड़ा था और अलमारियां खुली मिलीं। सूचना मिलते ही ग्रामीणों की भीड़ घटनास्थल पर जुट गई। यह घटना 29 जुलाई को निहलवा गांव में हुई चोरी की वारदात के ठीक आठ दिन बाद हुई है। उस मामले में भी घर में घुसकर नकदी और जेवरात चोरी किए गए थे। लगातार दूसरी बड़ी घटना से ग्रामीणों में दहशत और नाराजगी है। उनका कहना है कि पहली घटना के बाद यदि पुलिस ने प्रभावी रात्रि गश्त और संदिग्ध लोगों पर निगरानी बढ़ाई होती तो दूसरी वारदात रोकी जा सकती थी। घटना की सूचना पर मिश्रौलिया पुलिस और फोरेंसिक टीम ने मौके का निरीक्षण किया। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। फोरेंसिक टीम ने साक्ष्य एकत्र किए हैं और सभी पहलुओं पर गंभीरता से जांच की जा रही है। पुलिस ने जल्द ही घटना का खुलासा कर आरोपियों की गिरफ्तारी का दावा किया है।

डीएम ने पर्यावरण संरक्षण पर दिखायी सख्ती

बूढ़ी राप्ती के पुनरूद्धार से लेकर सिंगल यूज प्लास्टिक पर कड़े निर्देश

जिला संवाददाता



श्रावस्ती। जनपद में पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता एवं प्राकृतिक संसाधनों के संवर्धन को नई गति देने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला पर्यावरण समिति एवं जिला गंगा संरक्षण समिति की महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में पूर्व में लिए गए निर्णयों की विस्तृत समीक्षा करते हुए पर्यावरणीय चुनौतियों के प्रभावी समाधान हेतु संबंधित विभागों को समयबद्ध एवं परिणामोन्मुख कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने नमामि गंगे योजना के अंतर्गत संचालित कार्यों की गहन समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत लगाए गए पौधों का अद्यतन विवरण सभी विभाग शीघ्र उपलब्ध कराएं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि केवल पौधरोपण ही नहीं, बल्कि उनके संरक्षण एवं संवर्धन की भी समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

जिलाधिकारी ने जनपद में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन को प्रभावी बनाने के निर्देश देते हुए कहा कि कचरे का स्रोत स्तर पर ही पृथक्करण किया जाए तथा गीले एवं सूखे कचरे के वैज्ञानिक उपचार एवं सुरक्षित निस्तारण की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने प्लास्टिक अपशिष्ट के डोर-टू-डोर संग्रहण को और अधिक प्रभावी बनाने, सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लागू कराने तथा सभी विभागीय परिसरों को सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त घोषित करने के लिए ठोस कार्ययोजना तैयार कर तत्काल अमल में लाने के निर्देश दिए।

बैठक में जिलाधिकारी ने चिकित्सालयों से निकलने वाले बायो मेडिकल वेस्ट के सुरक्षित निस्तारण, ई-वेस्ट के वैज्ञानिक संग्रहण एवं प्रबंधन, तथा जनपद में प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों के विरुद्ध प्रभावी अभियान चलाकर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। साथ ही विद्यालयों में विद्यार्थियों को ठोस अपशिष्ट प्रबंधन एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने पर विशेष बल दिया। पर्यावरणीय संतुलन को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से बैठक में प्राकृतिक एवं जैविक खेती को प्रोत्साहन, सीवरेज ट्रीटमेंट इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास, छोटे तालाबों के संरक्षण एवं पुनर्जीवन, तथा बूढ़ी राप्ती नदी के पुनरोद्धार जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर गंभीर विचार-विमर्श हुआ। जिलाधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि बूढ़ी राप्ती नदी के संरक्षण एवं पुनर्जीवन हेतु प्रभावी एवं स्थायी कार्ययोजना तैयार कर समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि नदी की प्राकृतिक धारा एवं पारिस्थितिकी तंत्र को सुरक्षित रखा जा सके। बैठक का संचालन प्रभागीय वनाधिकारी धनराज मीना ने किया।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी शाहिद अहमद, जिला विकास अधिकारी रामसमुझ, उप कृषि निदेशक रामाश्रय यादव, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. सुनील कुमार सिंह, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद भिनगा डॉ. अनीता शुक्ला सहित विभिन्न विभागों के संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

उत्तर रेलवे

ई–निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता (ईएनएचएम एण्ड डीएम) लखनऊ के द्वारा **ई–टेंडर संख्या 84-EnHM-CAMC-HAHW-03-IQN** के अंतर्गत एकल निविदा आमंत्रित की जाती हैं। जिसके बंद होने की तिथि व समय **26.08.2026, 15:00 बजे** तक है और उसी दिन **15:30 बजे** वेबसाइट पर खोला जाएगा। बोली लगाने वाले अपनी मूल या संशोधित बोलियां सिर्फ समाप्ति दिनांक एवं समय तक ही जमा कर पाएंगे। इस टेंडर के अन्तर्गत मैनुअल ऑफर स्वीकार्य नहीं होंगे तथा मैनुअल ऑफर मिलने पर उसे नज़रअंदाज़ कर दिया जाएगा। इस टेंडर से संबंधित अन्य जानकारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। टेंडरर ध्यान दें कि निविदा मूल्य या ईएमडी का भुगतान IREPS पोर्टल पर उपलब्ध ऑनलाइन माध्यम जैसे नेट बैंकिंग, डेबिट/क्रेडिट कार्ड इत्यादि तरीकों से करना होगा। डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर चेक, कैश डिपॉजिट रसीद वगैरह के ज़रिए मैनुअल/ऑफलाइन पेमेंट की अनुमति नहीं है।

कार्य का नाम	कम्प्रिहेन्सिव एनुअल मेण्टेनेंस काण्ट्रेक्ट (सीएएमसी) ऑफ 03 नं., IQNET सिस्टम मेक HAHW सिस्टम्स इन्सटाल्ड नियर, ARP, BLG एवं BDKN स्टेशन ओर लखनऊ डिवीजन फॉर ए पीरियड ऑफ थ्री ईयर्स विथ ओईएम/देयर आथराइज्ड डीलर ऑन सिंगल टेण्डर बेसिस।		
टेण्डर का प्रकार	सिंगल निविदा	निविदा पद्धति	सिंगल बिड सिस्टम
टेण्डर समाप्ति दिनांक एवं समय	26.08.2

संक्षेप

राजस्व टीम ने बाढ से सचेत रहने के निर्देश दिए



पाटन उन्नाव। लगातार गंगा के बढ़ रहे जल स्तर को लेकर तहसील क्षेत्र के गंगा व पांडु नदी के बीच बसे लाल खेड़ा व दूलीखेड़ा गांव का एसडीएम आनंद कुमार नायक ने निरीक्षण कर राजस्व टीम को सतर्क रहने के निर्देश दिए। तहसील क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित गांव डोली खेदवा लाल खेड़ा तथा उसके अंदर जन्म मजनू में बिहार की संभावनाओं को देखते हुए एसडीएम आनंद कुमार राय ने दोनों ग्राम सभा में पहुंचकर बाढ़ की स्थिति का निरीक्षण किया एसडीएम ने बताया कि गंगा का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है लेकिन अभी किसी गांव में पानी नहीं पहुंचा है। यदि गंगा का जलस्तर और बढ़ा तो तराई में बसे मजरों में पानी आ सकता है। उन्होंने बताया कि राजस्व टीम, स्वास्थ्य विभाग तथा राशन विभाग को सतर्क रहने के लिए निर्देश दिए गए। शिक्षा विभाग से बच्चों को बाढ़ प्रभावित इलाके में संचालित विद्यालयों से दूसरी जगह संचालित विद्यालयों में शिफ्ट करने के निर्देश दिए गए हैं। लगातार गंगा के बढ़ रहे जलस्तर को लेकर तहसील क्षेत्र के गंगवा पांडु नदी के बीच बसे लाल खेड़ा व धौली खेड़ा गांव का एसडीएम आनंद कुमार नायक ने निरीक्षण कर राजस्व टीम को सतर्क रहने के निर्देश दिए।

रात में घर छोड़ निकल गयी सगी जुड़वा बहने

सरहरी, गोरखपुर। चिलुआताल थाना क्षेत्र के एक गाँव की रहने वाली सगी जुड़वा बहने बुधवार की रात परिजनो के सोने चले जाने के बाद घर से कही चली गयी। जुड़वा बहनो के पिता द्वारा दिये गये लिखित तहरीर के आधार पर चिलुआताल पुलिस केस दर्ज कर सगी बहनो का पता लगाने में जुट गयी है। जुड़वा बहनो के पिता द्वारा चिलुआताल पुलिस को दिये गये लिखित तहरीर में बताया गया कि दिनांक 5 / 8 / 26 दिन बुद्धवार को रात के लगभग इग्यारह बजे के आस पास परिवार के सभी लोग खा पी कर सोने चले गये शुबह उठने पर दोनो बेटियो को घर में न देख इधर उधर ढूढ़ने का प्रयास किया मगर सफलता न मिलने पर दश बजे के आसपास 112 न० पर डायल कर घटना की सूचना से चिलुआताल पुलिस को अवगत कराया सूचना पर पहुची बरगदवा चौकी पुलिस सम्भावित जगहो पर छान बीन करने का प्रयास की मगर सफलता न मिलने पर जुड़वा बहनो के पिता द्वारा दिये गये लिखित सूचना के आधार पर मुकदमा कायम दोनो बहनो तक पहुचने का प्रयास शुरू कर दी है ।

तेज रफ्तार वाहन का शिकार हुआ पांचवीं का छात्र, गंभीर

सरहरी, गोरखपुर। गुलरिहा थाना क्षेत्र के बालापार टिकरिया रोड पर ग्राम सभा मंगलपुर के टोला जगदीशपुर दक्षिणी में स्थित जगदीशपुर प्राथमिक विद्यालय पर पढ़ने गये पांचवीं के छात्र को तेज रफ़्तार अनियंत्रित चारपहिया वाहन ठोकर मार दिया जिससे छात्र नीचे गिर कर तड़पने लगा सूचना पर पहुचे परिजनो ने छात्र को इलाज के लिये बीआरडी मेडिकल कॉलेज भेज दिया छात्र की हालत गंभीर बनी हुई है हादसे के बाद चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची डायल 112 पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर सी सी टी वी फुटेज के माध्यम से बाहन चालक तक पहुचने का प्रयास कर रही है मिली जानकारी के अनुसार, भरोहिया ब्लाक के ग्राम सभा मंगलपुर टोला जगदीशपुर उत्तरी निवासी राजकुमार निषाद का 12 वर्षीय पुत्र अमित निषाद जो कक्षा पांचवीं का छात्र है घर से पैदल जगदीशपुर प्राथमिक विद्यालय पढ़ने जा रहा था। इसी दौरान गोरखपुर की तरफ से आ रही तेज रफ्तार अनियंत्रित अज्ञात चार पहिया वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी।

सूचना

सूचित हो कि सत्येन्द्र कुमार प्रजापति ने भूखण्ड संख्या-4, खसरा संख्या-174 का भाग, रकबा 1200 वर्गफिट स्थित गौरभीठ, वार्ड-फैजुल्लागंज, परगना, तहसील व जिला लखनऊ को श्रीमती समनावती पत्नी राम अधार से क्रय किया था जो दिनांक 27.01.2004 को बही संख्या 1 जिल्द संख्या 2020 के पृष्ठ संख्या 349 से 362 पर क्रमांक 810 पर कार्यालय उपनिबन्धक चतुर्थ, लखनऊ में पंजीकृत है, का मूल बैनामा मुझसे कहीं खो गया है। **श्रीमती शशि पाण्डेय पत्नी श्री अवनीश कुमार पाण्डेय नि.- ग्राम कनवा खेड़ा, जिला सीतापुर।**

भारत के निर्माण की सशक्त आधारशिला बन रहीं बेटियां

डीडीयू गोरखपुर विश्वविद्यालय का 45वां दीक्षांत समारोह आयोजित



जिला संवाददाता

गोरखपुर। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के दीक्षा भवन में गुरूवार को विश्वविद्यालय के 45वां दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता उत्तर प्रदेश की राज्यपाल एवं राज्य विश्वविद्यालयों की कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने की। दीक्षांत समारोह में 74,481 विद्यार्थियों को उपाधियाँ प्रदान की गयी, जिनमें दो-तिहाई से अधिक छात्राएँ हैं। यह उच्च शिक्षा में बेटियों की बढ़ती भागीदारी, उनकी प्रतिभा, परिश्रम और संकल्प का सशक्त प्रमाण है। इसी प्रकार, 172 पदक, 85 मेधावी विद्यार्थियों को प्रदान किए गये हैं, जिनमें 63 बेटियों और 22 छात्रों ने यह उपलब्धि प्राप्त की है। प्रदान किए गए पदकों में 80 विश्वविद्यालय पदक तथा 92 डोनर्स पदक शामिल थे। सभी उपाधियों एवं अंकपत्रों को डिजीलॉकर पर अपलोड किया गया। महामहिम ने विश्वविद्यालय के शिक्षकों द्वारा लिखित पुस्तकों एवं दीक्षोत्सव स्मारिका का विमोचन किया तथा अकादमिक क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया गया। दीक्षोत्सव को संबोधित करते हुए महामहिम राज्यपाल ने छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं एवं बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल, सफल, समृद्ध एवं सार्थक भविष्य की मंगलकामना की। उन्होंने कहा कि गोरखपुर की पुण्यभूमि भगवान बुद्ध की करुणा और मानवता के संदेश से अनुप्राणित है। यह महान योगी गुरु गोरखनाथ की तपोभूमि है, जिन्होंने योग, साधना और लोककल्याण की परंपरा को नई दिशा दी। संत कबीर की निर्भीक वाणी और सामाजिक समरसता का संदेश भी इसी क्षेत्र की सांस्कृतिक चेतना का अभिन्न अंग है। हिंदी-उर्दू साहित्य के अमर कथाकार मुंशी प्रेमचंद ने इसी क्षेत्र में रहकर समाज की वास्तविकताओं को अपनी लेखनी से अमर बनाया, जबकि अमर शहीद राम प्रसाद बिस्मिल का बलिदान इस क्षेत्र की राष्ट्रभक्ति और स्वतंत्रता चेतना का गौरवपूर्ण प्रतीक है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय का नाम एकात्म मानववाद के प्रणेता, महान चिंतक एवं राष्ट्रनिष्ठ विचारक पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के नाम पर रखा गया है। उनके एकात्म मानववाद एवं अंत्योदय के सिद्धांत व्यक्ति, समाज, प्रकृति और राष्ट्र के समन्वित विकास की अवधारणा प्रस्तुत करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों का आह्वान किया कि वे पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के आदर्शों से प्रेरणा लेकर अपने ज्ञान, कौशल और चरित्र का उपयोग राष्ट्र निर्माण तथा समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े वंचित एवं जरूरतमंद लोगों के उत्थान के लिए करें। उन्होने कहा की दीक्षांत समारोह में उपाधि और पदक प्राप्त करने वालों में बेटियों का उल्लेखनीय वर्चस्व रहा है। यह हम सभी के लिए गर्व का विषय है कि हमारी बेटियाँ शिक्षा, शोध, नवाचार और नेतृत्व के क्षेत्र में नई ऊँचाइयाँ स्थापित कर रही हैं तथा विकसित भारत के निर्माण की सशक्त आधारशिला बन रही हैं। साथ ही, यह उपलब्धि हमें एक गंभीर प्रश्न पर विचार करने के लिए भी प्रेरित करती है। जब शिक्षा के क्षेत्र में बेटों और बेटियों दोनों को लगभग समान अवसर उपलब्ध हैं, तो छात्रों का प्रदर्शन अपेक्षाकृत कम क्यों दिखाई दे रहा है। यह तुलना का नहीं, बल्कि गंभीर अध्ययन और आत्ममंथन का विषय है। हमें सामाजिक, मनोवैज्ञानिक, शैक्षणिक एवं व्यवहारगत कारणों का विश्लेषण कर इस अंतर को समझना और दूर करने के लिए सामूहिक प्रयास करने होंगे। महामहिम राज्यपाल ने विश्वविद्यालय की उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय ने शैक्षणिक उत्कृष्टता, नवाचार तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियाँ अर्जित की हैं। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के शोध कार्यक्रमों में देश के 18 से अधिक राज्यों तथा पड़ोसी राष्ट्र नेपाल से बड़ी संख्या में आवेदन प्राप्त होना उसकी बढ़ती राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय प्रतिष्ठा, गुणवत्तापूर्ण शोध वातावरण तथा अकादमिक विश्वसनीयता का प्रमाण है। उन्होंने नए तकनीकी, इंजीनियरिंग एवं रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रमों के संचालन की भी सराहना की।

राज्यपाल ने विद्यार्थियों से कहा कि आज दुनिया को उनकी डिग्रियों, तकनीकी दक्षता और नवाचारों की आवश्यकता है, किंतु उससे भी अधिक आवश्यकता नैतिक मूल्यों, मानवीय संवेदनशीलता और सुदृढ़ चरित्र की है। ज्ञान तभी सार्थक होता है, जब उसके साथ चरित्र जुड़ा हो और सफलता तभी स्थायी होती है, जब उसके साथ संस्कार जुड़े हों। उन्होंने विद्यार्थियों से अपनी मातृभाषा पर गर्व करने, भारतीय संस्कृति का सम्मान करने, माता-पिता, गुरुजनों एवं राष्ट्र के प्रति कृतज्ञ रहने तथा अपनी सांस्कृतिक जड़ों से सदैव जुड़े रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि एक समय था जब भारतीय विद्यार्थी उच्च शिक्षा के लिए विदेशों की ओर देखते थे, लेकिन आज परिस्थितियाँ बदल चुकी हैं। अब पूरी दुनिया भारतीय शिक्षा व्यवस्था की ओर आशा और विश्वास के साथ देख रही है तथा भारत विश्वगुरु बनने की दिशा में निरंतर अग्रसर है। राज्यपाल ने कहा कि आज दीक्षांत समारोह में मैने पाया कि आज जिन बच्चों को मेडल प्राप्त हुए है उनमें से ज्यादातर छात्र ग्रामीण क्षेत्रों से संबंधित है। अब गांव के बच्चें शहर के बच्चें से पीछे नही रहते है। विश्वविद्यालय ने डिग्री को अनालाइन डाउनलोड करने की उत्तम व्यवस्था की है। ऐसा बहुत कम विश्वविद्यालयों ने किया है। इसके लिए विश्वविद्यालय बधाई का पात्र है।

डीएम ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में तैयारियों का जायजा लिया



फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने गुरुवार को फतेहपुर चौरासी विकासखंड के काली मिट्टी, शिवराजपुर मार्ग और दबौली के बाढ़ संभावित क्षेत्रों का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों से राहत एवं बचाव कार्यों की जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए। डीएम ने एसडीएम बांगरमऊ व सफीपुर को बाढ़ प्रभावित लोगों के लिए शरणालय स्थल चिह्नित करने तथा पशुओं के लिए भूसा-चारा की पर्याप्त व्यवस्था करने को कहा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी को मेडिकल टीमों का गठन कर एंटी वेनम समेत जरूरी दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने जलस्तर पर लगातार निगरानी रखने, प्रभावित फसलों का सर्वे कराने और सभी अधिकारियों को अलर्ट मोड पर रहने को कहा। डीएम ने नागरिकों से अपील की कि किसी भी समस्या की सूचना तत्काल प्रशासन को दें। फतेहपुर चैरासी के अयोध्या प्रसाद मिश्र महाविद्यालय को बाढ़ राहत केंद्र बनाया गया है तथा भदेहरा के पास स्थित पंचशील विद्यालय को भी राहत केंद्र बनाया गया है। इस दौरान एडीएम वित्त एवं राजस्व सुशील कुमार गोंड़, एएसपी शैलेन्द्र लाल, एसडीएम बांगरमऊ बृजमोहन शुक्ला, एसडीएम सफीपुर फाल्गुनी सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

निशुल्क तीर्थ यात्रा के लिए 64 श्रद्धालुओं का दल रवाना



पाटन, उन्नाव। विधानसभा क्षेत्र भगवन्तनगर के सिकंदरपुर कर्ण ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत मनोहरपुर एवं जगजीवनपुर के श्रद्धालुओं के लिए पुष्प फाउंडेशन द्वारा संचालित श्री रामलला श्रवण कुमार निशुल्क तीर्थ यात्रा के अंतर्गत 64 श्रद्धालुओं का नया यात्रा दल मंगलवार को रवाना किया गया। यात्रा दल को पुष्प फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह के बड़े भाई मानवेन्द्र सिंह ने हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने सभी श्रद्धालुओं को अंगवस्त्र एवं माल्यार्पण कर सम्मानित किया तथा उनके चरण स्पर्श कर आशीर्वाद प्राप्त किया। मानवेन्द्र सिंह ने कहा कि यह तीर्थ यात्रा केवल धार्मिक यात्रा नहीं, बल्कि सनातन संस्कृति, सेवा और सामाजिक समर्पण का एक जनआंदोलन है। इसका उद्देश्य अधिक से अधिक श्रद्धालुओं को प्रभु श्रीराम के पावन धाम के दर्शन कराना और समाज में सेवा व संस्कार की भावना को सशक्त करना है। यात्रा के शुभारंभ के दौरान बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे। ष्जय श्रीरामष् के जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। श्रद्धालुओं को शुभकामनाओं के साथ उनकी मंगलमय यात्रा की कामना की गई। इस अवसर पर इकबाल सिंह (प्रधान), अरुण तिवारी, बब्बू मिश्रा, पंकज गुप्ता, रामू शर्मा, दयाशंकर शर्मा, राजेश, सर्वेश सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

शिक्षक की याद में स्कूल को वाटर कूलर समर्पित किया



उन्नाव। उ०प्रा०वि० नेवरना बिछिया में स्व० शब्बीर अहमद स०शि० की स्मृति में उनके परिवार तथा संस्था के सहयोग से विद्यालय के बच्चों को ठंडा पानी पीने के हेतु वॉटर कुलर समर्पित किया गया। जिसका अनावरण बीईओ बिछिया सुरेश कुमार द्वारा किया गया। इसके साथ ही विद्यालय में स्थापित कम्प्यूटर, सीसीटीवी कैमरा व वाईफाई का भी शुभारम्भ किया गया। जिसमें पूर्व स०शि० अनवर अशहद, श्रीनाथ यादव प्र०अ०, आशुतोष मिश्रा, मोना बनेजा, मंजू यादव, प्रमोद कुमार, मनीषा भारती, राम बहादुर, अमित सिंह चंदेल, संजय कुमार कनौजिया, मनोज शाह, शिवम पटेल आदि शिक्षक गण उपस्थित रहे। ठम० महोदय द्वारा वृक्षारोपण भी किया गया जिसमें फाइकस तथा चितवन के पौधे रोपित किये गये। विद्यालय की आयशा बानो, नीतिका, महक राज आदि बच्चों द्वारा सरस्वती वन्दना तथा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया तथा अन्त में शोक सभा दो मिनट का मौन रखकर किया गया।

आपसी विवाद में युवक घायल

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। थाना क्षेत्र के गांव पपरिया में आपसी विवाद में एक व्यक्ति गम्भीर रूप से घायल हो गया। घायल के परिजनों ने फायरिंग का आरोप लगाते हुए फायरिंग से घायल होने का आरोप लगाया है। गाँव निवासी रज्जन का कुछ दिन पूर्व एक पेड़ को लेकर पारिवारिक विवाद हो गया था। बुधवार देर रात रज्जन घर से किसी काम से निकला था जिसके बाद उसका आरोप है कि फायर हुई जिसमें वह घायल हो गया। जिसे परिजन सी एच सी लाये जहां से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस मामले की जाँच करने में जुटी है ।

जीएसटी चोरी के शक में विश्वनाथ कोल्ड स्टोरेज पर एसआईबी का छापा

चरगांवा, गोरखपुर। पिपराइच रोड जंगल तिकोनिया नंबर एक पादरी बाजार गोरखपुर स्थित पूर्व मंत्री जितेंद्र उर्फ पप्पू जायसवाल के विश्वनाथ कोल्ड स्टोरेज में रखी मूंगफली के कारोबार में जीएसटी चोरी के संदेह पर राज्यकर विभाग की विशेष जांच शाखा (एसआईबी) ने बुधवार को छापेमारी की। बारह सदस्यीय टीम ने देर रात तक मूंगफली के कारोबार से जुड़े अभिलेख, ई-वे बिल और अन्य दस्तावेजों की गहन जांच की। अधिकारियों का कहना है कि दस्तावेजों के सत्यापन के बाद ही कर चोरी की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। बुधवार शाम करीब चार बजे एडिशनल कमिश्नर ग्रेड-टू (एसआईबी) संजय कुमार और सहायक कमिश्नर उदित नारायण के नेतृत्व में कई वाहनों से पहुंची एसआईबी टीम ने विश्वनाथ कोल्ड स्टोरेज में जांच शुरू की। अचानक हुई कार्रवाई से परिसर में हड़कंप मच गया। टीम ने मूंगफली के परिवहन, भंडारण और कारोबार से जुड़े रिकॉर्ड अपने कब्जे में लेकर उनका मिलान किया। सूत्रों के मुताबिक, राज्यकर विभाग को मूंगफली के कारोबार में लाखों रुपये की जीएसटी चोरी की सूचना मिली थी। इसी इनपुट के आधार पर एसआईबी ने कार्रवाई की। जांच के दौरान ट्रकों से पहुंची मूंगफली की आवाजाही, ई-वे बिल और अन्य रिकॉर्ड का मिलान किया गया, ताकि कर देयता का सही आकलन किया जा सके। कार्रवाई के दौरान अधिकारियों ने कोल्ड स्टोरेज में मौजूद कर्मचारियों और संबंधित लोगों से भी पूछताछ कर आवश्यक जानकारी जुटाई। देर रात तक टीम एक-एक दस्तावेज की जांच और रिकॉर्ड के सत्यापन में जुटी रही। हालांकि, जांच पूरी होने तक अधिकारियों ने कार्रवाई के संबंध में विस्तृत जानकारी साझा करने से इनकार किया। ज्वाइंट कमिश्नर राज्यकर विभाग यू.एन. सिंह ने बताया कि टैक्स चोरी के इनपुट के आधार पर जांच की जा रही है। दस्तावेजों का सत्यापन जारी है। जांच पूरी होने के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि कर चोरी हुई है या नहीं तथा यदि हुई है तो बकाया कर की वास्तविक राशि कितनी है।

नवागत मण्डलायुक्त ने कार्यभार किया ग्रहण



गोरखपुर। नवागत मण्डलायुक्त इन्द्र विक्रम सिंह ने आज अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया। 2009 बैच के आईएएस इन्द्र विक्रम सिंह इससे पहले उ0प्र0 शासन में सचिव कृषि, कृषि विपणन एवं कृषि विदेश व्यापार के पद पर तैनात थे। उन्होने नगर आयुक्त आगरा, जिलाधिकारी शामली, शाहजहांपुर, बलिया, अलीगढ़, गाजियावाद तथा अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी नोएडा प्राधिकरण के रूप में अपनी सेवाएं दी है। कार्यभार ग्रहण करने के पश्चात उन्होने अधिकारियों एवं कर्मचारियों से परिचय प्राप्त किया तथा मण्डल के प्रशासनिक कार्यो की जानकारी ली। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि शासन की प्राथमिकताओं, जनहित एवं विकास कार्यो को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाया जायेगा तथा कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने, विकास परियोजनओं को समय से पूर्ण कराने तथा शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अन्तिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए हम सभी को समन्वय एवं उत्तरदायित्व की भावना के साथ एक टीम के रूप में कार्य करते हुये शासन की अपेक्षानुसार कार्यो को सम्पादित तथा मण्डल के विकास को और गति प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि आम जनता की शिकायतो का गुणवत्ता परक निस्तारण उनकी प्राथमिकता में रहेगा।

एडीजी ने नीलकंठ मंदिर पहुंचकर की पूजा



इटावा। अपर पुलिस महानिदेशक अनुपम कुलश्रेष्ठ का जनपद में आगमन हुआ। उनके द्वारा लालपुरा स्थित नीलकंठ महादेव मंदिर पहुंचकर कांवड़ यात्रा मार्ग का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था, पुलिस पिकेट, बैरिकेडिंग, सीसीटीवी निगरानी, ड्रोन मॉनिटरिंग, यातायात प्रबंधन, पार्किंग व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था, स्वच्छता, चिकित्सा सुविधाएं, आपातकालीन रिस्पांस सिस्टम तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का सूक्ष्म परीक्षण किया गया। इस दौरान संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए, जिससे कांवड़ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को सुरक्षित, सुगम एवं व्यवस्थित वातावरण उपलब्ध कराया जा सके। इसके बाद अपर पुलिस महानिदेशक द्वारा कांवड़ यात्रा मार्ग के विभिन्न संवेदनशील स्थलों, प्रमुख चैराहों तथा यमुना पुल तिराहा, उदी, बढ़पुरा सहित अन्य महत्वपूर्ण स्थानों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का स्थलीय आकलन किया गया। निरीक्षण के दौरान कानून-व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण, यातायात संचालन, संवेदनशील स्थलों का निरीक्षण किया। भ्रमण बाद अपर पुलिस महानिदेशक का रिजर्व पुलिस लाइन आगमन हुआ, जहां उन्हें सलामी गार्द द्वारा औपचारिक सलामी दी गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा पुष्पगुच्छ भेंटकर उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया। बैठक के दौरान अपर पुलिस महानिदेशक द्वारा कांवड़ यात्रा की समग्र सुरक्षा योजना की विस्तृत समीक्षा की गई। उन्होंने रूट डायवर्जन, संवेदनशील स्थलों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती, भीड़ प्रबंधन, सोशल मीडिया मॉनिटरिंग, अफवाहों एवं भ्रामक सूचनाओं पर प्रभावी नियंत्रण, अंतर्जनपदीय समन्वय, महिला सुरक्षा, आपदा प्रबंधन, आपातकालीन सेवाओं की उपलब्धता तथा त्वरित पुलिस प्रतिक्रिया सहित विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। इस मौके पर एसपी सिटी अभयनाथ त्रिपाठी, सीओ सिटी अवनीश सिंह, कोतवाली प्रभारी यशवंत सिंह, सीओ भरथना, अस्तल चैकी प्रभारी मुकेश कुमार आदि मौजूद रहे।

कुलपति अजय सिंह राष्ट्रीय सेवा रत्न अवार्ड से सम्मानित



सैफई, इटावा। उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय यूपीयूएमएस, सैफई में कुलपति प्रो. डॉ. अजय सिंह के सफल कार्यकाल के एक वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर वर्ष एक, उपलब्धियां अनेक नामक कॉफी टेबल बुकलेट का भव्य विमोचन किया गया। इस अवसर पर प्रो. डॉ. अजय सिंह को स्वास्थ्य, शिक्षा एवं जनसेवा के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट एवं प्रेरणादायी योगदान के लिए राष्ट्रीय सेवा रत्न अवार्ड से सम्मानित किया गया। इस मौके पर डीन प्रो. डा. आदेश कुमार, प्रशासनिक अधिकारी केवी अग्रवाल मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं कॉफी टेबल बुकलेट के सामूहिक विमोचन के साथ हुआ। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव ने छात्रों, कर्मचारियों एवं संकायाध्यक्षों को संबोधित करते हुए कहा कि गत एक वर्ष विश्वविद्यालय के लिए परिवर्तन, नवाचार और जनसेवा के नए आयाम स्थापित करने वाला रहा है। चिकित्सा अधीक्षक ने अपने संबोधन में विश्वविद्यालय की एक वर्ष की उल्लेखनीय उपलब्धियों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि रोगी सेवाओं के विस्तार, आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं की स्थापना, नवीन स्वास्थ्य परियोजनाओं के संचालन, शैक्षणिक गुणवत्ता में वृद्धि तथा ग्रामीण एवं वंचित क्षेत्रों तक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुँच सुनिश्चित करने के लिए कई ऐतिहासिक कदम उठाए गए हैं।

दंपती की टैंकर हादसे में मौत



जसवंतनगर, इटावा। आगरा-कानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर जमुना बाग ओवरब्रिज के पास बुधवार को हुए भीषण टैंकर हादसे में घायल दंपती की इलाज के दौरान मौत हो गई। गुरुवार को पोस्टमार्टम के बाद दोनों शव परिजनों को सौंप दिए गए। हादसे में घायल तीसरे युवक का सैफई पीजीआई में उपचार चल रहा है, जहां उसकी हालत भी गंभीर बनी हुई है। पुलिस के अनुसार, आगरा की ओर जा रहा टैंकर कुरसेना गांव के पास जमुना बाग ओवरब्रिज पर चालक का संतुलन बिगड़ने से अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे के दौरान पीछे से आ रही बाइक टैंकर के पिछले हिस्से में फंस गई। बाइक पर धरवार गांव निवासी 26 वर्षीय आकाश पुत्र अरविंद, 53 वर्षीय प्रेम सिंह पुत्र राजाराम और उनकी 50 वर्षीय पत्नी बुद्ध श्री सवार थे। तीनों घायलों को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में सैफई पीजीआई रेफर कर दिया गया। उपचार के दौरान गुरुवार तड़के करीब चार बजे प्रेम सिंह ने दम तोड़ दिया। लगभग दस मिनट बाद उनकी पत्नी बुद्ध श्री की भी मौत हो गई। आकाश का इलाज जारी है और उसकी स्थिति चिंताजनक बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी कमल भाटी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू कराई। पुलिस ने टैंकर चालक को हिरासत में लेकर पूछताछ की। गुरुवार को दोनों शवों का पोस्टमार्टम कराने के बाद उन्हें परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। पुलिस का कहना है कि दुर्घटना के सभी पहलुओं की गहनता से जांच की जा रही है और टैंकर चालक से पूछताछ के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

बारिश में बिजली गुल, डेढ़ सौ गांव अंधेरे में ,पानी को भी तरसे लोग

इकदिल, इटावा। शुक्रवार तड़के करीब 4.30 बजे हुई तेज बारिश के बाद भरथना से इकदिल विद्युत उपकेंद्र को आने वाली 33 केवी लाइन में फाल्ट हो गया। इसके चलते कस्बे समेत आसपास के करीब डेढ़ सौ गांवों की बिजली आपूर्ति ठप हो गई। घंटों बिजली गुल रहने से घरों में अंधेरा छा गया और इनवर्टर भी जवाब दे गए। सबसे ज्यादा परेशानी नगर पंचायत की पेयजल आपूर्ति पर पड़ी। बिजली न होने के कारण शुक्रवार सुबह और शाम दोनों समय कस्बे में पानी की सप्लाई नहीं हो सकी। बारिश थमने के बाद बिजली विभाग ने 33 केवी लाइन का फाल्ट दुरुस्त कर आपूर्ति बहाल की, लेकिन इसके बाद इकदिल बिजलीघर की इनकमिंग मशीन की सीटी खराब हो गई। इससे एक बार फिर बिजली आपूर्ति प्रभावित हो गई। दिनभर बिजली की आंख-मिचैली और पानी की सप्लाई ठप रहने से लोगों में विभाग के प्रति नाराजगी दिखाई दी। उपभोक्ताओं का आरोप है कि बिजली आपूर्ति बाधित होने के बाद विभाग की ओर से समय रहते प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई। एक समस्या दूर होने के बाद दूसरी तकनीकी खराबी सामने आने से लोगों को घंटों बिजली के लिए इंतजार करना पड़ा। बिजली पर निर्भर पेयजल व्यवस्था भी पूरी तरह ठप रही, जिससे लोगों को पानी के लिए परेशान होना पड़ा। एसडीओ प्रेमचंद ने बताया कि तेज बारिश के कारण भरथना से आने वाली 33 केवी लाइन में फाल्ट हो गया था। लाइन का फाल्ट ठीक कर आपूर्ति बहाल कर दी गई थी। इसके बाद बिजलीघर की इनकमिंग मशीन में खराबी आ गई। कारीगरों को बुलाया गया है। मशीन को जल्द दुरुस्त कराकर विद्युत आपूर्ति सामान्य कराई जाएगी।

कांग्रेस जिलामहासचिव पर जानलेवा हमला

इटावा। बुधवार रात करीब साढ़े 10 बजे कांग्रेस जिला महासचिव जितेंद्र पाल पर जानलेवा हुआ। पार्टी की बैठक के बाद घर लौटते समय थाना फ्रेंड्स कॉलोनी क्षेत्र के भरथना चैराहे के पास कार चालक ने उन्हें टक्कर मारी। विरोध करने पर धारदार हथियार से हमला किया गया। कांग्रेस नेता ने पुलिस को लिखित शिकायत देकर मुकदमा दर्ज करने और आरोपी की गिरफ्तारी की मांग की है। जितेंद्र पाल के मुताबिक, वह कांग्रेस कार्यालय से बैठक समाप्त कर मोटरसाइकिल से घर लौट रहे थे।

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, लखनऊ वृत्त, लोक निर्माण विभाग, लखनऊ

No.5146/401C(2)-LKOCIR/2026-27 Dated: 03/08/2026

ई-निविदा सूचना

राज्यपाल महोदय, उ.प्र. की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, लखनऊ वृत्त, उ.प्र. लोक निर्माण विभाग द्वारा प्रतिशत दर पर उत्तर प्रदेश लोक निर्माण विभाग में मार्ग के कार्य हेतु रजिस्टर्ड श्रेणी - ए, बी एवं सी के लिए ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता को सलाह दी जाती है कि वह न्यूनतम अर्हता के सम्बन्ध में निविदादाता निर्देश पुस्तिका में वर्णित ठेका प्राप्त करने नियमों से अवगत हो लें।

क्र. सं.	जनपद	कार्य का नाम	बी.ओ.क्यू. के अनुसार आंकलित धनराशि (रू. लाख में)	धरोहर धनराशि (रू. लाख में)	निविदा शुल्क प्रपत्र का मूल्य + स्टेशनरी + जी.एस.टी.	श्रेणी	कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा ऋतु सहित)	कार्य सम्पादन हेतु अधिशासी अभि. का पता	अधीक्षण अभियन्ता का पता	मुख्य अभि. का पता
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
1	रायबरेली	रायबरेली लालगंज मार्ग राष्ट्रीय राजमार्ग से हरचन्दपुर सिरसाघाट मार्ग (अ.जि.मा.) के मध्य छूटी कड़ी वाया पूरे भवानी लालजी का पुरवा सम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य (अवषेष कार्य)	44.70	4.24	2000.00+ 300.00+ 414.00 Total 2714.00	ए, बी एवं सी	04 माह (निर्माण) निर्माण के उपरान्त 05 वर्ष (अनुरक्षण)	निर्माण खण्ड-2 लो.नि.वि. रायबरेली	लखनऊ वृत्त, लो.नि.वि. लखनऊ	मध्य क्षेत्र लो.नि.वि. लखनऊ

**बिल ऑफ क्वान्टिटी में अंकित दरों में जी.एस.टी. छोड़कर ल

संक्षेप

मोहाना नदी ने कटान किया शुरू



तिकुनियां खीरी। बार्डर पर बह रही मोहाना नदी नेपाली नदियों संग मिलकर उत्पात मचा रही है,इसे रोकने के अभी तक किए गए सभी प्रयास असफल रहे है नदी कटान कर बंधे की तरफ बढ़ती जा रही है। जसनगर गांव में मोहाना नदी ने कटान शुरू कर दिया है।गांव के भजन सिंहऔर पप्पू मौर्य के खेत कटने शुरू हो गए है। जसनगर गांव में बंधे के उत्तर बसे लोगो के घर व मंदिर के समीप बह रही नदी को रोकने के लिए सिंचाई विभाग की सभी योजनाएं बेअसर साबित हुई है। बुधवार की देर शाम मोहाना नदी ने जसनगर के मजरा गांव फोहारी बाबा में कटान शुरू कर दिया है यहां पर भजन सिंह व पप्पू मौर्य के खेत कटने शुरू हो गए है और आदित्य खत्री , रामसरन मौर्य , बोबी , शिवलाल मौर्य , सिरताज ,राजीव खत्री आदि किसान के खेत कटान के निशाने पर आ गए है। कटान को लेकर ग्रामीणों में भय का माहौल बना हुआ है।

बाइक के साथ एक गिरफ्तार

लखीमपुर खीरी। थाना कोतवाली सदर पुलिस द्वारा चोरी के अभियोग से सम्बन्धित 01 अभियुक्त को चोरी की मोटर साईकिल के साथ गिरफ्तार किया गया। गुरुवार को कोतवाली सदर पुलिस द्वारा चोरी के मुकदमे का खुलाशा करते हुये चोरी की मोटर साईकिल रजि0 नं0 यू पी 31 सी ई 2420 हीरो स्प्लेंडर प्लस के साथ अभियुक्त सरोज पुत्र सियाराम नि0 लालपुर बैरियर थाना कोतवाली सदर जनपद खीरी को ग्रीन सिटी प्लाँटिंग कालोनी से गिरफ्तार किया।

कोचिंग संस्थान के बाहर छात्र से मारपीट

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। नगर के एक कोचिंग संस्थान के बाहर छात्र के साथ मारपीट और जातिसूचक टिप्पणी किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित छात्र ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर नामजद आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई किए जाने की मांग की है। कांशीराम कॉलोनी, गोपाल नगर निवासी अंशुमान सिंह पुत्र विजय कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गुरुवार शाम करीब 6.10 बजे वह अपने कोचिंग संस्थान पहुंचा था। आरोप है कि इसी दौरान कुछ युवक अपने 10 से 15 अन्य साथियों के साथ दोपहिया और चारपहिया वाहनों से वहां पहुंचे और उसे घेर लिया। पीड़ित का आरोप है कि आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया और उसके साथ मारपीट की। हमले में उसके सिर तथा हाथ की एक उंगली में चोटें आईं। आरोप है कि जाते समय आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए।

सड़क हादसे में युवक की मौत

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। हैदराबाद थाना क्षेत्र में गोला-बांकेगंज मार्ग पर ग्राम नगरा सलेमपुर के पास मंगलवार देर रात दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। सड़क पर अचानक आए गोवंश से बाइक टकरा जाने से बाइक सवार युवक और गोवंश दोनों की मौत हो गई। फरधान थाना क्षेत्र के ग्राम फुटहा निवासी संदीप कुमार बाइक से बांकेगंज क्षेत्र के ग्राम मैंकूपुर स्थित अपनी ससुराल जा रहे थे। बताया जाता है कि नगरा सलेमपुर के पास अचानक एक गोवंश सड़क पर आ गया। इससे उनकी बाइक अनियंत्रित होकर गोवंश से जा टकराई। टक्कर इतनी तेज थी कि संदीप गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि गोवंश की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस से घायल संदीप को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

किसान का खेत में बने कमरे में मिला सड़ा शव

सीतापुर। अटरिया थाना क्षेत्र के सहजनपुर गांव में गुरुवार को खेत में बने कमरे से 45 वर्षीय रामलखन पुत्र बाबू का शव बरामद होने से सनसनी फैल गई। शव से तेज दुर्गंध आने पर ग्रामीणों ने कमरे का दरवाजा खोला तो रामलखन मृत मिले। तब तक शव सड़ने लगा था। बताया गया कि रामलखन गांव के बाहर खेत में बने कमरे में अकेले रहते थे। वह शनिवार से बुखार से पीड़ित थे और दवा लेने के बाद कमरे में चले गए थे। इसके बाद किसी ने उन्हें नहीं देखा। गुरुवार को दुर्गंध आने पर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और परिजनों को सूचना दी।

राष्ट्र निर्माण में अपनी ऊर्जा लगायें युवा



लखीमपुर खीरी। नशे की जकड़न से दूर रहकर युवा अपनी ऊर्जा को राष्ट्र निर्माण में लगाएं। यही ऊर्जा विकसित भारत की सबसे बड़ी ताकत बनेगी। गुरुवार को वाईडी कॉलेज में आयोजित नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत कार्यक्रम में डीएम अंजनी कुमार सिंह ने युवाओं को यही संदेश दिया। मेरा युवा भारत (माई भारत) के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ डीएम ने प्राचार्य डॉ हेमंत पाल के साथ दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम का सफल संयोजन जिला युवा अधिकारी माय भारत संकल्प शुक्ला ने किया। डीएम अंजनी कुमार सिंह ने कहा कि नशा व्यक्ति की क्षमता, ऊर्जा और सकारात्मक सोच को कमजोर करता है। इससे बचने के लिए सबसे जरूरी है दृढ़ इच्छाशक्ति और मजबूत संकल्प। जो आदत आपको छिपाकर करनी पड़े, जो आपके आत्मसम्मान को प्रभावित करे और भविष्य को नुकसान पहुंचाए, उसे छोड़ देना ही समझदारी है। उन्होंने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि युवावस्था जीवन का सबसे महत्वपूर्ण पड़ाव है। इसी समय बड़े लक्ष्य तय कर उन्हें पूरा करने

- नशे से बचें स्वस्थ,जागरूक और जिम्मेदार बनें : डीएम

के लिए पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ मेहनत करनी चाहिए। नशा आपके उद्देश्य से भटका सकता है, इसलिए इससे हमेशा दूर रहें। यदि कोई युवा इसकी गिरफ्त में है तो वह मजबूत संकल्प लेकर इसे छोड़ सकता है।

डीएम ने कहा कि जब हौसले मजबूत और संकल्प अडिग होता है तो कोई भी बाधा लक्ष्य प्राप्ति के रास्ते में नहीं आ सकती। युवाओं से आह्वान किया कि वे अपनी ऊर्जा को सकारात्मक कार्यों में लगाएं और नशा मुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि विकसित भारत का सपना तभी पूरा होगा, जब देश का युवा स्वस्थ, जागरूक और जिम्मेदार होगा। इस दौरान डीएम ने छात्र-छात्राओं को नशा मुक्त भारत की शपथ दिलाई। साथ ही नशा मुक्ति संकल्प दीवार पर संदेश लिखकर युवाओं को सामाजिक जिम्मेदारी का संदेश दिया। उन्होंने विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। निर्णायक मंडल में राम मोहन गुप्त, अरविंद ओझा, शशि तिवारी, दीनानाथ झा, डॉ. रुचि रानी गुप्ता, प्रोफेसर हेमंत कुमार लाल, डॉ. ज्योति पंत, शालिनी दुबे, ममता श्रीवास्तव, सीमा टंडन और डॉ. मानवेंद्र यादव सहित अन्य विशेषज्ञ शामिल रहे। निर्णायकों ने प्रतिभागियों की प्रस्तुतियों का बारीकी से मूल्यांकन करते हुए उनके प्रयासों और रचनात्मक सोच की सराहना की। कार्यक्रम में युवाओं ने ₹नशा मुक्त भारत, विकसित भारत के संकल्प को मजबूत करने का संदेश दिया।

लूट का खुलासा, दो अभियुक्त गिरफ्तार

पसगवां खीरी। जनपद लखीमपुर खीरी के थाना उचौलिया पुलिस ने लूट का खुलासा करते हुए दो अभियुक्तों को मोबाइल और बाइक सहित गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस के अनुसार बीती दिनांक 30 जुलाई 2026 को पीड़ित विनय सिंह निवासी ग्राम हंसापुर थाना बंडा जनपद शाहजहांपुर ने उचौलिया पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बह जनपद शाहजहांपुर के बरेली मोड़ स्थिति ए यू स्मॉल फाइनेंस बैंक के फाइनेंस मैनेजर है,जो अपने बाइक से जनपद हरदोई के पिहानी थाना क्षेत्र के ग्राम सरावर में समूह लोन की किश्त बसूलने गए हुए थे जहां से अपने साथियों के साथ शाहजहांपुर वापस लौटते समय सीतापुर से शाहजहांपुर जाने वाले नेशनल हाईवे-730 पर जियो पेट्रोल पंप के सामने डुडौलिया गांव के पास पीछे से।स्प्लेंडर प्लस बाइक से आ रहे दो अज्ञात बाइक सवार व्यक्तियों ने उन्हें रोका और उनका मोबाइल फोन छीनकर मौके से फरार हों गए, घटना के बाद पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ बी एन एस की धारा 309(4) में मुकदमा पंजीकृत कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी।

विद्यालय के औचक निरीक्षण में खामियां देख भड़के एसडीएम



मोहम्मदी खीरी। ब्लॉक क्षेत्र के गांव भानपुर बनवारी के प्राथमिक विद्यालय का औचक निरीक्षण करने पहुंचे अधिकारियों ने शैक्षिक गुणवत्ता एमडीएम, स्वच्छता और उपस्थिति को लेकर असंतोष जताते हुए नसीहत दी है। गुरुवार को एसडीएम राजेश प्रताप सिंह और खंड शिक्षा अधिकारी शशांक सिंह संयुक्त रूप से विद्यालय की व्यवस्थाओं को लेकर सघन जांच की है जिसमें 128 पंजीकरण के सापेक्ष 28 बच्चों की उपस्थिति देखकर नाराजगी जताते हुए अध्यापकों को प्रचार प्रसार के साथ उपस्थिति बढ़ाने के निर्देश दिए हैं वहीं उन्होंने बच्चों से सवालों का उत्तर पूछ कर शिक्षा के गुणवत्ता परखीं है। साफ सफाई और मध्यान भोजन की गुणवत्ता में सुधार करने के निर्देश दिए हैं। गांव के लोगों से संपर्क कर बच्चों को स्कूल भेजने की अपील की है। शिक्षकों से शैक्षिक गुणवत्ता को सुधारने के लिए कहां है।

बच्चा चोर समझ कर महिला को पीटा



पलियाकलां खीरी। पलिया क्षेत्र के मोहल्ला किसान प्रथम में घर के बाहर खेल रही बच्ची को अगवा करने की कोशिश का मामला सामने आया है। गुरुवार को घर के बाहर खेल रही बच्ची को बोरखा पहने महिला ने बच्ची को पकड़ने के लिए घर के अंदर तक दौड़ा लिया। घरवालों की सूझ-बूझ से बच्ची को सुरक्षित बोरखा पहने महिला के चुगल से छुटा लिया। घटना से आक्रोशित मोहल्लावासियों ने महिला को खंभे से बांधकर पीटना शुरू कर दिया। घटना की पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस महिला को पकड़ कर ले गई। कोतवाली पुलिस मौके पर लोगों की भारी भीड़ से महिला को बाचया गया। पलिया के मोहल्ला किसान प्रथम का मामला के रूप में महिला की पहचान की गई। थाना पलिया पुलिस की जांच पड़ताल में महिला के द्वारा बच्चे को अगवा करने की बात भ्रामक बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार महिला मानसिक विक्षिप्त है और कस्बे की ही रहने बताई जा रही है।

ग्रामीण क्षेत्रों में धड़ल्ले से बिक रहीं नकली दवाएं

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। तहसील एवं ब्लॉक क्षेत्र के कस्बों और ग्रामीण इलाकों में कथित रूप से नकली एवं संदिग्ध दवाओं की बिक्री को लेकर लोगों में चिंता बढ़ रही है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि स्वास्थ्य विभाग की प्रभावी निगरानी के अभाव में कई स्थानों पर नियमों की अनदेखी हो रही है, जिससे आम लोगों के स्वास्थ्य पर खतरा मंडरा रहा है। लोगों का कहना है कि शासन के निदेर्शानुसार प्रत्येक मेडिकल स्टोर पर पंजीकृत फार्मासिस्ट की मौजूदगी अनिवार्य है, लेकिन क्षेत्र के कई मेडिकल स्टोरों पर फार्मासिस्ट नहीं मिलते। आरोप है कि कुछ दुकानों का संचालन बिना योग्य फार्मासिस्ट के किया जा रहा है, जबकि कई संचालकों ने केवल औपचारिक रूप से डिप्लोमा धारकों के नाम दर्ज करा रखे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में मेडिकल स्टोरों के अलावा कुछ परचून और जनरल स्टोरों पर भी दवाओं की बिक्री किए जाने की शिकायतें सामने आ रही हैं। लोगों का कहना है कि इस तरह की बिक्री नियमों के विपरीत है और इससे मरीजों को नकली अथवा घटिया दवाएं मिलने का खतरा बना रहता हैं, नागरिकों का आरोप है कि स्वास्थ्य विभाग की ओर से मेडिकल स्टोरों की नियमित जांच नहीं की जाती और न ही संदिग्ध दवाओं के कारोबार में लिप्त लोगों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई होती है। लोगों ने मांग की है कि मेडिकल स्टोरों की सघन जांच कर संदिग्ध दवाओं के नमूने लिए जाएं तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए, ताकि आम जनता को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण दवाएं उपलब्ध हो सकें।

भूतनाथ मंदिर पर अनशन कर रहा कांवड़िया परिजनों के साथ लौटा



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। सावन मेले के दौरान बाबा भूतनाथ मंदिर परिसर में प्रधानमंत्री से मुलाकात कराने की मांग को लेकर तीन दिनों से अनशन पर बैठा कांवड़िया अपने परिजनों के साथ घर लौट गया। परिजनों ने बताया कि उसका मानसिक उपचार चल रहा है और वह लंबे समय से अस्वस्थ है।

पीलीभीत जनपद के उमरिया निवासी धर्मपाल सावन मेले में पहुंचकर बाबा भूतनाथ मंदिर परिसर में अनशन पर बैठ गए थे। उनका कहना था कि वह अपनी बात सीधे प्रधानमंत्री तक पहुंचाना चाहते हैं और जब तक उनसे मिलने का अवसर नहीं मिलेगा, तब तक अनशन जारी रखेंगे। उनकी इस मांग को लेकर मंदिर परिसर में आने वाले श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों के बीच दिनभर चर्चा होती रही। मामले की जानकारी मिलने पर पुलिस ने भी मौके पर पहुंचकर धर्मपाल से वार्ता की। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अम्बर सिंह ने बताया कि पुलिस लगातार उन्हें समझाने का प्रयास कर रही थी तथा मेले में कानून-व्यवस्था पूरी तरह सामान्य रही। बुधवार को धर्मपाल के परिजन गोला पहुंचे और उन्हें अपने साथ वापस ले गए। परिजनों का कहना था कि धर्मपाल का मानसिक संतुलन ठीक नहीं है और उनका उपचार चल रहा है। परिजनों के साथ उनके लौटने के बाद मंदिर परिसर में चल रहा अनशन भी समाप्त हो गया। इस पूरे घटनाक्रम की मेले में आए श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों के बीच दिनभर चर्चा होती रही।

15 दिन में घंटाघर भवन से कांग्रेस कार्यालय हटाने का आदेश



सीतापुर। नगर पालिका परिषद ने तामसेनगंज स्थित ऐतिहासिक घंटाघर भवन की पहली मंजिल पर संचालित शहर कांग्रेस कमेटी के कार्यालय को खाली कराने के आदेश जारी किए हैं। अधिशासी अधिकारी एवं न्यायिक उपजिलाधिकारी सीमा सिंह ने कांग्रेस की ओर से दाखिल आपत्तियां निरस्त करते हुए 15 दिन के भीतर भवन का कब्जा नगर पालिका को सौंपने के निर्देश दिए हैं। तय समय में परिसर खाली न होने पर प्रशासन पुलिस बल की मदद से कब्जा हटाएगा और कार्रवाई का पूरा खर्च संबंधित पक्ष से वसूला जाएगा। डीएम के निरीक्षण के बाद शुरू हुई कार्रवाई बताया गया कि जिलाधिकारी के निरीक्षण के दौरान नजूल भूखंड संख्या-244/1 पर बने घंटाघर भवन के प्रथम तल पर कांग्रेस कार्यालय संचालित मिला था। इसके बाद नजूल नियमों के तहत कार्रवाई शुरू कर अभिलेखों से कांग्रेस का नाम हटाने और कब्जा समाप्त कराने की प्रक्रिया आगे बढ़ाई गई। सुनवाई में कांग्रेस कमेटी ने वर्ष 1972 से परिसर आवंटित होने और कब्जे में होने का दावा किया, लेकिन इसके समर्थन में कोई वैध पट्टा, लीज डीड या अन्य अभिलेख प्रस्तुत नहीं कर सकी। नगर पालिका के रिकॉर्ड के अनुसार भवन का अंतिम किराया 6 फरवरी 1971 को 320 रुपये जमा किया गया था। इसके बाद कोई किराया जमा नहीं होने का उल्लेख करते हुए कांग्रेस को डिफॉल्टर माना गया। नगर पालिका ने अपने आदेश में कहा कि नजूल भूमि का स्वामित्व राज्य सरकार के पास रहता है और सक्षम प्राधिकारी की अनुमति के बिना कब्जा या उपयोग वैध नहीं माना जा सकता। इसी आधार पर कांग्रेस की सभी आपत्तियां खारिज कर भवन खाली कराने का आदेश पारित किया गया।

सीडीओ ने किया औचक निरीक्षण

गुणवत्ता व छात्र उपस्थिति सुधारने के दिए निर्देश



सीतापुर। मुख्य विकास अधिकारी डॉ. दीक्षा जोशी ने गुरुवार को मछरेहटा और गोंदलामऊ विकास खंड में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, कंपोजिट एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों के साथ दो ग्राम पंचायतों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता, मध्याह्न भोजन, विद्यार्थियों के शैक्षणिक स्तर, छात्र उपस्थिति और ग्राम पंचायतों में संचालित विकास योजनाओं का स्थलीय सत्यापन किया। उन्होंने निर्माण कार्यों की कमियां एक सप्ताह में दूर करने, विद्यालयों में छात्र उपस्थिति बढ़ाने तथा सभी विकास कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप समयबद्ध ढंग से पूर्ण कराने के निर्देश दिए। सीडीओ ने कहा कि विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में गुणवत्ता, पारदर्शिता और जवाबदेही से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। मुख्य विकास अधिकारी ने कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, मछरेहटा में नव निर्मित उच्चीकृत एकेडमिक ब्लॉक का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्य का स्थलीय जायजा लेते हुए कार्यदायी संस्था को एक सप्ताह के भीतर सभी कमियां दूर कर निर्धारित मानकों के अनुसार कार्य पूरा कराने के निर्देश दिए। सीडीओ ने कंपोजिट विद्यालय केसरा का निरीक्षण कर मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता जांची और बच्चों से पुस्तक पढ़वाकर उनके शैक्षणिक स्तर का आकलन किया। विद्यालय में 162 नामांकित छात्रों के सापेक्ष 80 छात्र उपस्थित मिले। कम उपस्थिति पर संबंधित अधिकारियों को छात्र संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए। एमडीएम की गुणवत्ता संतोषजनक पाई गई। उच्च प्राथमिक विद्यालय दहेलरा के निरीक्षण में 101 नामांकित विद्यार्थियों में से 55 उपस्थित मिले। सीडीओ ने बच्चों से पढ़ाई कराकर सीखने का स्तर परखा और मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता का परीक्षण किया। भोजन संतोषजनक मिला, जबकि छात्र उपस्थिति बढ़ाने के निर्देश दिए गए। विद्यालयों के बाद मुख्य विकास अधिकारी ने ग्राम पंचायत दहेलरा और करूवामऊ का निरीक्षण कर चैराहा सौंदर्यीकरण, सद्भाव लॉन, सामुदायिक शौचालय, मनरेगा पार्क, ओपन जिम, आरआर सेंटर, आंगनबाड़ी केंद्र, अन्नपूर्णा भवन, डिजिटल लाइब्रेरी और पंचायत भवन का निरीक्षण किया। उन्होंने विकास कार्यों की गुणवत्ता, स्वच्छता, रखरखाव और अभिलेखों का परीक्षण करते हुए सभी कार्य समयबद्ध एवं मानक के अनुरूप पूरे करने तथा योजनाओं के संचालन में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

सीएचसी में परिजनों का फूटा गुस्सा

डॉक्टर पर लगाया लापरवाही का आरोप



सीतापुर। हरगांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में गुरुवार दोपहर इलाज के दौरान कक्षा 11 के छात्र की मौत से हड़कंप मच गया। घटना के बाद गुस्साए परिजनों ने करीब दो घंटे तक अस्पताल परिसर में हंगामा करते हुए ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर और स्वास्थ्य कर्मियों पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह परिजनों को शांत कराया, जिसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। हरगांव थाना क्षेत्र के ग्राम कल्याणपुर निवासी विकास (11) पुत्र सतीश, कक्षा 11 का छात्र था। परिजनों के अनुसार बारिश में भीगने के बाद उसे बुखार और खांसी हो गई थी। गुरुवार सुबह उसे इलाज के लिए सीएचसी हरगांव लाया गया। आरोप है कि ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर पंकज कुमार के निर्देश पर कंपाउंडर ने छात्र को दो इंजेक्शन लगाए। इंजेक्शन लगने के कुछ ही देर बाद उसकी हालत अचानक बिगड़ गई। परिजनों का कहना है कि विकास के मुंह से झाग निकलने लगा और वह तड़पने लगा, लेकिन समय रहते उचित इलाज नहीं मिल सका, जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने आरोप लगाया कि हालत बिगड़ने के बाद अस्पताल का स्टाफ भी मौके से हट गया। इससे आक्रोशित परिजनों ने अस्पताल में जमकर हंगामा किया और कार्रवाई की मांग की। थाना प्रभारी आनंद नारायण त्रिपाठी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और निष्पक्ष जांच का भरोसा देकर परिजनों को शांत कराया। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। उधर, सीएचसी में तैनात डॉक्टर पंकज कुमार ने सभी आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि छात्र को गंभीर हालत में अस्पताल लाया गया था। उसकी सांस फूल रही थी और इलाज के दौरान ही उसकी मौत हो गई। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। मृतक विकास के पिता सतीश कुमार निवासी ग्राम कल्याणपुर, थाना हरगांव ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। उन्होंने आरोप लगाया कि इलाज में गंभीर लापरवाही के कारण उनके बेटे की मौत हुई है। सतीश कुमार ने मांग की है कि मामले की सच्चाई सामने लाने के लिए डॉक्टरों के पैनल से वीडियोग्राफी के साथ पोस्टमार्टम कराया जाए, ताकि मौत के वास्तविक कारण स्पष्ट हो सकें और दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जा सके।

ईओ ने बच्चों संग बैठकर चखा मिड-डे मील



सीतापुर। जिलाधिकारी के निर्देश पर नगर पंचायत हरगांव के अधिशासी अधिकारी श्रीश मिश्र ने गुरुवार को प्राथमिक विद्यालय हरगांव प्रथम का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बच्चों को परोसे जा रहे मिड-डे मील की गुणवत्ता का जायजा लिया। ईओ श्रीश मिश्र ने बच्चों के साथ जमीन पर बैठकर स्वयं भोजन किया और उसके स्वाद व गुणवत्ता की जांच की। निरीक्षण में मिड-डे मील का भोजन संतोषजनक और खाने योग्य पाया गया। उन्होंने विद्यालय परिसर का भी निरीक्षण किया, जहां साफ-सफाई की व्यवस्था संतोषजनक मिली। ईओ ने विद्यालय प्रशासन को मिड-डे मील की गुणवत्ता और स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश दिए। इस दौरान नगर पंचायत के लिपिक अजीत सिंह वर्मा, अहिबरन लाल और दीपक कुमार भी मौजूद रहे।

बजरंग दल के विभाग संयोजक बने अनुज भदौरिया

सीतापुर। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल ने हरगांव क्षेत्र के बरोसा निवासी अनुज भदौरिया को सीतापुर विभाग का विभाग संयोजक नियुक्त किया है। यह निर्णय अंबेडकर नगर में आयोजित प्रांतीय बैठक में लिया गया। इससे पहले वह जिला संयोजक के पद पर कार्यरत थे। नियुक्ति पर संगठन के कार्यकताओं ने खुशी जताई। अनुज भदौरिया ने कहा कि वह संगठन की जिम्मेदारी ईमानदारी, सेवा और समर्पण के साथ करूंगा।

कार्यालय नगर पंचायत मौरावाँ-उन्नाव

पत्रांक-244/ पं.रा.वि.आ. /अ.क.नि.सू./ न.प. मौ. /2026-27 दिनांक-06/08/2026

अल्पकालीन निविदा सूचना

नगर पंचायत मौरावाँ-उन्नाव द्वारा राज्य वित्त आयोग की संस्तुतियों के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 में प्राप्त धनराशि से नगर पंचायत मौरावाँ में विकास कार्यों के अन्तर्गत निकाय में स्थित नलकूपों में पम्प हाउस निर्माण कार्य से सम्बन्धी कार्यों हेतु सील बन्द निविदायें दिनांक-14/08/2026 को अपरान्ह -1.00 बजे तक कार्यालय नगर पंचायत मौरावाँ उन्नाव के अनुभवी ठेकेदारो/ फर्मों द्वारा आमन्त्रित की जाती है। आमन्त्रित प्राप्त निविदायें उसी दिन अपरान्ह 2.00 बजे अधोहस्ताक्षरी के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र कार्यालय नगर पंचायत मौरावाँ कार्यालय से सांय-5.00 बजे तक दिनांक-13/08/2026 तक प्राप्त किये जा सकते है। अधोहस्ताक्षरीकर्ता को यह अधिकार होगा कि वह एक या समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त/अस्वीकार कर दें। निविदा के साथ 2% जमानत नकद / एफ. डी.आर./एन.एस.सी. आदि अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत मौरावाँ के नाम बंधक करना अनिवार्य होगा। अन्य नियम व शर्तों की जानकारी कार्य दिवस में कार्यालय नगर पंचायत मौरावाँ से प्राप्त की जा सकती है।

क्र. सं.	कार्य का नाम	आंगणन राशि	जमानत धनराशि 2%	निविदा मूल्य 0.2+18% GST	कार्य अवधि
1	2	3	4	5	6
1	वार्ड नं.-05 लोनियन खेड़ा (लक्ष्मीपुरम) में पम्प हाउस का निर्माण कार्य ।	5,39,931.00	10799.00	1080+195=1275.00	6 माह
2	वार्ड नं.-05 लोनियन खेड़ा में पम्प हाउस का निर्माण कार्य ।	4,95,975.00	9920.00	992+178=1170.00	6 माह
3	वार्ड नं.-02 पठकी टोला में पम्प हाउस का निर्माण कार्य ।	4,23,998.00	8480.00	848+153=1001.00	6 माह
4	वार्ड नं.-01 बेनीगंज (धोबिन टोला) में पम्प हाउस का निर्माण कार्य ।	5,76,626.00	11533.00	1153+208=1361.00	6 माह

शर्तें-:

1. निविदा में दर समस्त व्यय सहित दी जायेगी।
2. स्वीकृत निविदादाता को सूचना उपरान्त निर्धारित अवधि में कार्य पूर्ण करना होगा ।
3. स्वीकृत निविदादाता को नियमानुसार स्टाम्प पेपर पर अनुबन्ध करना होगा एवं 10 प्रतिशत जमानत धनराशि जमा करना होगा।
4. स्वीकृत निविदादाता को नियमानुसार आयकर, जी.एस.टी. व अन्य कटौतियों पश्चात भुगतान किया जायेगा ।
5. किसी एक या समस्त निविदा बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा।
6. निविदा के साथ 2 प्रतिशत जमानत नकद/ एफ.डी.आर./एन.एस.सी. आदि अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत मौरावाँ के नाम बंधक करना अनिवार्य होगा।
7. निविदा प्रपत्र के साथ ठेकेदार को जिलाधिकारी द्वारा जारी अगामी 31 मार्च, 2027 तक मान्य चरित्र प्रमाण-पत्र/ पंजीकन प्रमाण-पत्र/आयकर विभाग में पंजीयन प्रमाण-पत्र व जी.एस.टी. प्रमाण पत्र की छायाप्रतियॉ संलग्न करना अनिवार्य होगा। संलग्न न होने की दशा में निविदा स्वतः निरस्त मानी जायेगी ।

(संतोष चतुर्वेदी)
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत मौरावाँ
उन्नाव

(विवेक सेठ)
अध्यक्ष
नगर पंचायत मौरावाँ
उन्नाव

संक्षेप

एनटीपीसी के 3 खिलाड़ियों का कुराश सब जू.नेशनल चैंपियनशिप में चयन

रायबरेली। राज्यस्तरीय सब जूनियर कुराश चैंपियनशिप का आयोजन 5 अगस्त को डॉ भीमराव अंबेडकर स्पोर्ट्स स्टेडियम सहारनपुर मे आयोजित हुई। इस प्रतियोगिता में प्रदेश के 350 से अधिक खिलाड़ी सम्मिलित हुए थे प्रतियोगिता का आयोजन कुराश एशोसिएशन आफ उत्तर प्रदेश के द्वारा आयोजित कराई गई थी। इस प्रतियोगिता में रायबरेली जिले से 14 खिलाड़ी भाग लिये थे जिसमें तीन खिलाड़ियों का चयन नेशनल चैंपियनशिप के लिए हुआ है इन खिलाड़ियों में-55 किलोग्राम भारवर्ग से अंश मौर्य, - 40 किलोग्राम भारवर्ग से सत्यांश, - 35 किलोग्राम भारवर्ग से प्रद्युमन शर्मा, इसी क्रम में नैतिक, अथर्व शुक्ला, दिव्यांशु अग्रहरि व अरबाज को कांस्य पदक से ही संतोष करना पड़ा ये खिलाड़ी सी.डी.एस मार्शल आर्ट्स ऊचाहार एकेडमी मे प्रैक्टिस करते हैं। कुराश एशोसिएशन आफ रायबरेली के सचिव राहुल कुमार पटेल ने बताया कुराश ताकत के साथ साथ टेक्निक का गेम है जो की थ्रोइंग तकनीक पर केंद्रित है यह खेल जूडो से मिलता जुलता खेल है लोगों को इसकी जानकारी कम है इसलिए लोग इसे एक नया खेल मानते हैं जबकि यह प्राचीनतम खेलों में से एक है इसका इतिहास 3500 वर्ष से भी अधिक का है। इस प्रतियोगिता में चयनित खिलाड़ी 4झ7 सितंबर को लुधियाना, पंजाब मे होने वाली राष्ट्रीय स्तर प्रतियोगिताओं में भाग लेंगे और उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे।

जेल रोड निर्माण की खुली पोल, धंसी सड़क



रायबरेली। जनता के लिए आखिर कोई जवाब देही नहीं होती,चाहे भ्रष्टाचार का मामला हो या फिर जनता को सुख सुविधा पहुंचाने के लिए सरकार द्वारा किए गए कार्य, सब पर पानी तब फिरता है जब बिना देखरेख और जवाब देही के लाखों रुपए का चूना सरकार को लगता है। यह जनता द्वारा सीधा लगाया गया आरोप है,जिसके लिए जेल रोड से आने जाने वाले लोग परेशानी उठाकर जनप्रतिनिधियों से सड़क के निर्माण के लिए परेशान थे। वही करोड़ों रुपए की लागत से लोक निर्माण विभाग द्वारा बनाई गई सड़क लगातार हो रही बारिश के चलते धस गई । सड़क धंसने की घटना के बाद निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े होने लगे हैं। मामला शहर कोतवाली क्षेत्र के जेल रोड का है, जहां हाल ही में बनाई गई सड़क का एक हिस्सा बारिश के दौरान धंस गया। सड़क धंसने से स्थानीय लोगों में नाराजगी है और उन्होंने निर्माण कार्य में लापरवाही व घटिया गुणवत्ता का आरोप लगाया है।स्थानीय लोगों का कहना है कि नई सड़क का इस तरह धंस जाना सरकारी धन के दुरुपयोग और निर्माण कार्य में अनियमितताओं की ओर इशारा करता है। लोगों ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई तथा सड़क की जल्द मरम्मत कराने की मांग की है। वही अधिषासी अभियंता महिपाल सिंह ने बताया कि सड़क के मध्य में सीवर लाइन बनाई गई है जिसके क्षतिग्रस्त होने के कारण सड़क धस गई शीघ्र ही सड़क निर्माण का कार्य कराया जाएगा।

डीएम ने जल संरक्षण कार्यों का किया स्थलीय निरीक्षण



रायबरेली। डीएम सरनीत कौर ब्रोका ने जल संरक्षण एवं भू-जल संवर्धन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विकास खंड सरेनी के विभिन्न ग्राम पंचायतों में संचालित वाटरशेड विकास घटक प्रधान मंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 के अंतर्गत कराये गये विभिन्न कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वाटरशेड कोड रमईपुर कला के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत हसनापुर तथा वाटरशेड कोड खौंद में जल संरक्षण से संबंधित परियोजनाओं का जायजा लेते हुए अधिकारियों को कार्यों की गुणवत्ता एवं प्रभावी रखरखाव सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान डीएम ने ग्राम पंचायत हसनापुर के अंतर्गत जीर्णोद्धार कराए गए तालाब का निरीक्षण किया। उन्होंने तालाब के पुनर्जीवन से जल संचयन, भू-जल स्तर में वृद्धि तथा ग्रामीणों एवं पशुओं को होने वाले लाभों की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि तालाब का नियमित रखरखाव सुनिश्चित किया जाए ताकि वर्षा जल का अधिकतम संचयन हो सके और इसका लाभ लंबे समय तक ग्रामीणों को मिलता रहे, इसके उपरांत जिलाधिकारी ने स्वयं सहायता समूह की उन महिलाओं से संवाद किया जिन्हें उक्त योजना के अंतर्गत लाभान्वित किया गया है। उन्होंने महिलाओं से योजना के माध्यम से प्राप्त लाभ, आजीविका संवर्धन, आर्थिक सशक्तिकरण एवं समूह गतिविधियों के संबंध में जानकारी ली। डीएम ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने की दिशा में निरंतर कार्य करने, सरकारी योजनाओं का अधिकाधिक लाभ उठाने तथा अन्य महिलाओं को भी समूह से जोड़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि स्वयं सहायता समूह ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने के साथ-साथ महिलाओं के सामाजिक एवं आर्थिक सशक्तिकरण का प्रभावी माध्यम बन रहे हैं। इसके साथ-साथ समूह की महिलाओं की समस्याओं को भी सुना गया तथा उसके त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियो को निर्देशित किया गया। वही डीएम ने पहुरी कोड नाले पर निर्मित चेक डैम का निरीक्षण किया। डीएम ग्राम पंचायत खौंद पहुंचीं, जहां उन्होंने किसानों के खेतों में बनाए गए मार्जिनल एवं पेरिफेरल बंधों का निरीक्षण किया। उन्होंने इन संरचनाओं की उपयोगिता का अवलोकन करते हुए कहा कि खेतों में इस प्रकार के बांध वर्षा जल को रोकने, मिट्टी के कटाव को कम करने, नमी बनाए रखने तथा कृषि उत्पादन बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

डीएम ने धनपालपुर पेयजल योजना का किया स्थलीय निरीक्षण

रायबरेली। डीएम ने सरेनी में जल जीवन मिशन के अंतर्गत धनपालपुर पेयजल योजना का स्थलीय निरीक्षण कर योजना के संचालन, पेयजल गुणवत्ता एवं जलापूर्ति व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि उपभोक्ताओं को नियमित, निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण पेयजल उपलब्ध कराया जाना हर स्थिति में सुनिश्चित किया जाए। धनपालपुर पेयजल योजना वर्ष 2021-22 में 232.66 लाख की लागत से स्वीकृत की गई है, जिसके माध्यम से ग्राम पंचायत धनपालपुर की लगभग 2,725 आबादी को पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है। योजना के अंतर्गत एक नलकूप, 175 केएल क्षमता का 16 मी. ऊंचा ओवरहेड टैंक, 12,080 मीटर वितरण पाइपलाइन, 513 गृह नल संयोजन, एक पम्प हाउस, 25 किलोवाट सोलर प्लांट, 17.5 एचपी पम्पिंग प्लांट तथा बाउंड्रीवाल का निर्माण पूर्ण किया जा चुका है। डीएम ने योजना पर कार्यरत ऑपरेटर से जलापूर्ति के समय एवं मानदेय के संबंध में जानकारी ली। अधिकारियों को निर्देशित किया कि पेयजल आपूर्ति की गुणवत्ता एवं नियमितता निरंतर बनाए रखी जाए तथा उपभोक्ताओं को निर्बाध व गुणवत्तापूर्ण पेयजल उपलब्ध कराया जाए।

- गुणवत्तापूर्ण एवं नियमित पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के दिये निर्देश

जीआरपी सिपाही की सतर्कता से टला बड़ा हादसा, चलती ट्रेन से महिला की बचायी जान

रायबरेली। अपनी ड्यूटी पर अपनी जान की बाजी लगाने वाले लोग भी आम जनता के लिए अनमोल होते हैं, ऐसा ही एक मामला रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर एक पर हुआ जहां पर एक बड़ा हादसा जीआरपी सिपाही के बहादुरी के बदौलत टल गया और महिला को उसकी जिंदगी वापस मिल गई। बताया जाता है कि जनता एक्सप्रेस में चढ़ते समय महिला का पैर फिसल गया और वह ट्रेन पर चढ़ते समय लड़खड़ा गई ड्यूटी पर तैनात जीआरपी सिपाही शिवपूजन चौधरी ने अपनी जान पर खेल कर दौड़कर महिला को सुरक्षित बचा लिया लोगों का कहना है कि महिला सामान खरीदने के लिए ट्रेन से उतरी थी, तभी ट्रेन चल पड़ी।पूरी घटना स्टेशन पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई। सिपाही की तत्परता और बहादुरी से महिला की जान बची। जीआरपी थाना प्रभारी और पुलिस अधीक्षक जीआरपी ने सिपाही की कर्तव्यनिष्ठा की सराहना की है।

नाला निर्माण रुका तो बारिश में डूबा वभनैया जलभराव से लोगों की बढ़ी परेशानी



दोस्तपुर, सुलतानपुर (वीओएल)। नगर पंचायत दोस्तपुर के वभनैया क्षेत्र में नाला निर्माण कार्य रुकने का असर पहली ही बारिश में देखने को मिला। गुरुवार को हुई बारिश के बाद सड़क पर गंदा पानी बहने लगा और कई स्थानों पर जलभराव हो गया। कई घरों में भी पानी घुसने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। स्थानीय लोगों का कहना है कि वर्षों से बरसात में यह समस्या बनी रहती है और नाला निर्माण रुकने से हालात और खराब हो गए हैं। ग्रामीणों के अनुसार, नगर पंचायत स्वीकृत टेंडर के तहत नाला निर्माण करा रही थी, लेकिन कुछ लोगों के विरोध और लिखित आपत्ति के बाद कार्य रोक दिया गया। कुछ दुकानदारों का कहना था कि निर्माण शुरू करने से पहले उन्हें कोई सूचना नहीं दी गई थी। वहीं, कुछ लोगों ने नगर पंचायत को लिखित देकर कहा कि उन्हें नाला निर्माण की आवश्यकता नहीं है, जिसके बाद काम रोक दिया गया। स्थानीय निवासी मनोज कुमार शुक्ला ने बताया कि बारिश का गंदा पानी उनके घर के दरवाजे तक भर जाता है और पानी उतरने के बाद ही बाहर निकलना संभव हो पाता है। राजमार्ट से अंबेडकर पार्क जाने वाले मार्ग पर भी तेज बहाव से आवागमन प्रभावित रहता है। कुछ लोगों ने अतिक्रमण को भी नाला निर्माण में बाधा बताया। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि रमेश सोनकर ने कहा कि नाला निर्माण स्वीकृत टेंडर के अनुसार कराया जा रहा था, लेकिन आपत्तियों के चलते कार्य रोकना पड़ा। उन्होंने बताया कि टेंडर को अन्य स्थान पर स्थानांतरित करने की प्रक्रिया चल रही है और नियमानुसार आगे निर्माण कार्य कराकर जलनिकासी की स्थायी व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी।

इनायतपुर घोपा मार्ग पर पुल के पास जमा मिट्टी से हादसों का खतरा

कूरेभार, सुलतानपुर (वीओएल)। इनायतपुर घोपा मार्ग पर स्थित गंभीरा बाबा की कुटी के पास एक पुल के दोनों ओर बरसात के बाद बड़ी मात्रा में मिट्टी जमा हो जाने से आवागमन में भारी परेशानी हो रही है। इस संबंध में क्षेत्र के ग्रामीणों ने एसडीएम जयसिंहपुर को प्रार्थना पत्र देकर तत्काल समस्या का समाधान कराने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि इनायतपुर घोपा मार्ग पर गम्भीरा बाबा के नाम से प्रसिद्ध पुल के दोनों ओर सड़क पर मिट्टी का ढेर जमा हो गया है। इससे सड़क संकरी हो गई है और दोपहिया व चारपहिया वाहनों के आवागमन में दिक्कतें आ रही हैं। बरसात के बाद स्थिति और गंभीर हो गई है, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका लगातार बनी हुई है। ग्रामीणों के अनुसार कई लोग फिसलकर घायल भी हो चुके हैं। प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया गया है कि पुल निर्माण कार्य कराने वाले ठेकेदार द्वारा सड़क पर फैली मिट्टी की सफाई नहीं कराई गई, जिसके कारण राहगीरों को रोजाना जोखिम उठाकर गुजरना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने उप जिलाधिकारी जयसिंहपुर से मांग की है कि संबंधित ठेकेदार को तत्काल निर्देशित कर पुल के दोनों ओर जमा मिट्टी हटवाकर सड़क को सुरक्षित बनाया जाए, ताकि किसी बड़ी दुर्घटना से बचा जा सके। इस प्रार्थना पत्र पर जिला मीडिया प्रभारी भाजपा गणेश गौतम सहित रामजीत वर्मा, अनिल कुमार मिश्र, प्रदीप वर्मा, सोनी विश्वकर्मा, दलजीत सिंह एवं कपिल शर्मा सहित अन्य ग्रामीणों के हस्ताक्षर हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई कर आमजन को राहत दिलाने की मांग की है।इस संबंध में जयसिंहपुर के उपजिलाधिकारी संदीप यादव ने ग्रामीणों को समस्या के समाधान का आश्वासन दिया है।

नगर पंचायत के विकास दावों की खुली पोल जलभराव से जनजीवन अस्त-व्यस्त

महराजगंज, रायबरेली। नगर पंचायत के विकास संबंधी दावों की हकीकत थोड़ी ही बारिश में उजागर हो गई । बारिश के बाद नगर के कई हिस्सों में जलभराव हो गया, जिससे आम जनजीवन प्रभावित रहा। अस्पताल जाने वाला मुख्य मार्ग पूरी तरह पानी में डूबा रहा, जबकि गांधी नगर मोहल्ले में जलभराव से राहत दिलाने के लिए पंप सेट लगाकर पानी निकाला गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि शासन द्वारा नगर के विकास और नागरिकों के बेहतर जीवन स्तर के लिए करोड़ों रुपये उपलब्ध कराए जा रहे हैं, लेकिन जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों और नगर पंचायत अधिकारियों की लापरवाही तथा बिना समुचित कार्ययोजना के विकास कार्य कराने के कारण समस्याएं आज भी जस की तस बनी हुई हैं। नागरिकों का आरोप है कि जिन क्षेत्रों में पहले से पक्की सड़क और नालियां बनी हुई हैं, वहीं दोबारा निर्माण कर सरकारी धन का दुरुपयोग किया जा रहा है, जबकि जिन मोहल्लों में मूलभूत सुविधाएं नहीं हैं, वहां वर्षों से कोई कार्य नहीं कराया गया। आर्य नगर स्थित दानेश्वर मंदिर के पीछे रहने वाले जगमोहन ने बताया कि गुरुवार सुबह हुई बारिश के बाद उनके मोहल्ले के चार से छह घरों में पानी भर गया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में न तो जल निकासी की व्यवस्था है और न ही सड़क का निर्माण कराया गया है। पिछले पांच वर्षों में मोहल्लेवासियों ने सड़क और नाली निर्माण के लिए नगर पंचायत को दर्जनों शिकायत पत्र दिए, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। वहीं, स्थानीय लोगों ने यह भी आरोप लगाया कि राजा स्कूल जाने वाले मार्ग पर पहले से सीसी सड़क सही स्थिति में होने के बावजूद लगभग 40 लाख रुपये की लागत से दोबारा निर्माण कराया जा रहा है। इसे जनता के टैक्स के पैसे की बबार्दी बताते हुए लोगों ने नाराजगी जताई। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि चुनाव के समय नगर को ₹हजरतगंज₹ जैसा विकसित बनाने का दावा करने वाले जनप्रतिनिधि अब जलभराव जैसी गंभीर समस्याओं से मुंह मोड़े हुए हैं। लोगों का आरोप है कि वोट मांगने के दौरान घर-घर पहुंचने वाले जनप्रतिनिधि आज जलभराव से परेशान नागरिकों का हाल जानने तक नहीं आ रहे हैं और केवल सोशल मीडिया पर विकास के दावे करते नजर आते हैं।

विकास योजनाओ में गुणवत्ता के साथ लायी जायेगी तेजी : शशांक त्रिपाठी



अयोध्या। प्रेस क्लब सिविल लाइन अयोध्या में आयोजित ह्यप्रेस से मिलिएह्ण कार्यक्रम में जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने जिले की प्रमुख विकास परियोजनाओं, पर्यटन, यातायात और प्रशासनिक व्यवस्थाओं पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वर्तमान में जनपद की सबसे महत्वपूर्ण परियोजनाओं में चैदह कोसी एवं पंचकोसी परिक्रमा मार्ग का निर्माण शामिल है। पंचकोसी परिक्रमा से पहले इसका निर्माण कार्य पूरा कर लिया जाएगा। परियोजना की लगातार निगरानी की जा रही है और अब केवल फिनिशिंग का कार्य शेष है।

श्रद्धालुओं के अयोध्या में ठहराव को लेकर चलाई गई पर्यटन सुविधाओं हाटएयर बैलून, हेलीकाप्टर से अयोध्या भ्रमण तथा सरयू में क्रूज के बंद होने पर कहा कि सरयू में जलस्तर असामान्य रहता है। जिसके कारण वाटर मेटो व क्रूज के संचालन में दिक्कत आती है। यहां बांध के निर्माण के लिए प्रोजेक्ट शासन स्तर पर लम्बित है। सिचाई विभाग द्वारा संचालित इस परियोजना की स्वीकृत के उपरान्त वाटर मेट्रो तथा क्रूज जैसी पर्यटन सुविधाओं संचालन ठीक प्रकार से हो सकेगा। उन्होंने कहा कि अयोध्या के विकास के लिए सरकार लगातार बजट उपलब्ध करा रही है। मीडिया सेंटर के उपयोग के संबंध में पूछे गए सवाल पर जिलाधिकारी ने बताया कि उपनिदेशक सूचना को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं और जल्द ही मीडिया सेंटर का प्रभावी उपयोग शुरू कराया जाएगा। सावन झूला मेले का उल्लेख करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि यह अपने आप में अनूठा और सामूहिक आस्था का उत्सव है। अयोध्या आने के बाद उन्हें इस परंपरा की विशेष जानकारी मिली। उन्होंने कहा कि इस बार मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रशासन लगातार कार्य कर रहा है। रामपथ पर पार्किंग और अव्यवस्थित वाहनों की समस्या पर उन्होंने बताया कि मार्ग पर दो-तीन स्थानों पर पार्किंग विकसित की जा रही है तथा अन्य उपयुक्त स्थलों का भी चयन किया जा रहा है। इससे जल्द ही यातायात व्यवस्था में सुधार होगा। उन्होंने यह भी कहा कि जनपद में रिंग रोड का निर्माण अगले एक से डेढ़ वर्ष में पूरा होने की उम्मीद है।

राहुल गांधी से डरी है योगी सरकार, कार्यक्रम रोकने की कोशिश : राजेश तिवारी

सुलतानपुर (वीओएल)। कांग्रेस के राष्ट्रीय मीडिया कोऑर्डिनेटर राजेश तिवारी ने प्रयागराज में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के प्रस्तावित छात्र संवाद कार्यक्रम का स्थल निरस्त किए जाने पर केंद्र और प्रदेश सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार राहुल गांधी और छात्रों की बढ़ती आवाज से घबराई हुई है तथा लोकतांत्रिक अधिकारों का दमन कर रही है। तिवारी ने कहा कि इससे पहले भी देहरादून और कोटा के कार्यक्रमों में बाधा डालने का प्रयास किया गया, लेकिन छात्र पीछे नहीं हटे। उन्होंने कहा कि स्थान बदलने से छात्रों का संकल्प नहीं बदलेगा और कार्यक्रम हर हाल में आयोजित होगा। कांग्रेस नेता ने दावा किया कि राहुल गांधी छात्रों के अधिकारों और उनकी समस्याओं की आवाज लगातार उठाते रहेंगे। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में संवाद और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को रोकना उचित नहीं है तथा छात्र हितों से जुड़े मुद्दों पर कांग्रेस का संघर्ष आगे भी जारी रहेगा।

पर्यावरण व समाजसेवा के लिए दो लोगों को मिला अंतर्राष्ट्रीय सम्मान

सुलतानपुर (वीओएल)। गोसाईगंज थाना क्षेत्र के गाना मिश्र के पुरवा निवासी समाजसेवी डॉ. सौरभ मिश्र विनम्र और राजकुमार मिश्र को सामाजिक सेवा एवं पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए अमेरिकन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड ने सम्मानित किया है। इस उपलब्धि से क्षेत्र में खुशी का माहौल है। डा सौरभ मिश्र विनम्र कटका क्लब सामाजिक संस्था के अध्यक्ष तथा राजकुमार मिश्र उसके संरक्षक हैं। दोनों वर्षों से वृक्षारोपण, स्वच्छता अभियान, शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण और जन-जागरूकता से जुड़े कार्यों में सक्रिय हैं। इससे पहले उनके पर्यावरणीय कार्यों के लिए नाम एशिया बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में भी दर्ज हो चुका है। संस्था द्वारा भेजे गए कार्यों के मूल्यांकन के बाद दोनों को सम्मान पत्र प्रदान किया गया। इससे पूर्व उन्हें परिवहन मंत्री दया शंकर सिंह सहित कई राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं द्वारा भी सम्मानित किया जा चुका है। क्षेत्र के शिक्षकों, साहित्यकारों और सामाजिक कार्यकताओं ने इसे जनपद के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया।



आयुष्मान योजना और स्तनपान का दिया संदेश

सुलतानपुर (वीओएल)। बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग के तत्वावधान में गुरुवार को पोषण पाठशाला आयोजित हुई। इसके अंतर्गत ऑनलाइन वेबकास्ट कार्यक्रम में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना और विश्व स्तनपान सप्ताह के अवसर पर मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर जागरूक किया गया। वेबकास्ट में अपर मुख्य सचिव लीना जौहरी, निदेशक हर्षिता माथुर, उपनिदेशक डॉ. अनुपमा साण्डिल्य तथा अन्य विशेषज्ञों ने आयुष्मान भारत योजना की पात्रता, गोल्डन कार्ड से मिलने वाली कैशलेस चिकित्सा सुविधा और योजना का लाभ लेने की प्रक्रिया की जानकारी दी। साथ ही जन्म के तुरंत बाद स्तनपान शुरू करने, पहले छह माह तक केवल मां का दूध पिलाने तथा इससे मां और शिशु को होने वाले स्वास्थ्य लाभों पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम अधिकारी शरद कुमार त्रिपाठी, बाल विकास परियोजना अधिकारी फूल कुमार, दयाराम, राजेन्द्र प्रसाद, मुख्य सेविकाएं, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां, गर्भवती एवं धात्री महिलाएं, आईसीडीएस लाभार्थी तथा बच्चों के अभिभावकों ने भाग लिया। अधिकारियों ने कहा कि पोषण पाठशाला जैसे कार्यक्रम स्वास्थ्य, पोषण और सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाने का प्रभावी माध्यम हैं। उन्होंने पात्र लाभार्थियों से आयुष्मान भारत योजना का लाभ लेने तथा शिशुओं के बेहतर स्वास्थ्य के लिए स्तनपान को प्राथमिकता देने की अपील की।

कृषि विवि में 774 को उपाधि व 24 मेधावियों को मिलेगा स्वर्ण पदक

अयोध्या। आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में 10 अगस्त को आयोजित होने वाले 28वें दीक्षांत समारोह के सफलतापूर्ण आयोजन को लेकर कुलपति डा. ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह ने समिति के सभी अधिकारियों के साथ बैठक कर तैयारी को अंतिम रूप दिया। दीक्षांत समारोह को लेकर विश्वविद्यालय स्तर पर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। दीक्षांत समारोह के अवसर 774 छात्र-छात्राओं को उपाधियां व 24 मेधावियों को 25 स्वर्ण पदक दिए जाएंगे। कुलाधिपति स्वर्ण पदक पांच, कुलपति स्वर्ण पदक 13 तथा विश्वविद्यालय स्वर्ण पदक सात मेधावियों को दिया जाएगा। नौ अगस्त को शाम चार बजे दीक्षांत समारोह का पूर्वाभ्यास किया जायेगा। इसमें छात्र-छात्राओं को उपाधि, पदक, दीक्षोपदेश के साथ अन्य गतिविधियों का पूर्वाभ्यास कराया जायेगा। कुलसचिव ने बताया कि दीक्षांत समारोह के दिन स्नातक के तीन मेधावियों को कुलाधिपति स्वर्ण पदक व स्नातकोत्तर एवं पीएचडी के एक-एक मेधावियों को कुलाधिपति स्वर्ण पदक दिया जाएगा। 13 मेधावियों को कुलपति स्वर्ण पदक दिया जाएगा जिसमें स्नातक के सात, स्नातकोत्तर के पांच व पीएचडी का एक मेधावी छात्र शामिल हैं। इसी क्रम में स्नातक के छह व पीएचडी के एक मेधावी को विश्वविद्यालय स्वर्ण पदक दिया जाएगा। कृषि विश्वविद्यालय द्वारा संचालित विभिन्न महाविद्यालयों एवं मुख्य परिसर को मिलाकर स्नातक, परास्नातक एवं पीएचडी के कुल 774 छात्र-छात्राओं को उपाधियां दी जाएंगी। जिसमें स्नातक के कुल 388, परास्नातक के 335 तथा पीएचडी के कुल 51 छात्र-छात्राओं के नाम शामिल हैं। उप कुलसचिव डा. रागिनी मिश्रा ने बताया कि 2025-26 के उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं के प्रमाण पत्र को भारत सरकार के डिजी लॉकर में अपलोड किया जायेगा। वहींकृषि विश्वविद्यालय में 10 अगस्त को आयोजित होने वाले 28वें दीक्षांत समारोह के अवसर पर प्रदेश की राज्यपाल एवं कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल पहली बार विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को भी सम्मानित करेंगी। विश्वविद्यालय स्तर पर कुलपति डा. ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह ने शिक्षकों का साक्षात्कार किया।

- कुलपति डा. ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह ने अधिकारियों के साथ बैठक कर तैयारी को दिया अंतिम रूप

दलहन की फसल खरीद के लिए खुलेंगे 5 केंद्र, 7 अगस्त को होगा शुभारंभ

रायबरेली। किसानों की दलहन फसलों को न्यूनतम समर्थन मूल्य पर बेचने की सुविधा के लिए जनपद में पहली बार सहकारिता विभाग के अन्तर्गत उड़द एवं मूंग के 5 क्रय केन्द्र खोले जा रहे हैं। जिला सहकारिता विभाग के अनुसार जायद फसल के अन्तर्गत सहकारी समिति धरई,क्रय-विक्रय समिति लि. सलोन,बी-पैक्स उत्तरापारा,क्रय-विक्रय रायबरेली, बी-पैक्स लोधवामऊ आदि पांच केन्द्र बनाए गए हैं ताकि किसानों को अपनी उपज का सही दाम मिल सके और बिचौलियों से मुक्ति मिले। इन केन्द्रों का उद्घाटन 7 अगस्त को सहकारी समिति धरई, क्रय विक्रय समिति लि. सलोन में जिला सहकारी बैंक लि. रायबरेली के अध्यक्ष विवेक विक्रम सिंह द्वारा किया जाएगा।उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य पर उड़द एवं मूंग की खरीद प्रक्रिया, पंजीकरण और आवश्यक अभिलेखों की पूरी जानकारी दी जाएगी। सहकारिता विभाग ने किसानों से अपील की है कि वे अपनी दलहन फसलों को निर्धारित क्रय केन्द्रों पर नियमों के अनुसार बेचकर एमएसपी का लाभ अवश्य लें। एडीसीओ सुनील सिंह ने बताया कि उद्घाटन के अवसर पर सहकारिता विभाग के अधिकारी, समिति के पदाधिकारी, कर्मचारी एवं भारी संख्या में क्षेत्रीय कृषक उपस्थित रहेंगे।

वारंटी अभियुक्ता गिरफ्तार

रायबरेली। थाना मिलएरिया पुलिस टीम द्वारा एक नफर वारंटी अभियुक्ता विघा देवी पत्नी राजाराम पासी निवासिनी ग्राम पूरे ब्राहम्ण मजरे बन्दरा मऊ थाना मिलएरिया जनपद रायबरेली व एक नफर वारंटी अभियुक्त राजाराम पासी पुत्र स्व0 मोहन निवासी ग्राम पूरे ब्राहम्ण मजरे बन्दरा मऊ थाना मिलएरिया जनपद रायबरेली को नियमानुसार गिरफ्तार कर थाना स्थानीय पर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुये माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया ।

तिरंगा यात्रा व बूथ मजबूत करने पर जोर, शहीद स्मारकों पर चलाया जायेगा स्वच्छता अभियान

लालगंज, रायबरेली। भारतीय जनता पार्टी डलमऊ मंडल की महत्वपूर्ण बैठक गुरुवार को संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता नगर पंचायत अध्यक्ष बृजेश दत्त गौड़ के द्वारा की गई । जबकि मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के प्रांतीय नेता जेपी सिंह उपस्थित रहे। बैठक में आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई। भाजपा नेता जेपी सिंह ने कहा कि पार्टी की रीति-नीति के अनुसार तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जाएगा। इसके साथ ही शहीद स्मारकों पर स्वच्छता अभियान चलाकर माल्यार्पण भी किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि 14 अगस्त को भारत विभाजन विभीषिका दिवस के अवसर पर मौन जुलूस और गोष्ठी का आयोजन भी मंडल स्तर पर किया जाएगा। वही 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर सुशील शुक्ला ने कार्यकर्ताओं को बूथ मजबूत करने का मंत्र दिया। उन्होंने कहा चुनाव धीरे-धीरे नजदीक आ रहा है। बूथ को मजबूत करके ही हम चुनाव जीत सकते हैं। मंडल पदाधिकारी और शक्ति केंद्र संयोजक अपने-अपने बूथों पर जाकर बैठक करें और कार्यकताओं से संवाद स्थापित करें। बैठक में अध्यक्ष नगर पंचायत बृजेश दत्त गौड़ने भी कार्यकताओं को संबोधित करते हुए संगठन की आगामी योजनाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर शक्ति केंद्र संयोजक दिनेश त्रिपाठी ,किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष उमेश सिंह ,किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष चंदन त्रिवेदी, नरसवा प्रधान जितेंद्र पटेल, अमरेश पांडे, राम हर्ष सिंह ,आशीष श्रीवास्तव, रामविलास लोधी, रामबाबू गुप्ता, चंद्रप्रकाश तिवारी, हरिश्चंद्र तिवारी,श्रीकांत, कौशलेंद्र सिंह आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

डीएम की फटकार के बाद वृद्धा की भूमि की होगी दोबारा पैमाइश

मिल्कीपुर-अयोध्या। मिल्कीपुर तहसील क्षेत्र के मोहम्मदपुर गांव निवासी 90 वर्षीय विधवा चंद्रावती पत्नी स्वर्गीय कन्हैयालाल ने जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी से मिलकर राजस्व विभाग के कुछ कर्मचारियों पर लोकसेवा नियमों की अनदेखी, पद के दुरुपयोग तथा दबाव में गलत रिपोर्ट प्रस्तुत करने का आरोप लगाया है। जिलाधिकारी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम मिल्कीपुर को कड़ी फटकार लगाई और नई टीम गठित कर दोबारा पैमाइश कराने तथा विवादित भूमि पर प्रस्तावित इंटरलॉकिंग कार्य तत्काल रोकने के निर्देश दिए। चंद्रावती के अनुसार वह गाटा संख्या 3708 रकबा 0.477 हेक्टेयर तथा 3709 रकबा 0.058 हेक्टेयर की संक्रमणीय भूमिधर हैं। उनका कहना है कि चकबंदी न्यायालय, सीओ, एसओसी तथा डीडीसी के आदेशों के अनुपालन में वर्ष 2019 में प्रशासन द्वारा पैमाइश कराकर उन्हें भूमि पर कब्जा दिलाया गया था, जिस पर आज भी उनका कब्जा है। पीड़िता का आरोप है कि गांव के श्रीकन्त मिश्रा, हनुमान दत्त मिश्रा, राम दत्त मिश्रा,चन्दिका प्रसाद, अरुण कुमार आदि के दबाव में आकर क्षेत्रीय लेखपाल, कानूनगो तथा सहायक चकबंदी अधिकारी ने बिना विधिवत पैमाइश और



चैहद्दी निर्धारण किए उनके चक के बीच से जबरन रास्ता निकालने तथा इंटरलॉकिंग सड़क बनवाने की रिपोर्ट तैयार कर दी। उनका कहना है कि इस कार्रवाई से उनकी कृषि भू

संक्षेप

दो बाइकों की टक्कर में एक की मौत, दो की हालत गंभीर

कुशीनगर। जिले के खड्डा थाना क्षेत्र में मुख्य पश्चिमी गंडक नहर मार्ग पर दो बाइकों की आमने-सामने हुई जोरदार टक्कर में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दो अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज कुशीनगर रेफर किया गया है।पुलिस के अनुसार, खड्डा थाना क्षेत्र के बहोर भैंसहा गांव निवासी राजन यादव और जितेंद्र यादव बुधवार रात करीब आठ बजे अपनी बुआ के घर सारंगछपरा से बाइक से मदनपुर सुकरौली की ओर जा रहे थे। जब वे सिसवा गोपाल गांव के सामने मुख्य पश्चिमी गंडक नहर मार्ग पर पहुंचे, तभी सामने से आ रही दूसरी बाइक से उनकी जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में दोनों बाइकों पर सवार तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास मौजूद ग्रामीणों ने तत्काल एंबुलेंस बुलाकर सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तुर्कहा पहुंचाया।

कांवड़ यात्रियों की सुरक्षा के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्णः डीएम

जिला संवाददाता (vol)



बिजनौर। जिलाधिकारी जसजीत कौर के निर्देश पर कांवड़ यात्रा-2026 को देखते हुए भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग अभिकरण (एनएचएआई) द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग-74 (हरिद्वार-नगीना खण्ड) आदि पर कांवड़ यात्रियों की सुरक्षा एवं सुगम आवागमन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्ण कर ली गई हैं।

जिलाधिकारी जसजीत कौर ने आमजन एवं वाहन चालकों से अपील की है कि कांवड़ यात्रा के दौरान जारी यातायात व्यवस्था एवं पुलिस प्रशासन द्वारा दिए जा रहे दिशा-निदेशों का पालन करें तथा सुरक्षित एवं व्यवस्थित यातायात संचालन में सहयोग प्रदान करें।

परियोजना निदेशक एनएचएआई संकेश शर्मा ने बताया कि यातायात पुलिस द्वारा चिन्हित स्थानों पर आर0सी0सी0 क्रैश बैरियर स्थापित कर मीडियन कटों को बंद करा दिया गया है, जिससे अनावश्यक एवं असुरक्षित क्रॉसिंग पर रोक लगाई जा सके तथा दुर्घटनाओं की संभावना न्यूनतम रहे। उन्होंने बताया कि इसके अतिरिक्त कांवड़ यात्रियों एवं अन्य वाहन चालकों के सुरक्षित एवं व्यवस्थित आवागमन के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग-74 पर विभिन्न स्थानों पर वाटरफिल बैरियर लगाकर आवश्यकतानुसार यातायात डायवर्जन की व्यवस्था की गई है। इससे यातायात का संचालन सुचारु एवं सुरक्षित ढंग से किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि रात्रिकालीन आवागमन को सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से राष्ट्रीय राजमार्ग-74 पर स्ट्रीट लाइट एवं हाई मास्ट लाइटों के माध्यम से समुचित प्रकाश व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई है, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने वन स्टॉप सेंटर का किया निरीक्षण



कुशीनगर। भुवन, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आज वन स्टॉप सेन्टर का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान वहाँ की व्यवस्था, साफ-सफाई, खान-पान, पेयजल की व्यवस्था सब कुछ सही पाया गया। निरीक्षण में किसी प्रकार की खामी नहीं पायी गयी।

समस्त कर्मचारी एवं पुलिस बल उपस्थित मौके से मिले। वन स्टाप सेन्टर में भर्ती लड़कियों एवं महिलाओ से बातचीत कर उनका हालचाल पूछा गया। किसी के द्वारा कोई दिक्कत नहीं बतायी गई ।निरीक्षण के दौरान रीता यादव केन्द्र प्रशासिका, चन्दा सिह पैरा मेडिकल नर्स, प्रियंका चौरसिया केस वर्कर, मुनीष कुमार कम्प्यूटर आपरेटर, पुष्पा पीआरडी, जया देवी महिला आरक्षी, सिद्धी साहा होमगार्ड, सीमा पीआरडी उपस्थित थे। सचिव भुवन ने वन स्टॉप सेन्टर के बैरक का भी मुआयना किया।

मूसलाधार बारिश के बाद उमस भरी गर्मी से लोगो को मिली राहत, किसान हुए खुश



नगीना, बिजनौर। पिछले दो दिन से लगातार हो रही झमाझम बारिश ने मौसम का मिजाज बदल दिया। दिनभर आसमान में बादलों की आवाजाही के बाद शाम को शुरू हुई तेज बारिश से लोगों को उमस भरी गर्मी से बडी राहत मिली। बारिश के साथ ही तापमान में गिरावट दर्ज की गई, जिससे पूरे क्षेत्र का मौसम सुहावना हो गया। गुरुवार की सुबह से ही आसमान में बादल छाए रहे और बाद में तेज बारिश शुरू हो गई, जिससे सडकों पर पानी भर गया और लोगों ने गर्मी से राहत महसूस की। कई दिनों से पड रही उमस के बाद बारिश ने मौसम को खुशनुमा बना दिया। मौसम विभाग नगीना के प्रेक्षक सतीश कुमार ने बताया कि आगामी दिनों में भी बादलों की आवाजाही के साथ मध्यम बारिश की संभावना बनी हुई है। यदि यही स्थिति रही तो तापमान सामान्य से नीचे बना रहेगा और लोगों को गर्मी व उमस से राहत मिलती रहेगी। मौसम विभाग के अनुसार अधिकतम तापमान 33.2 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 25.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बारिश से खेतों में पर्याप्त पानी पहुंचने पर किसानों में खुशी का माहौल है। किसान अमित शर्मा एडवोकेट, शानू चैधरी एडवोकेट, चन्द्रपाल सैनी, बाबू मदनपाल सिंह, मुन्शी दीपक पाल पुरैनी वाले, पुष्पा शर्मा, सुदीप शर्मा उर्फ सोनू, मास्टर नितिन शर्मा, अतुल शर्मा आदि किसानों का कहना है कि इस बारिश से धान, गन्ना और अन्य खरीफ फसलों को पर्याप्त नमी मिलेगी, जिससे फसलों की पैदावार बेहतर होगी। किसान इस बारिश को खेती के लिए बेहद लाभदायक बता रहे है।

बेटे की मौत की खबर सुनने के बाद मां के भी प्राण निकले, दोनो की एक साथ उठी अर्थियां

जिला संवाददाता



धामपुर, बिजनौर। युवक की अचानक तबीयत बिगडने के बाद मौत की खबर से उसकी मां गहरे सदमे में चली गईं और कुछ घंटों बाद मां ने भी दम तोड दिया। एक ही घर से मां-बेटे की एक साथ अर्थियां उठने से पूरे क्षेत्र में मातम छा गया।

जानकारी के अनुसार थाना शेरकोट क्षेत्र के मोहल्ला फतेहनगर निवासी टोली सिंह का पुत्र विशाल (20वर्ष) मंगलवार देर रात अचानक बीमार हो गया। परिजन उसे तत्काल निजी चिकित्सक के पास लेकर पहुंचे। चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

चिकित्सकों ने बताया कि युवक की हृदय गति रुकने से मौत हुई। युवक की मौत की खबर मिलते ही उसकी मां कविता बेसुध होकर गिर पडीं। परिजन उन्हें उपचार के लिए अस्पताल ले गए, लेकिन बेटे को खोने का सदमा वह सहन नहीं कर सकीं और कुछ ही घंटों बाद मां की भी मृत्यु हो गई। जब एक ही घर से मां और बेटे की अंतिम यात्रा निकली तो वहां मौजूद लोगों की आंखें नम हो गई।

परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। गमगीन माहौल में दोनों का अंतिम संस्कार किया गया।

आईजीआरएस की 'सी' ग्रेडिंग पर डीएम सख्त, चार मामलों में दिए कार्रवाई के निर्देश

जिला संवाददाता

देवरिया। मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा माह जुलाई 2026 की आईजीआरएस रैंकिंग में जनपद के चार प्रकरणों को 'सी' श्रेणी में वर्गीकृत किए जाने पर जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने कड़ा रुख अपनाया है। उन्होंने गुणवत्तापूर्ण निस्तारण न करने वाले अधिकारियों के विरुद्ध नियमानुसार दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए संबंधित नियंत्रक अधिकारियों को पत्र जारी किया है। साथ ही सभी प्रकरणों में साक्ष्य सहित तथ्यपरक एवं गुणवत्तापूर्ण आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। लर्निंग लाइसेंस की प्रिंटिंग में अनावश्यक विलंब से जुड़े प्रकरण में सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी, देवरिया द्वारा स्पष्ट एवं तथ्यपरक आख्या प्रस्तुत नहीं किए जाने पर मुख्यमंत्री कार्यालय के आईजीआरएस कमांड सेंटर ने निस्तारण को अपूर्ण एवं भ्रामक माना। इस पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारी के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

विद्युत दुर्घटना में मृतक के आश्रितों को आर्थिक सहायता दिलाने से संबंधित शिकायत के निस्तारण में केवल औपचारिक आख्या प्रस्तुत किए जाने तथा वास्तविक कार्रवाई का विवरण उपलब्ध न कराने पर अधिशासी अभियंता, विद्युत वितरण खंड, गौरीबाजार के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। स्थायी विद्युत विच्छेदन संबंधी शिकायत में शिकायतकर्ता द्वारा असंतोष व्यक्त किए जाने के बावजूद पुनः जांच, शिकायतकर्ता से वार्ता एवं साक्ष्य सहित नई आख्या प्रस्तुत न करने तथा पुरानी आख्या के आधार पर ही प्रकरण का निस्तारण किए जाने पर अधिशासी अभियंता, विद्युत वितरण खंड, देवरिया के विरुद्ध भी दंडात्मक कार्रवाई के निर्देश जारी किए गए है इसी प्रकार बिजली बिल की धनराशि तकनीकी त्रुटि के कारण गलत डिस्कॉम में जमा होने के मामले में एक वर्ष से अधिक समय बीत जाने के बावजूद समस्या का समाधान न होने तथा केवल अंतरिम एवं औपचारिक आख्या प्रस्तुत किए जाने पर अधिशासी अभियंता, विद्युत वितरण खंड, सलेमपुर एवं उपायुक्त एनआरएलएम, देवरिया के विरुद्ध भी नियमानुसार कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया है कि आईजीआरएस शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही, औपचारिकता अथवा गुणवत्ताहीन आख्या स्वीकार नहीं की जाएगी। शिकायतों का समयबद्ध, तथ्यपरक एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, अन्यथा संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

सफाई कर्मियों की होगी लाइव लोकेशन से निगरानी

देवरिया। जनपद की ग्राम पंचायतों में सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ एवं जवाबदेह बनाने के उद्देश्य से मुख्य विकास अधिकारी श्री राजेश कुमार सिंह ने सभी सहायक विकास अधिकारी(पंचायत)को आवश्यक निर्देश जारी किया है। ग्राम पंचायतों में बजबजाती नालियों, कूड़े कचड़े के ढेर ,गलियों,रास्तों ,सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी ,सफाई कर्मचारियों के लापरवाही ,ड्यूटी से गायब रहने की मिल रही लगातार शिकायतों के मद्देनजर यह व्यवस्था लगा कि जा रही है जनपद के विकास खंड गौरीबाजार में 129,पथरदेवा में 131, तरकुलवा में 73, देवरिया सदर में 183, बैतालपुर में 151, भलुअनी में 168, भटनी में 138, भाटपाररानी में 108, बरहज में 93, रुद्रपुर में 138, बनकटा में 146,भागलपुर में 111,दसई देवरिया में 82,लार में 108, सलेमपुर में217 रामपुर कारखाना में 132,इसप्रकार जनपद की समस्त ग्रामपंचायतो में कुल 2108 सफाई कर्मी तैनात है ।

शिविर लगाकर छात्राओं को बाल विवाह के दुष्परिणाम व कानून की जानकारी दी

बिजनौर। उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के एक्शन प्लान एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के आदेश पर धामपुर के मुनि विद्यानंद जैन कन्या विद्यालय में बाल विवाह निषेध अधिनियम विषय पर विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य छात्राओं को बाल विवाह के दुष्परिणामों तथा इससे संबंधित कानूनी प्रावधानों की जानकारी देना है शिविर में पीएलवी जयवीर सिंह ने कहा कि बाल विवाह एक गंभीर सामाजिक कुरीति होने के साथ-साथ दंडनीय अपराध भी है। उन्होंने बताया कि बाल विवाह बच्चों के शिक्षा, स्वास्थ्य और उनके मौलिक अधिकारों को प्रभावित करता है तथा उनके उज्ज्वल भविष्य में बाधा बनता है। प्रधानाध्यापिका प्रियंका वत्स ने कहा कि बाल विवाह समाज की प्रगति में सबसे बडी बाधाओं में से एक है। उन्होंने बताया कि कम उम्र में मातृत्व ग्रहण करने से मां और नवजात दोनों के स्वास्थ्य पर गंभीर खतरे उत्पन्न हो सकते हैं। पीएलवी राजीव कुमार ने बाल विवाह रोकने के लिए उपलब्ध कानूनी सहायता की जानकारी देते हुए बताया कि इसकी सूचना टोल फ्री नंबर 1098, 181 एवं 112 पर दी जा सकती है। सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम गुप्त रखा जाएगा। उन्होंने बताया कि बाल विवाह कराने या उसमें शामिल होने वालों के खिलाफ दो वर्ष तक के कारावास तथा एक लाख रुपये तक के जुमार्ने का प्रावधान है।

कथित पत्रकार के विरुद्ध एन एम ने दी तहरीर : ब्लैकमेल करने का आरोप

भटनी देवरिया)। स्थानीय क्षेत्र के उपस्वास्थ्य केन्द्र डुमरी में कार्यरत एक एन एम ने कथित दो पत्रकारों पर कार्य के दौरान वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है ।एन एम प्रियंका राय ने थाने में दिये गये तहरीर में लिखा है कि 26जून को दो लोग पत्रकार बनकर डुमरी उप स्वास्थ्य केन्द्र पर आये और एक मरीज का गर्भपात कराने का दबाव बनाने लगे ।मेरा पैर पकडकर गर्भपात करने के बदले 40हजार रुपया देने की पेशकश करने लगे । गर्भपात करने से साफ इंकार कर दी ।एन एम ने आरोप लगायी है कि उक्त बात को कैमरे मे रिकॉर्ड कर लिये दो घण्टे तक स्वास्थ्य केन्द्र पर बैठे रहे । मेरा ना व मोबाइल सूची से नोट कर लिया ।दुसरे दिन मेरे फोन विडियों का स्क्रीन शाट भेज कर मुझसे रुपये की माँग करने लगे ।जहाँ भी मेरी डियुटी लग रही है ।वहां - वहाँ जाकर मुझै रुपये के लिए धमकाया जा रहा है । इन नम्बरों से 9918741826,7348640476 पर रुपये की माँग कर धमकाया जा रहा है जिससे मेरा मानसिक तनाव बढ गया ।

एनएसयूआई जिला कार्यकारिणी का हुआ गठन

जिला संवाददाता



कुशीनगर। भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) कुशीनगर के जिला अध्यक्ष अनुज कुमार मिश्रा ने संगठन को और अधिक मजबूत एवं सक्रिय बनाने के उद्देश्य से गुरुवार को बौद्ध स्थली कुशीनगर में बैठक आहूत कर नई जिला कार्यकारिणी की गठन किया। जिलाध्यक्ष श्री मिश्रा ने बताया कि यह कार्यकारिणी राष्ट्रीय प्रभारी कन्हैया कुमार एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद जाखड़ व प्रदेश अध्यक्ष ऋषभ पांडेय की सहमति एवं स्वीकृति से गठित की गई है।उन्होंने कहा कि नई टीम में ऐसे युवाओं को जिम्मेदारी सौंपी गई है, जो छात्र हितों, शिक्षा के अधिकार एवं संगठन की विचारधारा को मजबूती से आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। नवगठित कार्यकारिणी जिले के प्रत्येक कॉलेज एवं छात्र-छात्राओं की समस्याओं को प्रमुखता से उठाते हुए संगठन का विस्तार करेगी।जिला अध्यक्ष ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएँ देते हुए आशा व्यक्त की कि सभी साथी पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ संगठन को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाने का कार्य करेंगे तथा छात्र हितों की लड़ाई को मजबूती से आगे बढ़ाएंगे।घोषित पदाधिकारियों में जिला उपाध्यक्ष रेहान अहमद, विनदेश्वर गुप्ता, जहरुद्दीन अंसारी, जिला महा सचिव शक्तिराज तिवारी, दिब्यांश शुक्ला, आदित्य शुक्ला, दीपक गोंड, जफर हुसैन, सैफ अंसारी, सीतेश प्रसाद, मुस्तफा शेख, सईद रहमान, आतिफ अंसारी हैं।

कारीगरों को निःशुल्क विद्युत चालित चाक वितरित करेगा माटीकला बोर्ड

जिला संवाददाता

कुशीनगर। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी विनय कुमार ने बताया कि उत्तर प्रदेश माटीकला बोर्ड द्वारा संचालित माटीकला टूल किट्स वितरण योजना के अंतर्गत जनपद के परम्परागत माटीकला कारीगरों एवं

आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों को शासनादेश के अनुसार आरक्षण का लाभ दिया जायेगा

शिल्पियों को आधुनिक तकनीक से युक्त विद्युत चालित चाक निःशुल्क उपलब्ध कराया जाएगा। योजना का उद्देश्य माटीकला से जुड़े कारीगरों की उत्पादकता एवं आय में वृद्धि करना है।

उन्होंने बताया कि चयनित लाभार्थियों को विभागीय मण्डलीय ग्रामोद्योग प्रशिक्षण केन्द्र, खजनी (गोरखपुर) में विद्युत चालित चाक वितरण से पूर्व नवीन तकनीक आधारित टूल किट्स एवं उपकरणों के संचालन का तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण प्राप्त करना अनिवार्य होगा। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी ने बताया कि लाभार्थियों का चयन मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा किया जाएगा। योजना के लिए ऐसे अभ्यर्थी पात्र होंगे जो–

माटीकला के परम्परागत कारीगर हों। परम्परागत कारीगर परिवार के शिक्षित बेरोजगार सदस्य हों, माटीकला की किसी विधा में प्रशिक्षित एवं प्रमाण-पत्र धारक हों।

स्वरोजगार में रुचि रखने वाले अथवा परम्परागत कारीगर परिवार की महिला हों।

उत्तर प्रदेश के मूल निवासी हों। जिनकी आयु 18 से 55 वर्ष के मध्य हो। आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों को शासनादेश के अनुसार आरक्षण का लाभ दिया जाएगा। चयन में आर्थिक रूप से कमजोर, तकनीकी दक्षता एवं विपणन क्षमता रखने वाले अभ्यर्थियों को प्राथमिकता प्रदान की जाएगी।

उन्होंने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी 14 अगस्त, 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन उत्तर प्रदेश माटीकला बोर्ड की वेबसाइट पर किया जा सकता है। योजना से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए इच्छुक अभ्यर्थी जिला ग्रामोद्योग कार्यालय, नरकटिया बुजुर्ग, सपहा रोड, कसया, कुशीनगर में संपर्क कर सकते हैं।

जिला ग्रामोद्योग अधिकारी श्री विनय कुमार ने जनपद के पात्र माटीकला कारीगरों एवं शिल्पियों से अपील की है कि वे योजना का लाभ उठाने हेतु निर्धारित तिथि के भीतर आवेदन करना सुनिश्चित करें।

जिला जेल में बुजुर्ग विचाराधीन बंदी की मौत

देवरिया। जिला जेल में जाल फरेब के आरोप में बंद एक अस्सी वर्षीय विचाराधीन बंदी की गुरुवार को उपचार के दौरान मेडिकल कॉलेज में मौत हो गई।

आधिकारिक सूत्रों के अनुसार कुशीनगर जिले के हकीम अंसारी जाल फरेब के आरोप में यहां जिला जेल में बंद थे। आज उनकी तबीयत खराब होने पर जेल के डाक्टरों ने उन्हें मेडिकल कॉलेज भेजा। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

लापरवाही बरतने के आरोप में पांच चिकित्साधिकारियों को नोटिस

देवरिया। आईजीआरएस प्रकरणों के त्रुटिपूर्ण निस्तारण एवं लापरवाही पाए जाने पर जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने पांच प्रभारी चिकित्साधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि संतोषजनक स्पष्टीकरण प्राप्त न होने पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी द्वारा आईजीआरएस प्रकरणों की नियमित समीक्षा एवं फीडबैक के दौरान शिकायतकताओं की असंतुष्टि तथा निस्तारण में गंभीर खामियां पाए जाने पर यह कार्रवाई की गई। महिला नसबंदी के बावजूद गर्भधारण होने के दावे से संबंधित प्रकरण के त्रुटिपूर्ण निस्तारण पर प्रभारी चिकित्साधिकारी बैतालपुर, अधिकारियों द्वारा मनमाने ढंग से कार्य करने एवं पद के दुरुपयोग संबंधी शिकायत के प्रकरण में प्रभारी चिकित्साधिकारी सलेमपुर, अपात्र लाभार्थी का आयुष्मान भारत कार्ड निरस्त किए जाने संबंधी प्रकरण में प्रभारी चिकित्साधिकारी लार, ग्राम पंचायत दिस्तौली में आशा कार्यकर्ता के चयन संबंधी शिकायत के त्रुटिपूर्ण निस्तारण पर प्रभारी चिकित्साधिकारी बनकटा तथा निजी अस्पताल द्वारा अत्यधिक एवं अनुचित चिकित्सकीय बिल वसूले जाने संबंधी शिकायत के प्रकरण में प्रभारी चिकित्साधिकारी देसही देवरिया से स्पष्टीकरण मांगा गया है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए हैं कि आईजीआरएस प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा औपचारिकता स्वीकार नहीं की जाएगी। संतोषजनक स्पष्टीकरण प्राप्त न होने पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।

सरकारी शिलापट्टों पर 'किरन' के साथ 'राकेश' की एंट्री पर सवाल

शिलापट्टों पर अध्यक्ष के नाम के साथ जुड़े पति के नाम ने खड़े किए बड़े सवाल

जिला संवाददाता

कुशीनगर। नगर पालिका परिषद कुशीनगर इन दिनों विकास कार्यों से अधिक अपने कारगुजारियों को लेकर चर्चा में है। करोड़ों रुपये की लागत से कराए गए निर्माण कार्यों के बीच अब एक ऐसा मामला सामने आया है जिसने नगर पालिका प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

'प्रचलन' की आड़ या नियमों की अनदेखी

मामला सरकारी शिलापट्टों पर अंकित नगर पालिका अध्यक्ष किरन जायसवाल के नाम के साथ जुडे उनके पति के नाम किरन राकेश जायसवाल का है।बतादे कि नगर पालिका परिषद कुशीनगर के सभी आधिकारिक अभिलेखों, चुनाव आयोग के रिकॉर्ड, सरकारी पत्राचार और अन्य प्रमाणित दस्तावेजों में अध्यक्ष का नाम ₹किरन जायसवाल₹ दर्ज है। लेकिन नगर में लगाए गए विकास कार्यों के अनेक सरकारी शिलापट्टों पर ₹किरन राकेश जायसवाल₹ अंकित किया गया है। सवाल यह है कि जब किसी निर्वाचित जनप्रतिनिधि की वैधानिक पहचान सरकारी अभिलेखों से तय होती है, तो फिर सरकारी शिलापट्टों पर अलग नाम किस अधिकार और किस नियम के तहत अंकित कराया गया? विशेषज्ञों का कहना है कि यह मामला इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि सरकारी शिलापट्ट किसी व्यक्ति की निजी पहचान का माध्यम नहीं है, बल्कि वे सार्वजनिक धन से कराए गए कार्यों का स्थायी सरकारी अभिलेख होते हैं। ऐसे अभिलेखों पर अंकित प्रत्येक नाम, पद और विवरण आधिकारिक रिकॉर्ड के अनुरूप होना चाहिए।

ईओ का 'प्रचलन' वाला तर्क, लेकिन नियम कौन-सा

इस संबंध में जब नगर पालिका परिषद की अधिशासी अधिकारी अंकिता शुक्ला से बात की गई तो उन्होंने स्पष्ट कहा कि नगर पालिका के रिकॉर्ड में अध्यक्ष का नाम ₹किरन जायसवाल₹ ही दर्ज है। लेकिन शिलापट्टों पर ₹किरन राकेश जायसवाल₹ लिखे जाने के संबंध में उन्होंने कहा कि ₹यह प्रचलन है कि हिन्दू महिलाएं अपने नाम के साथ पति का नाम जोड़ती हैं।₹ हालांकि जब उनसे पूछा गया कि यदि सरकारी अभिलेखों, चुनावी दस्तावेजों और अन्य प्रमाणित रिकॉर्ड में ऐसा नहीं है तो सरकारी शिलापट्टों पर ऐसा किस शासनादेश, नियमावली या वैधानिक प्रावधान के तहत किया गया, तो उन्होंने कहा कि ₹मैं दिखवाती हूं।₹ईओ का यह जवाब अब स्वयं कई सवालों के घेरे में है, क्योंकि सरकारी कार्यों का संचालन ₹प्रचलन₹ से नहीं बल्कि नियमों, अधिनियमों और शासनादेशों से होता है।

अगर प्रचलन था, तो पहले क्यों नहीं

नगर के लोगों का कहना है कि अध्यक्ष बनने से पहले उनके आधार कार्ड, पैन कार्ड, मतदाता पहचान पत्र, चुनावी नामांकन पत्र तथा नगर पालिका के रिकॉर्ड में केवल ₹किरन जायसवाल₹ नाम ही प्रयुक्त होता रहा। यदि पति का नाम जोड़ना वास्तव में परंपरा थी, तो वह पहले सरकारी दस्तावेजों में क्यों नहीं दिखाई दिया? अध्यक्ष बनने के बाद ही सरकारी शिलापट्टों पर यह बदलाव क्यों किया गया?

सरकारी शिलापट्ट या निजी पहचान

विशेषज्ञों का मानना है कि सरकारी शिलापट्ट व्यक्तिगत परिचय या सामाजिक पहचान का माध्यम नहीं होते। वे सरकारी रिकॉर्ड का सार्वजनिक दस्तावेज होते हैं। यदि किसी निर्वाचित प्रतिनिधि का नाम आधिकारिक अभिलेखों से अलग अंकित किया जाता है, तो उसका स्पष्ट प्रशासनिक और वैधानिक आधार होना चाहिए। अन्यथा यह पारदर्शिता और अभिलेखीय शुचिता पर प्रश्न खड़ा करता है।

सवाल पे सवाल कौन देगा जवाब

इस मुद्दे पर एक, दो नही तमाम यक्ष प्रश्न है, क्या सरकारी शिलापट्टों पर आधिकारिक नाम बदलकर लिखा जा सकता है ?यदि हां, तो इसका नियम और शासनादेश क्या है ?क्या नगर पालिका परिषद ने इस संबंध में कोई प्रस्ताव पारित किया था ?क्या किसी सक्षम अधिकारी से इसकी अनुमति ली गई थी ?यदि यह केवल ₹प्रचलन₹ है, तो क्या भविष्य में कोई भी जनप्रतिनिधि अपनी इच्छा के अनुसार नाम लिखवा सकता है ?यदि यह त्रुटि है, तो क्या सभी शिलापट्टों को संशोधित कराया जाएगा ?देखना दिलचस्प होगा कि जिलाधिकारी व नगर विकास मंत्रालय इसे कितनी गंभीरता से लेते है, क्योंकि यह मामला सिर्फ एक नाम का नहीं, बल्कि सरकारी अभिलेखों की शुचिता, प्रशासनिक पारदर्शिता और नियमों के पालन का है। फिलहाल नगर में एक ही चर्चा है ₹जब सरकारी रिकॉर्ड में 'किरन जायसवाल' हैं, तो शिलापट्टों पर 'किरन राकेश जायसवाल' आखिर किस नियम से लिखवाया गया?



लघु सिंचाई विभाग के जेई पर किसान का कुआं पाटने का आरोप

ललितपुर। विकास खंड जखौरा अंतर्गत ग्राम मनगुवा में लघु सिंचाई विभाग के एक जूनियर इंजीनियर और उनकी टीम पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं। गांव के किसान ने आरोप लगाया है कि विभाग द्वारा नए कुएं के निर्माण के दौरान उसके वर्षों पुराने सिंचाई कुएं को मिट्टी डालकर पाट दिया गया, जिससे उसकी खेती पूरी तरह प्रभावित हो गई। पीड़ित ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। ग्राम मनगुवा निवासी मनोहर लाल पुत्र राधेश्याम ने जिलाधिकारी को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उसके खेत में वर्षों पुराना कुआं है, जिससे उसकी लगभग 5 एकड़ कृषि भूमि की सिंचाई होती थी। इतना ही नहीं, इसी कुएं से आसपास के किसानों की खेती भी सिंचित होती थी। आरोप है कि गांव के ही विनोद पुत्र पुरुषोत्तम नारायण के खेत में लघु सिंचाई विभाग द्वारा नया कुआं बनवाया जा रहा है।

महंगाई की चिंता बरकरार

आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की तीन दिन की बैठक के बाद बुधवार को वित्तीय बाजारों की अपेक्षाओं के अनुरूप ही नीतिगत रेपो दर को अपरिवर्तित रखा गया। इसके पीछे ठोस कारण भी हैं। जून में मुद्रास्फीति दर 4.4 फीसदी रही जो आरबीआई के 4 फीसदी के लक्ष्य से अधिक है लेकिन इससे पहले लगातार 16 महीनों तक मुद्रास्फीति लक्ष्य से नीचे रही थी। ऐसे में कुछ हद तक सामान्यीकरण स्वाभाविक माना जा सकता है। इसके अलावा मौजूदा मुद्रास्फीति मुख्य रूप से ईंधन और खाद्य वस्तुओं की कीमतों से प्रभावित है। खाद्य और ईंधन को छोड़कर कोर यानी मुख्य मुद्रास्फीति मई और जून में 3.9 फीसदी रही। यदि इसमें से कीमती धातुओं की कीमतों का प्रभाव भी हटा दिया जाए तो यह दर और भी कम हो जाती है। इसलिए यह कहा जा सकता है कि महंगाई पूरे अर्थतंत्र में व्यापक रूप से नहीं फैली है। पश्चिम एशिया में संभावित युद्ध विराम से ऊर्जा कीमतों पर दबाव कम हो सकता है। इसके अतिरिक्त इस समय मॉनसून की प्रगति और उसके प्रभाव का इंतजार करना भी उचित था। यद्यपि आने वाले महीनों में स्थिति इतनी सरल नहीं रहेगी। चालू वित्त वर्ष के लिए मुद्रास्फीति का अनुमान 10 आधार अंक घटाकर 5 फीसदी कर दिया गया है। अगली कुछ तिमाहियों में इसके बढ़ने की आशंका जताई गई है। वित्त वर्ष 2027-28 की पहली तिमाही के लिए मुद्रास्फीति का अनुमान 5.3 फीसदी का है। यदि आरबीआई का यह अनुमान सही साबित होता है तो चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही से लगातार तीन तिमाहियों तक मुद्रास्फीति 5 फीसदी से ऊपर बनी रहेगी। यह भले ही आरबीआई की सहनशीलता सीमा के भीतर रहे लेकिन उसके 4 फीसदी के मध्यम अवधि के लक्ष्य से काफी अधिक होगी। इसके अलावा मौजूदा 5.25 फीसदी की नीतिगत रेपो दर वास्तविक ब्याज दर के लिहाज से नकारात्मक भी हो सकती है। चूंकि मौद्रिक नीति को भविष्य की परिस्थितियों को ध्यान में रखकर बनाया जाता है इसलिए वर्तमान संकेतों के आधार पर यह संभावना वास्तविक है कि एमपीसी को आने वाली बैठकों में नीतिगत दर में बदलाव शुरू करना पड़ सकता है भले ही मुख्य मुद्रास्फीति लक्ष्य के आसपास बनी रहे। अक्टूबर की बैठक तक मॉनसून और खाद्य कीमतों पर उसके प्रभाव की स्पष्ट तस्वीर सामने आ जाएगी। आगे ब्याज दरों में कितना और किस प्रकार का बदलाव होगा यह पूरी तरह आने वाले आर्थिक आंकड़ों पर निर्भर करेगा। देश के लिए राहत की बात यह रही कि अमेरिका और ईरान के बीच युद्ध शुरू होने के समय भारत में मुद्रास्फीति कई विकसित देशों के विपरीत लक्ष्य से नीचे चल रही थी। हालांकि पिछले कुछ महीनों में इसमें धीरे-धीरे वृद्धि हुई है और आगे भी इसके बढ़ने की आशंका है। जैसा कि इस स्तंभ में पहले भी कहा गया है पश्चिम एशिया संकट का भारत पर सबसे अधिक असर मुद्रास्फीति की बजाय विदेशी मुद्रा बाजार पर पड़ा है। इसका एक कारण यह भी है कि ऊर्जा कीमतों में वृद्धि का पूरा प्रभाव घरेलू महंगाई पर नहीं पड़ा। मुद्रा बाजार के मोर्चे पर आरबीआई ने जून की मौद्रिक नीति बैठक के बाद विदेशी पूंजी प्रवाह आकर्षित करने के लिए कई कदम उठाए थे। अब तक इनके परिणाम उत्साहजनक रहे हैं और लगभग 41 अरब डॉलर की विदेशी पूंजी जुटाई जा चुकी है। इससे रुपये को स्थिरता मिली है। पिछले कुछ महीनों में विदेशी पोर्टफोलियो निवेश में भी सुधार देखने को मिला है। ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या चालू वित्त वर्ष में भुगतान संतुलन में अधिशेष दर्ज कर पाता है। यह काफी हद तक पश्चिम एशिया की स्थिति और विकसित देशों विशेषकर अमेरिका में बॉड यील्ड स्थिति पर भी निर्भर करेगा। वित्तीय बाजारों का अनुमान है कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व आने वाले महीनों में अपनी नीतिगत ब्याज दरों में वृद्धि कर सकता है। इससे भारत और अमेरिका के बीच ब्याज दरों के अंतर में कमी आएगी जो पूंजी प्रवाह पर दबाव डाल सकती है। हालांकि इस दौरान अगर क्रूड कीमतें गिरती हैं, तो तेल आयात बिल घटेगा और पूंजी बाजार में सुधार आयेगा तो एफआईआई भी लौटेंगे।



महंगाई और विकास के बीच संतुलन साधते हुए रिजर्व बैंक ने मौद्रिक नीति में फिलहाल कोई बदलाव नहीं किया है।

6जी टेलीकॉम में आगे निकलने की कोशिश



संजय श्रीवास्तव



वैश्विक दूरसंचार की दुनिया में 5जी नेटवर्क के व्यापक विस्तार के बीच अगली पीढ़ी यानी 6जी की वैश्विक होड़ तेजी से आकार ले रही है। हम इस मामले में दुनिया का अव्वल देश बनने के लिए तेज तैयारी कर रहे हैं ताकि 2030 तक देश में 6जी मोबाइल सर्विस शुरू हो जाये।

सरकार का दावा है कि 2030 तक देश 6जी का इस्तेमाल कर रहा होगा। यही नहीं इस तकनीक के क्षेत्र में उसकी तेज तैयारी उसे वैश्विक नेतृत्व दिलाएगी। इस संदर्भ में 'भारत 6जी अलायंस' के गठन और 2030 तक इसके विकास व क्रियान्वयन से संबंधित जो महत्वाकांक्षी स्पेक्ट्रम रोडमैप जारी किया है, वह वाकई उत्साहवर्धक और स्वागत योग्य है। उसकी यह पहल दिखाती है कि अब हम तकनीक का महज उपभोग करने वाले नहीं बल्कि वैश्विक मानकों और पेटेंट को आकार देने वाले एक वैश्विक अगुआ देश के तौर उभरना चाहते हैं। भले ही चीन ने प्रयोगात्मक 6जी उपग्रह कक्षा में स्थापित कर लिए, लेकिन दुनिया का कोई देश अभी व्यावसायिक स्तर पर 6जी सेवा शुरू नहीं कर सका है। अमेरिका, चीन, दक्षिण कोरिया, जापान, यूरोपीय संघ और ब्रिटेन जैसे देश 6जी के शोध, पेटेंट और मानक तय करने की दौड़ में हैं। सिंगापुर, वियतनाम, स्वीडेन, फिनलैंड जैसे तमाम छोटे, बड़े अल्प विकसित, विकसित तथा विकासशील देशों में भी 6जी को लेकर कवायद जारी है। अधिकांश देशों में यह प्रक्रिया अभी अनुसंधान, परीक्षण और मानक निर्धारण के चरण में हैं। यह कहना कि 2030 तक अनेक देशों में 6जी आम उपभोक्ता तक पहुंच जाएगा, अनुमान भर है ऐसे में भारत की सबसे आगे निकलने की चाहत स्वाभाविक है क्योंकि वर्तमान भारत के पास इसकी इच्छाशक्ति ही नहीं क्षमता और कुशलता भी है।

हमारी तरह जापान और दक्षिण कोरिया ने भी 2030 तक व्यावसायिक सेवाओं का लक्ष्य रखा है, अमेरिका ने भी। मगर 'भारत 6जी विजन' का मूल उद्देश्य और रणनीति दूसरों से किंचित अलग है। वह तैयार तकनीक खरीद कर पिछली पीढ़ियों की तरह तकनीकी आयातक बनने की बजाए पेटेंट, चिप डिजाइन, रेडियो उपकरण, सॉफ्टवेयर, साइबर सुरक्षा तथा एआई आधारित नेटवर्क समाधान विकसित करने में लगा है ताकि वैश्विक मूल्य श्रृंखला का महत्वपूर्ण भाग बन सके। इसलिए 2030 तक इस क्षेत्र में हमारे वैश्विक नेतृत्व का दावा थोड़ा कठिनाई भरा पर संभावित है। मान लिया कि चार साल में 6जी देश में इस्तेमाल के लिये उपलब्ध हो जायेगा फिर भी कुछ असहज प्रश्न उठते हैं। देश की बड़ी आबादी आज भी 4जी का उपयोग कर रही है और अधिकांश क्षेत्रों में वास्तविक 5जी अनुभव सीमित है, तब 6जी की चर्चा क्या समय से पहले नहीं है? इसके आने से ऐसी कौन सी क्रांति आ जायेगी जो 4जी के बाद 5जी के आने से रह गई।

तकनीक

सच यह है कि अभी 5जी भी हम पूरी तरह लागू नहीं कर सके हैं, 4जी की रफ्तार कुछ देशों के 3जी से भी बहुत धीमी है, 5जी नेटवर्क की डाउनलोड स्पीड भले ही आदर्श परिस्थितियों में बेहतर दिखे, लेकिन नेटवर्क की निरंतरता तथा लेटेंसी और वास्तविक इनडोर कवरेज में यह कई विकसित देशों के मुकाबले मीलों पीछे है। विकसित देशों में 5जी का इस्तेमाल केवल स्मार्टफोन पर वीडियो चलाने के लिए नहीं बल्कि इंडस्ट्रियल ऑटोमेशन, रोबोटिक सर्जरी और स्मार्ट सिटीज के रियल-टाइम डेटा मैनेजमेंट के लिए हो रहा है।

ऐसे में 5जी की रफ्तार, नेटवर्क निरंतरता सुनिश्चित करने की बजाए 6जी की ओर जाने की ललक क्यों? क्या 6जी से सामान्य इंटरनेट उपभोक्ता जो इसका इस्तेमाल बहुधा ओटीटी प्लेटफार्म, मनोरंजन, सोशल मीडिया, समाचार, संदेशों का आदान प्रदान अथवा इसी तरह के साधारण कामों के लिए करता है उसको कोई खास लाभ होगा? कहीं यह केवल एक रणनीतिक भू-राजनीतिक होड़ तो नहीं? 6जी, आमजन को 4जी या 5जी के मुकाबले सस्ती पड़ेगी अथवा महंगी? इस पर किसी किसी खास प्रोवाइडर का एकाधिकार तो नहीं हो जायेगा और क्या इसके कुछ नुकसान भी हैं? इस तकनीकी छलांग की आशावादिता के बीच इन साधारण सवालों का यथार्थवादी विश्लेषण आवश्यक है। दूरसंचार में नई पीढ़ी को विकसित होने में तकरीबन दशक लग जाता है इसलिये 6जी पर तैयारी अभी तेज करना जरूरी है ताकि 2030 में जब पूरी दुनिया 6जी पर शिफ्ट हो रही हो भारत फिर से विदेशी कंपनियों के उपकरणों, पेटेंटों और बौद्धिक संपदा पर निर्भर न रहे, जैसा कि 2जी, 3जी और 4जी के दौर में हुआ था। भविष्य का स्मार्ट उद्योग, स्वचालित वाहन, दूरस्थ शल्य चिकित्सा, डिजिटल ट्विन, रोबोटिक्स तथा रक्षा प्रणालियां इसी पर आधारित होंगी इसलिए भी हमें 6जी की तैयारी आज ही करनी होगी। जहां तक सामान्य उपभोक्ता का प्रश्न है, 6जी उसके दैनिक जीवन में कोई क्रांतिकारी बदलाव नहीं लाएगी क्योंकि यदि उसे 5जी पूरे रफ्तार से मिले तो वह भी उसके सभी कार्यों के लिए पर्याप्त से बहुत ज्यादा है। यह स्मार्टफोन में इंटरनेट की स्पीड बढ़ाने की तकनीक नहीं है बल्कि मशीन-टू-मशीन और एआई-टू-एआई संचार की तकनीक है। दरअसल 6जी का सबसे बड़ा ग्राहक आम नागरिक नहीं बल्कि उद्योग, अस्पताल, परिवहन, रक्षा, स्मार्ट शहर और स्वचालित उत्पादन प्रणाली होंगे। एक मिलीसेकंड से भी कम विलंबता, टेराबिट प्रति सेकंड तक की संभावित गति और एआई आधारित नेटवर्क प्रबंधन जैसे गुण औद्योगिक उपयोगों के लिए अधिक महत्वपूर्ण हैं। 6जी की असली क्षमता औद्योगिक और राष्ट्रीय अवसंरचना में दिखेगी। इस बात में कोई शक नहीं कि 6जी के शुरूआती चरण में इसके डिवाइसेस यानी हैंडसेट और राउटर के साथ साथ सेवाएं भी बेहद महंगी होंगी क्योंकि इसके लिए अत्यधिक उच्च आवृत्ति वाले 'टेराहर्ट्ज स्पेक्ट्रम' और उन्नत हार्डवेयर की आवश्यकता होगी। हालांकि, भारत में व्यापक उपभोक्ता आधार होने के कारण, जैसे-जैसे इसका दायरा बढ़ेगा, पैमाने की अर्थव्यवस्था के कारण समय के साथ लागत कम हो सकती है। 6जी के विकास में अत्यधिक पूंजी और उच्च अनुसंधान क्षमता की आवश्यकता है। भारत में दूरसंचार बाजार पहले से ही मुख्य रूप से दो बड़े निजी खिलाड़ियों के बीच केंद्रित है। यदि सरकार ने सार्वजनिक अनुसंधान और बीएसएनएल जैसे सार्वजनिक उपक्रमों को मजबूत नहीं किया, जिसकी उम्मीद कम ही है या फिर छोटे स्टार्टअप्स को भरपूर प्रोत्साहन नहीं दिया तो 6जी के युग में दूरसंचार अवसंरचना पर कुछ गिने-चुने कॉर्पोरेट्स का एकाधिकार होने का गंभीर जोखिम रहेगा इस बात की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता।


सरकार को यह भी सुनिश्चित करना होगा कि 6जी का लाभ केवल कॉरपोरेट या औद्योगिक घरानों तक सीमित न रहे बल्कि इसका उपयोग आपदा प्रबंधन, कृषि तकनीक, दूरस्थ शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए हो। तकनीक की सफलता इसमें नहीं है कि वह कितनी तेज है, बल्कि इसमें है कि वह समाज के अंतिम व्यक्ति के जीवन को कितना सुलभ बनाती है। जहां तक इसके निरापद होने का प्रश्न है, चूंकि 6जी 'एआई-नेटिव' होगा, साइबर हमलावर एआई एल्गोरिदम में हेरफेर करके पूरे देश के बिजली ग्रिड, परिवहन और रक्षा प्रणालियों को ठप कर सकते हैं। क्वांटम कंप्यूटिंग के विकास से मौजूदा एन्क्रिप्शन एल्गोरिदम टूट सकते हैं, जिससे पोस्ट-क्वांटम क्रिप्टोग्राफी, ब्लॉकचेन तकनीक अपनाना अनिवार्य हो जाएगा। इसके अलावा 6जी के आने से पुराने 4जी या 5जी के अरबों के उपकरण बेकार हो सकते हैं जिससे पर्यावरण के लिए भारी मात्रा में ई-कचरा पैदा होगा। भारत द्वारा 6जी की तैयारी तकनीकी फैंटेसी या अंधी वैश्विक होड़ नहीं है बल्कि यह भविष्य की राष्ट्रीय सुरक्षा, आर्थिक संप्रभुता और वैश्विक डिजिटल कूटनीति के लिए एक अनिवार्य रणनीतिक आवश्यकता है।

सोशल मीडिया

आ. पीएम जी के नेतृत्व में मंत्रिमंडल द्वारा पीएम सूर्य सरोवर योजना को प्रदान की गयी स्वीकृति विकसित भारत – आत्म निर्भर भारत के संकल्प को नयी ऊर्जा देने वाला है। सीएम योगी.



आ. पीएम के नेतृत्व में केबिनेट द्वारा 23731 करोड़ की जैव ऊर्जा योजना गोबरधन को स्वीकृति मिलना स्वच्छ ऊर्जा, आत्मनिर्भर भारत की दिशा में ऐतिहासिक पहल है। जेपी नड्डा.



जयपुर के आनंदीलाल पोद्दार मूक बधिर विद्यालय पहुंचकर अपनी जायज मांगों को लेकर धरना दे रहे मूक-बधिर विद्यार्थियों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को जाना। अशोक गहलोत.



बिहार की ग्रामीण लोक कला सिक्की की धूम



कला जगत

धीरज बसाक

सिक्की एक तरह की घास या खर होती है, जो बिहार के मिथिलांचल में नदियों, तालाबों और कई बार यूं ही सड़कों के किनारे भी बारिश के दिनों में उग आती है। जब यह करीब चार चार फिट ऊंची हो जाती है, तब लोग इसे काटकर सुखा लेते हैं, कुश के स्वाभाव वाली इस घास के जरिये सदियों से कई तरह की टोकरियां और रोजमर्रा के इस्तेमाल वाली दूसरी चीजें जो आमतौर पर लकड़ी की बनती हैं, वो सब, बनायी जाती हैं। अगर मिथिकीय आख्यानों पर भरोसा करें तो राजा जनक के समय से ही इस हस्तशिल्प की परंपरा रही है। जानकारों के मुताबिक सिक्की घास से बनने वाले आकर्षक हस्तशिल्प, देश ही नहीं दुनिया के सबसे आकर्षक और लोकप्रिय हस्तशिल्प हैं। इनकी देश ही नहीं अब तो विदेशों में भी खूब मांग है। साल 2007 में सिक्की घास के इन उत्पादों को जीआई टैग प्राप्त हुआ, तब से बिहार के दरभंगा और मधुबनी जिलों की मूलरूप से यह देश ही नहीं पूरी दुनिया में चर्चा और कारोबारी आकर्षण का विषय बनी हुई है। लंदन से लेकर म्यूनिख तक और रोम से लेकर न्यूयार्क तक आज सिक्की हस्तशिल्प के उत्पादों की खूब मांग है।

प्राकृतिक वनस्पति से बनी इस स्टाइलिश दस्तकारी को आज पूरी दुनिया में अपने कलात्मक रंग बिरंगी टोकरियों, मूर्तियों, थैलों और बैठने की मोटी चटाईयों से लेकर अनेक सजावटी सामानों के लिए जाना जाता है। सिक्की घास यूं तो पूर्वी उत्तर प्रदेश में भी बड़े पैमाने पर उगती है, लेकिन इसके व्यवसाय और कलात्मकता की जो ऊंचाई बिहार के दरभंगा और मधुबनी जिलों के दस्तकारों ने हासिल की है, वैसी कलात्मकता उत्तर प्रदेश या दूसरी किसी भी जगह के कलाकारों को नहीं मिली। सिक्की से बनी कलाकृतियां बेहद मनमोहक होती हैं। आज जीआई टैग के कारण सिक्की घास के उत्पादों की देश के महानगरों से ज्यादा विदेशों में मांग है, लेकिन बिहार में इसका महत्व लोग सदियों से जानते रहे हैं। यही वजह है कि साल 1969 में दरभंगा की विदेश्वरी देवी को इसी सिक्की कला के लिए राष्ट्रपति पुरस्कार हासिल हुआ था।

पहले सिक्की घास से बनी इन कलाकृतियों को शुभ अवसरों के लिए इस्तेमाल किया जाता था। फिर आधुनिक लाइफस्टाल में सिक्की घास के विभिन्न दैनिक उपयोग के उत्पाद, एक तरफ जहां घर की सजवाट और उसे कलात्मक लुक देने के लिए किए जाने लगे, वहीं प्लास्टिक से बिगड़ती धरती की सेहत को ध्यान में रखते हुए कई लोग सिक्की कला के विभिन्न उत्पादों को प्लास्टिक उत्पादों की जगह रोजमर्रा के जीवन में इस्तेमाल करने लगे हैं।

यह अलग बात है कि सिक्की कला को समर्पित ये दैनंदिन उत्पाद अपनी कलात्मकता के साथ साथ आज प्लास्टिक से पैदा हुए खतरों का सम्मानीय विकल्प बनकर भी उभरे हैं। हालांकि ये थोड़े महंगे हैं, लेकिन जिस तरह से प्लास्टिक पूरी दुनिया में स्वास्थ्य के लिए एक बड़ा खतरा बन गई है, उसे देखते हुए शुद्ध घास के उत्पाद जहां कलात्मक हैं, पवित्र हैं, अपनी बनावट की कुशलता के कारण महत्वपूर्ण आर्ट का हिस्सा हैं, वहीं उपभोक्ता के स्वास्थ्य की गारंटी है। साथ ही इस कला के जरिये लोगों को रोजगार भी मिल रहा है।

बिहार में विशेष कर मधुबनी और दरभंगा की लाखों महिलाएं इस कला के उत्थान से जुड़ी हुई हैं।

बिहार में लाखों महिलाएं विशेषकर मधुबनी और दरभंगा जिले की महिलाएं सिक्की घास से कई तरह के कलात्मक उत्पादों को बना और बेचकर अपने घर की अर्थव्यवस्था की रीढ़ बनी हुई हैं। हर साल कई हजार करोड़ रुपये के ये सिक्की घास के उत्पाद विदेशों को निर्यात भी होते हैं। लोग अपने घर का इंटीरियर निखारने के लिए भी इनका उपयोग करते हैं। चूंकि ये पूरी तरह से प्राकृतिक घास के उत्पाद होते हैं, इसलिए प्रदूषण और प्लास्टिक से हर जगह राहत देते हैं।

ईश्वर का संदेश

आध्यात्मिक ज्ञान मनुष्य में एक नयी अनुभूति विकसित करता है। मनुष्य के आचरण में, व्यक्तित्व और कृतित्व के विकास में ज्ञान की बहुत बड़ी भूमिका होती है। आत्मिक प्रगति का प्रथम चरण आत्म-निरीक्षण जितना गंभीर और प्रखर होता है। उसी अनुपात में शरीर और आत्मा की भिन्नता का वास्तविक आभास होता है। अन्यथा तोतारटन्त की तरह आत्मा परमात्मा की चर्चा का बाल विनोद चलता रहता है। माया के बंधन शिथिल होने या कटने का एक मात्र उपाय है कि अपनी सत्ता की स्थिति को समझा जाये। यह अनुभूति विकसित हो सके तो ही आत्मा का महत्व एवं हित सूझ पड़ता है और शरीर के पक्ष में झुकी हुई सारी प्रकृति को संतुलित करने का मन होता है। शरीर संसार में अनुरक्त रहता है और आत्मा की प्रायः उपेक्षा करता है। यह सोच तक नहीं पाता कि हमारे भीतर आत्मा नाम की कोई वस्तु भी है और उसकी भी कुछ मांग, पुकार, सुख एवं आवश्यकताएं भी हैं। इस प्रकार की अनुभूति तभी होती है जब शरीर तथा इसके सुखों पर सर्वस्व न्यौछावर किए रहने के ढर्रे में परिवर्तन किया जाये। आत्मा को परमात्मा का संदेश सुनने और आह्वान को अंगीकार करने की बात अंतरंग की गहराई तक प्रवेश कर जाती है। तभी यह सूझ पड़ता है कि शरीर की तरह आत्मा के निमित्त भी कुछ किया जाना चाहिए। क्या किया जाना चाहिए? इसके उत्तर में दो तथ्य उभर कर सामने आते हैं। एक यह कि आत्म गौरव के अनुरूप व्यक्तित्व के ढलने में जो त्रुटियां चल रही हैं, उनका कठोरतापूर्वक नियमन किया जाये। इसी को तप कहते हैं। इस संदर्भ में कठोरता बरतनी होती है। अभ्यस्त दुष्प्रवृत्तियां सहज पीछा नहीं छोड़तीं। तपश्चर्या का अभिप्राय शरीर को कष्ट देना नहीं है। इसका वास्तविक अर्थ है- ऐसा मनोबल विकतिस करना जो दुष्प्रवृत्तियों से मल्ल युद्ध करके उन्हें परास्त कर सके। इसी को संशोधन पक्ष कहते हैं। इसके अतिरिक्त दूसरा पक्ष श्रेष्ठता के अभिवर्द्धन का है। यह आत्म विश्वास एवं आत्मबल के आधार पर उपर्युक्त क्रम बना लेने से भी संभव हो सकता है। इसके लिए सत्प्रवृत्तियों के समन्वय द्वारा ईश्वर की उपासना सहायक होती है। इसे ही योग कहते हैं। विराट ब्रह्म से अपने आपको जोड़ना ही योग है। क्षुद्र स्वार्थपरता के संकीर्ण बंधनों को शिथिल करने का अभ्यास करना ही योग है। ऐसे साधक का दृष्टिकोण समता और क्रिया कल्याण सर्वजनीन हित साधन का होता है। इसके लिए कर्म ज्ञान भक्ति किसी भी मार्ग अथवा इसके समन्वय का अभ्यास आरम्भ किया जा सकता है। यही है यथार्थवादी आत्मिक प्रगति का राजमार्ग जिसे अपनाकर कोई भी साधक पूर्णता के लक्ष्य की ओर बढ़ सकता है।

अंतर्दृष्टि

हारने पर पड़ेंगे रोटी के लाले

व्यंग्यलोक

अगले चुनाव में जीतने की आज के जमाने में कतई उम्मीद न करें और उसी हिसाब से जितना भी हड़प अथवा हजम कर सकें कर लें, वर्ना आगामी चुनाव के समय आर्थिक परेशानी आ सकती है। हारने पर रोटी के भी लाले पड़ सकते हैं। इसलिए एक बार सरकार में रहकर पाँच पीढ़ियों के ऐशो आराम की व्यवस्था को ध्यान में रखिए। कई बार अंतुले कौतुक-करतब राजनीति में लम्बे समय तक जिन्दा रखते हैं। कोई भी बड़े नेता के नाम पर कोई बड़ा धंधे का धंधा, गबन-घोटाला करके, सत्ता से अलग हो जाओ, तब भी सत्ता में रहने के जैसे ही ऐशो आराम भोग सकते हो। ऐसा करने से राजनीति से अलग और सत्ताहीन होने का दुःख नहीं व्यापता है थोड़ी सावधानी यही रहे कि जरा केन्द्र को भी विश्वास में ले लें, वरना वह आपको चैन की बंशी नहीं बजाने देगा और कोई जाँच आयोग-वायोग का नाटक रचकर फिजूल परेशान किया जाएगा। राज्य में कोई न कोई ऐसा कार्यक्रम प्रारम्भ करवा दें जिसमें गरीबी की पीड़ा निहित हो तो इससे भी समय आसानी से कट जाता है। जैसे दस्यु उन्मूलन अभियान, पिछड़े को पहले, बेघर को घर, जंगल में मंगल, अन्त्योदय तथा सबको रोटी, ये ऐसे नारे और आश्वासन हैं कि जनता का सहज आपके प्रति विश्वास जग आएगा तथा उसकी लार टपकने लगेगी। करना आपको कुछ नहीं है बस सचिवालय से आदेश निकालकर विभागों के निदेशालयों के मार्फत, जिला मुख्यालयों तथा ग्राम पंचायत स्तर तक उनके निर्देश भेज देने हैं। सरपंच, जिला प्रमुख और जिलाधीश आपकी सरकार की दुकान साधे रहेंगे।



पूरन सरमा

कई बार स्थिति उस समय बड़ी विषम हो उठती है जब आपके मंत्रिमण्डल में कोई अन्य साथी आपकी बराबर की टक्कर का हो। उससे सचेत तो रहें ही, इसके साथ ही साथ आप केन्द्र से बातचीत करके, उपमुख्यमंत्री का पद सृजित करवाकर उसे वहाँ 'एडजस्ट कर दें। इससे उसका 'इगो काफी हद तक मर जाएगा और वह खुलकर विरोध करने में संकोच करेगा। लम्बे समय तक सत्ताजीवी रहने के लिए यह भी जरूरी है कि आप जन सम्पर्क अथवा जन आयोजनों में ज्यादा भाग न लेवें। इससे आपके मुँह से अंट-संट निकलने तथा भूल-चूक होने का पूरा खतरा रहता है। इसलिए इस तरह की बातों से बचें और यदि नौबत जाने की आ ही गई है तो मित्तभाषी बनकर महान और बृद्धिजीवी होने का भ्रम उत्पन्न करें। राज्य में कई बार मजदूरों अथवा कर्मचारियों के आन्दोलन भड़क उठते हैं। ये अवसर भी अत्यन्त घातक होते हैं। आप प्रयास कीजिए उन्हें तत्काल राहत की पंजीरी देने की। यदि फिर भी वे लोग काबू में नहीं आ रहे हैं तो एक समिति बना दें तथा उसमें वह व्यक्ति जरूर शामिल कर देवें, जो आपका प्रतिद्वंद्वी हो, इससे जिन्दाबाद, मुर्दाबाद का जयघोष उसके ही नाम बुलेगा।

विचार

जब तक मनुष्य के मन में काम, क्रोध, अहंकार और लोभ की अल्प मात्रा भी शेष रहती है, तब तक पंडित और मूर्ख दोनों एक समान होते हैं।

-संत कबीर.

ऐसी पुस्तक का प्रतिदिन अवश्य अध्ययन करें जो आपके आत्मिक, शारीरिक, सामाजिक अथवा आर्थिक उन्नति में सहायक हो।

-जैन धर्मग्रंथ.

मनुष्य का अज्ञानता जैसा दूसरा कोई शत्रु नहीं होता।

-चाणक्य.

बाद में उत्पन्न होने वाली इच्छाओं की पूर्ति करने की अपेक्षा अपनी पहली इच्छा का दमन कर देना ही सरल और श्रेयस्कर है।

-फ्रेंकलिन.

काम और क्रोध का मूल स्थान इन्द्रियां हैं। इन्हीं इन्द्रियों से कर्म प्रवृत्ति पैदा होती है। इसलिए सबसे पहले इन इन्द्रियों को ही वश में करना चाहिए।

-ज्ञानेश्वरी.

आप की बात

शहरों में जरूरी है स्वच्छता

शहर अवसरों के हब होते हैं। इसलिए आधुनिक शहर देश की जरूरत हैं। देश में स्मार्ट सिटी परियोजना कई वर्षों से चल रही है लेकिन उसमें कोई खास प्रगति देखने को नहीं मिल रही है। शहरों के बढ़ते आकार के मद्देनजर विकास प्राधिकरणों की स्थापना इस उद्देश्य से की गयी थी कि शहरों का नियोजित विकास हो ताकि बड़ी संख्या में लोगों को शहरों में घर मिल जाये और नागरिक सुविधाओं को भी बेहतर तरीके से प्रबंध किया जा सके। लेकिन स्थानीय निकायों एवं प्राधिकरणों की अकुशलता और भ्रष्ट कार्यप्रणाली के कारण शहरों के विकास का दायित्व प्रापर्टी डीलरों के जिम्मे आ गया और नागरिक सुविधाओं की जिम्मेदारी ठेकेदारों के पास पहुंच गयी है। उत्तर प्रदेश में करीब 78 फीसद से अधिक आबादी अभी ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करती है, इसलिए भविष्य में आर्थिक विकास के साथ शहरीकरण तेज होगा। उत्तर प्रदेश में शहरीकरण का दौर अभी शुरुआती अवस्था में ही है। ऐसे में शहरों का दायरा तेजी के साथ बढ़ेगा लेकिन जन सुविधाओं और विकास की बात करें तो आज तक न तो स्थानीय निकाय तैयार दिखते हैं और न ही विकास प्राधिकरण। हर दिन यह खबर पढ़ने को मिल जायेगी कि एलडीए इस योजना में इतने सौ एकड़ की आवासीय परियोजना विकसित करेगा, इस योजना में इतने एकड़ की, लेकिन हकीकत यह है कि एक-दो दशक तक तो परियोजनाएं विवाद में ही लटकती रहती हैं। इसका फायदा उठाते हैं प्रापर्टी डीलर। प्रापर्टी डीलर किसानों से जमीन एग्रीमेंट कराकर जैसे-तैसे निशान बनाकर प्लाट काटकर बेच देते हैं। इससे शहरों का स्वरूप बिगड़ता है। जीवन में स्वच्छता कितना जरूरी है यह बीते दो सालों के दौरान कोरोना महामारी साबित किया है। अगर साफ-सफाई ठीक से रखी जाये। समय-समय पर अच्छे से हाथ की धुलाई की जाये तो इससे महामारी से भी बचाव होता है। गंदगी के कारण एक नहीं बल्कि तमाम बीमारियां फैलती हैं इसलिए देश को संकल्प लेकर महामारी के साथ ही अब गंदगी और गंदी आदतों को भी विदा करना चाहिए। देश में बीते कई वर्षों से स्वच्छता अभियान चल रहा है, लेकिन आज भी प्रदेश के शहरों की हालत ठीक नहीं है।

राजेश कुमार सिंह, लखनऊ.

बुनियादी क्षेत्र का विकास

प्रदेश में औद्योगिक पिछड़ेपन की समस्या अभी भी सघन रूप में विद्यमान है। विकास के लिए निवेश बहुत जरूरी है, क्योंकि बिना निवेश के विकास एवं रोजगार का सृजन नहीं हो सकता है। जब निवेश होगा तभी विकास होगा, तभी रोजगार बढ़ेगा और तभी लोगों के जीवन स्तर में बदलाव आयेगा। लेकिन उत्तर प्रदेश में एक लंबे समय तक निवेश नहीं आया, जिसके कारण प्रदेश की आर्थिक स्थिति देश के अन्य राज्यों की तुलना में काफी कमजोर हो गयी। आज भी उत्तर प्रदेश के लोगों की प्रति व्यक्ति आय राष्ट्रीय औसत से आधे के करीब है तो इसके पीछे कहीं न कहीं प्रदेश के औद्योगीकरण में कभी ही है। जब औद्योगीकरण को बढ़ावा मिलता है तो अन्य काम धंधे भी अपने आप आगे बढ़ने लगते हैं। प्रदेश में आर्थिक पिछड़ेपन के साथ बुनियादी विकास का स्तर भी बहुत पीछे है। आज भी सड़क, बिजली, कानून व्यवस्था, लैंड बैंक जैसी चीजें बेहतर नहीं हैं। शहरों के किनारे जिस तरह आवासीय प्लाटिंग के नाम पर जमीनों पर कब्जा कर लिया गया है उससे अब इण्डस्ट्री के लिए जमीन ही नहीं बची है। अगर कोई इण्डस्ट्री आती है तो उसको जमीन में ही इतना निवेश करना पड़ेगा कि उसका खजाना खली हो जोयगा। निवेश को बढ़ावा देने के लिए उद्यमियों को बुलाना एक बेहतर कदम है लेकिन इसके साथ ही सरकार को अपने स्तर से भी प्रयास करने होंगे। मसलन सरकार अगर सड़क बनाती है, बिजली पहुंचाती है और कानून का राज कायम करती है तो इससे निश्चय ही प्रदेश में लोगों का भरोसा बढ़ेगा।

कौशल कुमार सिंह, लखनऊ.

संक्षेप

आईजीआरएस की समीक्षा, खराब प्रगति पर डीएम नाराज

बांदा। आईजीआरएस की समीक्षा बैठक के दौरान खराब प्रगति पर जिलाधिकारी अमित आसेरी ने कड़ी नाराजगी जताई। बैठक में जिले में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की प्रगति, लंबित मामलों एवं फीडबैक की विस्तार से समीक्षा हुई।

डीएम ने समाज कल्याण, जल निगम ग्रामीण, विद्युत विभाग ग्रामीण, जिला पंचायतीराज, जिला बेसिक शिक्षा, एडीओ नरैनी, तिंदवारी, बीडीओ बड़ोखरखुर्द, बिसंडा के अलावा तिंदवारी व खंड शिक्षाधिकारी के आईजीआरएस की खराब प्रगति मिलने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की।

उन्होंने निर्देश दिए कि जिन मामलों में जांच में पेंडेंसी पायी गई है ऐसे प्रकरणों को तत्काल निस्तारित कर अपर जिलाधिकारी स्तर से फोर्स क्लोजर की कार्यवाही की जाए। उन्होंने कहा कि अधिकारी स्वयं शिकायतों की रिपोर्ट का अवलोकन करने के बाद भी उसे आगे फारवर्ड करें।

लापरवाही किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। डीएम ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि यदि आईजीआरएस में सुधार नहीं किया गया तो संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे को विशेष रूप से निर्देश दिए कि यदि कहीं से जलभराव अथवा जलनिकासी की समस्या आती है तो उसका तत्काल समाधान किया जाए।

मदन सागर में डूबने से युवक की मौत

महोबा। चंदेलकालीन मदन सागर तालाब में एक दर्दनाक हादसे में लगभग 28 वर्षीय युवक की डूबने से मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार सदर कोतवाली क्षेत्र निवासी चंदू साहू उम्र लगभग 28 वर्ष अपने दोस्तों के साथ घूमने के लिए घर से निकला था। सभी लोग महोबा के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल मदन सागर पहुंच तट पर बैठकर मौसम का आनंद ले रहे थे।

तभी अचानक चंदू का पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में चला गया। साथियों ने शोर मचाया तो आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। सूचना मिलने पर पर सदर उपजिलाधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे।

स्थानीय गोताखोरों की मदद से रेस्क्यू अभियान शुरू किया गया। कड़ी मशक्कत के बाद युवक के शव को पानी से बाहर निकाला गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

उपजिलाधिकारी शिव ध्यान पाण्डे ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। उन्होंने पर्यटकों से अपील की है कि तालाब के पास सावधानी बरतें, क्योंकि कई जगह पानी काफी गहरा है। बता दें कि मदन सागर चंदेलकालीन ऐतिहासिक सरोवर है और यहां हर दिन बड़ी संख्या में पर्यटकों का आना जाना लगा रहता है।

भैंस के नवजात कटड़े को भेड़िये ने नहीं मारा: डीएफओ

बहराइच। प्रभागीय वनाधिकारी बहराइच ने बताया कि बहराइच वन प्रभाग के दिनांक 05 अगस्त 2026 को कैसरगंज रेंज के अन्तर्गत ग्राम मंझारा तौकली के अवस्थीपुरवा, थाना व तहसील-कैसरगंज, बहराइच के स्थानीय ग्रामवासी अतीक अहमद पुत्र बसीर अहमद के पालतू भैंस द्वारा देर रात्रि में स्वतः बच्चे को जन्म दिया गया।

सुबह अतीक अहमद द्वारा देखा गया कि भैस का बच्चा मौके से गायब है तब उनके द्वारा आस-पास के खेतों में खोज-बीन प्रारम्भ की गयी तथा वन विभाग को सूचित किया गया। काफी खोज-बीन के बाद अतीक अहमद को कुत्तों के भौकनें की आवाज सुनाई दी, उस ओर खोज-बीन करने पर घर से लगभग 80-100 मी. की दूरी पर धान के खेत में भैस के नवजात बच्चे का शव मिला। घटना के सम्बन्ध में अतीक अहमद के कथनानुसार शव के नजदीक कई कुत्तें भौंकते हुए भी दिखाई दिये। सूचना के पश्चात वन विभाग की टीम मौके पर पहुँची तथा पगमार्क की खोजबीन प्रारम्भ किया। खोजबीन के पश्चात वन विभाग की टीम को भी आस-पास कुत्तों के कई पगमार्क दिखाई दियें। इससे पूर्णतः स्पष्ट है कि उक्त घटना भेड़िया द्वारा कारित नहीं की गई है। डीएफओ ने बताया कि पूर्व में उक्त क्षेत्र भेड़िया के हमले से प्रभावित रहा है जिसके दृष्टिगत क्षेत्र में लगातार गठित गस्ती टीमों द्वारा दिवारात्रि गस्त करते हुए निगरानी की जा रही है।

दिव्यांग छात्राओं को मिलेगी ई-ट्राईसाइकिल की सौगात: डीएम

जिला संवाददाता

बहराइच। जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने बताया कि स्कूल जाने वाली/शिक्षण-प्रशिक्षण प्राप्त कर रही दिव्यांग छात्राओं को ई-ट्राईसाइकिल दिये जाने हेतु शासन द्वारा अनुदान नियमावली, 2026 प्रख्यापित की गई है। नियमावली के अन्तर्गत पात्र दिव्यांगजन का तात्पर्य ऐसी छात्राओं से है, जो मस्क्यूलर डिस्ट्रोफी, स्ट्रोक, सेरेब्रल पाल्सी, हीमोफिलिया आदि से ग्रसित हो या छात्रा उपर्युक्त की भांति

● 16 वर्ष या उससे अधिक आयु की दिव्यांग छात्रा, जो जनपद बहराइच की निवासी हो पात्र होंगी

शारीरिक स्थिति में हो, उसकी दृष्टि एवं मानसिक स्थिति अच्छी हो, कमर के ऊपर का हिस्सा (भाग) स्वस्थ्य होने के साथ दिव्यांग छात्रा ई-ट्राईसाइकिल पर बैठकर अपने हाथों से उपकरण का संचालन करने में सक्षम हो तथा मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा उसकी दिव्यांगता प्रमाणित की गयी हो। जनपद स्तर पर ऐसी छात्राओं को प्राप्त आवेदनों की सूची से दिव्यांगता के घटते हुए क्रम में लाभान्वित किया जाएगा।शासन द्वारा दी गयी व्यवस्था के तहत 16 वर्ष या उससे अधिक आयु की दिव्यांग छात्रा, जो जनपद बहराइच की निवासी हो पात्र होंगी। दिव्यांग छात्रा या उसका परिवार आयकर दाता न हो, किन्तु शर्त यह है कि सर्वप्रथम लक्ष्य के सापेक्ष गरीबी रेखा के नीचे के लाभार्थियों को संतृप्त किया जायेगा। उसके पश्चात्यदि लक्ष्य अवशेष रहता है तो दिव्यांगता के घटते हुए क्रम में तथा आय के बढ़ते हुए क्रम में लाभान्वित किया जायेगा।

योजना हेतु निर्धारित शर्त के अनुसार लाभान्वित की जाने वाली छात्रा को पूर्व के 05 वर्षों में भारत सरकार, स्थानीय निकाय, मा. सासद व विधायक निधि या अन्य सरकारी अथवा सरकार द्वारा अनुदानित स्त्रोतों से ई-ट्राइसाइकिल से लाभान्वित नहीं किया गया हो। योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु इच्छुक दिव्यांग छात्राओं को दिव्यांगता प्रदर्शित करती हुई 01 फोटोग्राफ, दिव्यांगता का प्रमाण-पत्र/यू.डी.आई.डी. कार्ड, आयु प्रमाण-पत्र, आधार कार्ड, तहसील द्वारा निर्गत आय/जाति तथा निवास का प्रमाण-पत्र एवं सम्बन्धित संस्थाध्यक्ष द्वारा निर्गत संस्थान में अध्ययनरत होने का प्रमाण-पत्र की आवश्यकता होगी।

जनपद के समस्त शैक्षणिक संस्थानों में अध्ययनरत पात्र दिव्यांग छात्राओं ई-ट्राईसाइकिल योजना से आच्छादित करने के उद्देश्य से डीएम श्री त्रिपाठी द्वारा जिला विद्यालय निरीक्षक, नोडल उच्च शिक्षा/किसान डिग्री कॉलेज, प्रिंसिपल, राजकीय पॉलीटेक्निक, प्रिंसिपल राजकीय आई.टी.आई. को निर्देश दिया गया है कि महाविद्यालय, लॉ-कालेज, मेडिकल, पैरा मेडिकल आदि समस्त शिक्षण संस्थाओं में दिव्यांग छात्राओं का चिन्हांकन कराते हुए पात्र दिव्यांग छात्राओं की सूची एवं आवश्यक अभिलेख 01 सप्ताह में जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी, बहराइच को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

इसी प्रकार समाज कल्याण अधिकारी, पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी एवं अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी को निर्देश दिया गया है कि छात्रवृत्ति एवं शुल्क पूर्तिपूर्ति प्राप्त करने वाले समस्त शैक्षणिक सस्थानों के प्राचार्य, प्रबन्धकों एवं निदेशकों को अपने स्तर से प्रश्नगत योजनान्तर्गत पात्र दिव्याग छात्राओं के चिन्हांकन एवं आवश्यक अभिलेखों के बारे में अवगत कराने हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें।

बरसात के पानी से न हो परेशानी अधिकारी स्वयं करें निरीक्षण



जिला संवाददाता

बांदा। लगातार हो रही वर्षा के दृष्टिगत जिलाधिकारी अमित आसेरी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वर्षा के कारण जहां भी जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो रही है, वहां तत्काल स्वयं पहुंचकर निरीक्षण करें।

समस्या का त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित करें। निर्देश दिए कि जलभराव वाले प्रत्येक स्थान का संबंधित अधिकारी स्वयं स्थलीय निरीक्षण करें। समस्या के निस्तारण के उपरांत संबंधित अधिकारी प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करें कि क्षेत्र में जलभराव की समस्या समाप्त कर दी गई है। प्रभारी अधिकारी, नगर पालिका, स्थानीय निकाय द्वारा सभी अधिशासी अधिकारियों से निस्तारण संबंधी प्रमाण-पत्र प्राप्त किए जाएं। ग्रामीण क्षेत्रों में मुख्य विकास अधिकारी, संबंधित उप जिलाधिकारी एवं खंड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि अपने-अपने क्षेत्रों में जलभराव की शिकायतों का तत्काल निस्तारण सुनिश्चित करें। ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए कि वर्षा के दौरान किसी भी सड़क, मोहल्ले, गांव में आवागमन बाधित न हो।

निकासी न होने से जलभराव की समस्या लोग परेशान



बांदा। जिले में दो दिन से हो रही बरसात के चलते प्रशासन की व्यवस्था की पोल खोल रही है। शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में इतनी कम बरसात में ही पानी निकासी न होने से जलभराव के कारण लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। शहर के वार्ड नंबर-16 सर्वोदय नगर स्थित गजानन माता मंदिर के पास पिछले तीन दिनों से जलभराव की समस्या है। इसी तरह न्यू मार्केट, कालूकुआं सिटी गार्डन के पास, लोहिया पुल, क्योटरा अंडरब्रिज आदि जगह पानी निकासी न होने के कारण गलियों में निकासी की समस्या है। मोहल्ले के लोगों का आरोप है कि जलभराव के कारण सबसे अधिक परेशानी स्कूली बच्चों को हो रही है। इससे दुर्घटना और संक्रामक बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि कई बार शिकायत किए जाने के बावजूद नगर पालिका द्वारा पानी निकासी की कोई व्यवस्था नहीं की गई। वार्ड के सभासद ज्ञानेंद्र सिंह उर्फ ज्ञानू पर आरोप लगाते हुए कहा कि समस्या से अवगत कराने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। हालांकि पानी निकासी और जलभराव की समस्या को लेकर जिलाधिकारी अमित आसेरी ने अधिकारियों को व्यवस्था दुरुस्त करने के सख्त निर्देश दिए हैं।

बिना सहमति बढ़ाया गया विद्युतभार विकास मंच ने दिया ज्ञापन




बांदा। सद्भावना विकास मंच के अध्यक्ष प्रमोद गुप्ता राजा के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी कार्यालय में सौंपा। अध्यक्ष ने बताया कि बिजली विभाग द्वारा पावर कॉर्पोरेशन ने बिजली उपभोक्ताओं का स्वीकृत लोड बिना उनकी अनुमति के स्वतः बढ़ा दिया है. विभाग ने तर्क दिया कि यह उपभोक्ता अपने तय लोड से अधिक बिजली इस्तेमाल कर रहे थे, लेकिन इस मनमाने तरीके से लोड बढ़ने से उपभोक्ताओं का फिक्स चार्ज और बिल बढ़ गया है। सब्सिडी पर असर पड़ रहा है। लोड बढ़ने के कारण लगभग 25 प्रतिशत गरीब उपभोक्ताओं की बिजली पर मिलने वाली सब्सिडी की सुविधा समाप्त हो गई है। बिना पूर्व सूचना के किसी भी उपभोक्ता का लोड नहीं बढ़ाया जा सकता, (विद्युत आपूर्ति संहिता 2005) के तहत उपभोक्ता को लोड बढ़ाने के पहले नोटिस देना अनिवार्य था, लेकिन विभाग सीधे बिलिंग सॉफ्टवेयर से लोड अपडेट कर दिया, सभी प्रकार के फाल्टों को दुरुस्त करते हुए आम जन मानस को चैबीसों घंटे बिजली उपलब्ध कराया जाना न्याय संगत है।मांग की है कि बढ़ाया गया बिजली का लोड निरस्त किया जाए। समुचित बिजली उपलब्ध कराना न्याय हित में बहुत जरूरी है। इस दौरान कुदरत उल्ला खान, महिला मोर्चा अध्यक्ष सीमा खान, वृंदावन वैश्य, रामलाल प्रजापति, उपाध्यक्ष साजिद डॉलर, यशवंत यादव, आरके समुद्र, नेतराम वर्मा, गुलशन सोनी, शोएब आलम, अमित नामदेव, रहीस खान, शुभम धुरिया, रोहित प्रजापति, इरफान खान, मोहित, सत्येंद्र वर्मा, अरविंद खटीक, नीरज आदि उपस्थिति रहे।

राजस्व वादों के निस्तारण में शिथिलता बर्दाश्त नहीं: आयुक्त



बांदा। आयुक्त अजीत कुमार की अध्यक्षता में मंडल के तहसीलदारों, तहसीलदार (न्यायिक), नायब तहसीलदारों के साथ राजस्व वादों के निस्तारण एवं राजस्व प्रशासन की समीक्षा बैठक की। चारों जनपदों में लंबित राजस्व वादों, नामांतरण, पैमाइश, अवैध अतिक्रमण, कुराफाट, सीमांकन, राजस्व निरीक्षण एवं संभावित बाढ़ की तैयारियों सहित विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की। निर्देश दिए कि राजस्व विभाग से संबंधित प्रत्येक प्रकरण का समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं पारदर्शी निस्तारण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है, किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। कोई भी नामांतरण वाद 45 दिवस से अधिक लंबित न रहे। निर्देशित किया कि पांच वर्ष अथवा उससे अधिक अवधि से लंबित राजस्व वादों के निस्तारण को पृथक कार्ययोजना तैयार की जाए। भूमि संबंधी विवादों के त्वरित एवं स्थायी समाधान को पैमाइश, सीमांकन एवं कुराफाट संबंधी वादों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जाए। पैमाइश के दौरान रोवर तकनीक का अनिवार्य रूप से उपयोग किया जाए, जिससे पैमाइश पूर्णतः वैज्ञानिक, पारदर्शी एवं विवादरहित हो सके। बैठक में अवैध अतिक्रमण के मामलों की समीक्षा करते हुए आयुक्त ने निर्देशित किया कि सरकारी भूमि, सार्वजनिक मार्ग, तालाब, चारागाह एवं अन्य सार्वजनिक परिसंपत्तियों पर किए गए अवैध अतिक्रमणों को पुलिस विभाग के समन्वय से तत्काल हटवाया जाए। किसी भी समय रैंडम सत्यापन के दौरान कोई लेखपाल अनुपस्थित पाया जाता है अथवा बिना पूर्व अनुमति मुख्यालय से अनुपस्थित रहता है, तो संबंधित के विरुद्ध उत्तरदायित्व निर्धारित करते हुए कठोर विभागीय कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। बैठक में संभावित बाढ़ एवं प्राकृतिक आपदाओं की तैयारियों की भी समीक्षा की गई।

जनपद के 33 मंडलों में 'हर घर तिरंगा' अभियान की कार्यशालाएं



बहराइच। आगामी स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित किए जा रहे 'हर घर तिरंगा' एवं तिरंगा यात्रा अभियान को सफल बनाने के उद्देश्य से जनपद के सभी 33 मंडलों में मंडल स्तरीय कार्यशालाएं सफलतापूर्वक संपन्न हुईं।

कार्यशालाओं में बूथ स्तर तक अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करने की रणनीति तैयार की गई। कार्यकताओं को प्रत्येक घर तक राष्ट्रीय ध्वज पहुंचाने, व्यापक जनसंपर्क करने तथा नागरिकों को राष्ट्रीय ध्वज के साथ सेल्फी लेकर निर्धारित पोर्टल पर अपलोड करने के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया गया।

बैठक में बताया गया कि 10 अगस्त से 12 अगस्त तक सभी मंडलों में तिरंगा यात्राओं का आयोजन किया जाएगा। लगभग एक से दो किलोमीटर लंबी यह यात्रा शहीद स्मारकों से प्रारंभ होकर नगर एवं गांवों के प्रमुख मार्गों और स्थलों से होकर निकलेगी। यात्रा के दौरान देश के वीर शहीदों, सशस्त्र बलों के अदम्य साहस, उनके सर्वोच्च बलिदान तथा भारत की बढ़ती रक्षा क्षमता और स्वदेशी रक्षा उपकरणों के सम्मान में संदेशयुक्त प्लेकार्ड भी प्रदर्शित किए जाएंगे।

इसी क्रम में जिलाध्यक्ष बृजेश पांडेय जी महसी विधानसभा के रायपुर मंडल की कार्यशाला में उपस्थित हुए। उन्होंने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि, रतिरंगा हमारी आन, बान और शान का प्रतीक है। 'हर घर तिरंगा' अभियान केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक के मन में राष्ट्रभक्ति, राष्ट्रीय एकता और तिरंगे के प्रति सम्मान की भावना को और अधिक सशक्त बनाने का जनआंदोलन है। हम सभी का दायित्व है कि इस अभियान को जन-जन तक पहुंचाकर इसे ऐतिहासिक सफलता दिलाएं।

कार्यशाला में अभियान की रूपरेखा, तिरंगा यात्रा की तैयारियों तथा अधिकाधिक जनभागीदारी सुनिश्चित करने पर विस्तार से चर्चा की गई। उपस्थित कार्यकताओं ने पूरे उत्साह और समर्पण के साथ अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया।

बैठक में मुख्य वक्ता के रूप में जिला से गए पदाधिकारी /मंडल प्रभारी, मंडल अध्यक्ष,शक्ति केंद्र संयोजक व अपेक्षित कार्यकर्ता उपस्थित रहे

पुलिस मुख्यालय में औचक जांच



फतेहपुर। पुलिस अधीक्षक फतेहपुर अभिमन्यु मांगलिक ने आज पुलिस मुख्यालय में अचानक एवं गहन निरीक्षण किया। सुबह आयोजित निरीक्षण में पुलिस अधीक्षक ने कार्यालय के अभिलेखों, शस्त्र एवं विभिन्न इकाइयों का क्रमवार दौरा कर व्यवस्थाओं की समग्र समीक्षा की तथा संबंधित प्रभारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।अधिकारियों ने बताया कि निरीक्षण के दौरान एच.एस. रजिस्टर, एस.आर. रजिस्टर, पत्रावली, शस्त्र रजिस्टर एवं सूचनाओं से संबंधित अन्य अभिलेखों का विस्तृत और बारीकी से अवलोकन किया। विशेष तौर पर रिकार्ड की सटीकता, प्रविष्टियों की समयबद्धता व अभिलेखों के सुरक्षित रख-रखाव पर बल दिया गया। उन्होंने कहा कि अभिलेखों में किसी भी प्रकार की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी और यदि आवश्यक सुधार न किए गये तो अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।पुलिस अधीक्षक ने कार्यालय की विभिन्न शाखाओं का भी निरीक्षण किया जिनमें चुनाव सेल, गार्डरूम, प्रधान लिपिक शाखा, रिट सेल तथा एल.आई.यू. छक्व कार्यालय प्रमुख हैं। हर शाखा का भौतिक निरीक्षण करते हुए पुलिस अधीक्षक ने साफ-सफाई, कागजी व डिजिटल रिकॉर्डिंग की स्टेटस, फाइलों का व्यवस्थित भंडारण तथा कार्यालयीय प्रक्रियाओं की पारदर्शिता पर विशेष ध्यान दिया। उन्होंने कहा कि व्यवस्था सुव्यवस्थित हो, फाइलें निर्धारित फोल्डरों में रखें गए हों और आवश्यक दस्तावेज त्वरित रूप से उपलब्ध हों यही जनता के प्रति उत्तरदायित्व का संकेत है।निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने निम्नलिखित निर्देश दिए:एच.एस., एस.आर. व शस्त्र रजिस्टर में प्रविष्टियों को नियमित और समयानुकूल अद्यतन रखें; पुराने तथा लंबित मामलों की समीक्षा शीघ्रता से करायी जाए।

जड़ी-बूटी दिवस के रूप में मनाया गया आचार्य बालकृष्ण का जन्मदिन



बांदा। भारत स्वाभिमान न्यास, पतंजलि योग समिति, महिला पतंजलि योग समिति, युवा भारत एवं पतंजलि किसान सेवा समिति के योग शिक्षकों, कार्यकताओं और पदाधिकारियों ने आयुर्वेद धवंतरी के नाम से जाने जा रहे आचार्य बालकृष्ण का जन्मदिन इंटरनेशनल एमिटी स्कूल, बबेरू रोड में जड़ी-बूटी दिवस के रूप में मनाया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डा. सत्येंद्र पटेल, विशिष्ट अतिथि संस्थापक संत तुलसी पब्लिक स्कूल संत कुमार गुप्ता, अध्यक्षता विप्रांश यादव निदेशक इंटरनेशनल एमिटी स्कूल रहे। सभी ने आचार्य के दीघार्यु होने की ईश्वर से प्रार्थना की। परिसर में अमरूद, देशी गुड़हल आदि औषधीय पौधों का रोपण किया गया। राज्य कार्यकारिणी सदस्य सजल कुमार रेंडर ने छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक शिक्षिकाओं को आसपास प्रायः मिलने वाली घरेलू आयुर्वेदिक औषधियां जैसे आंवला, गिलोय, एलोवेरा, बेल, पुनर्नवा, सहजन, पलाश, अर्जुन, हर सिंगार आदि की पहचान करवाई। रोगानुसार उपयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी। सभी अतिथियों ने आचार्य श्री के संघर्ष और उनके जीवन पर प्रकाश डाला और आयुर्वेद को अपनाने की सलाह दी। डा. सत्येंद्र पटेल ने दैनिक उपयोग की औषधियां जैसे जीरा, हल्दी, धनिया, अजवायन, हींग मेथी आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी। डॉक्टर मोनिका सिंह जी होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी द्वारा शिविर लगाकर सभी छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक शिक्षिकाओं को रोगानुसार निशुल्क चिकित्सकीय परामर्श एवं दवा वितरित की।

अनूप गुप्ता बच्चों संग मनाया अपना जन्मोत्सव



बहराइच। भाजपा के निवर्तमान प्रदेश महामंत्री एवं सदस्य विधान परिषद (एमएलसी) अनूप गुप्ता के जन्मदिवस पर गुरुवार को जिले में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पांडेय के नेतृत्व में कार्यकर्ता और सिद्धनाथ पीठ पहुंचकर भगवान शिव का जलाभिषेक एवं पूजन-अर्चन किया और उनके उत्तम स्वास्थ्य, दीघार्यु, सुख-समृद्धि तथा जनकल्याण की कामना की।इस अवसर पर सिद्धनाथ पीठ के पीठाधीश्वर महंत रवि गिरि महाराज ने सभी को आशीर्वाद प्रदान करते हुए मंगलमय जीवन की कामना की।इसके बाद भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पांडेय ने प्राथमिक विद्यालय बक्शीपुरा पहुंचकर बच्चों के साथ केक काटकर जन्मोत्सव मनाया। इस दौरान बच्चों को चॉकलेट, फ्रूटी और प्रोटीन चिप्स वितरित किए गए तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के अंत में पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधारोपण भी किया गया।कार्यक्रम में भाजपा जिला कोषाध्यक्ष नितिन रुपानी, जिला मीडिया प्रभारी शिवांकर शुक्ला, जिला महामंत्री अखिलेश यादव 'गोले', नगर अध्यक्ष अमित शर्मा सहित पार्टी के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

फार्मास्यूटिकल एवं मेडिकल व्यवसाय से जुडे करदाताओं के साथ बैठक संपन्न

बहराइच। राज्य कर विभाग खण्ड-2, बहराइच द्वारा बुधवार को औषधि, फार्मास्यूटिकल, मेडिकल उपकरण एवं संबंधित उत्पादों के व्यापार से जुडे करदाताओं के साथ जीएसटी अनुपालन एवं जागरूकता संबंधी बैठक आयोजित की गई। बैठक में करदाताओं को जी.एस.टी.आर.-1 व 3बी समय से दाखिल करने, जी.एस.टी.आर.-2बी से आई.टी.सी. का मिलान, पात्र आई.टी.सी. का ही दावा करने तथा बुक ऑफ एकाउण्ट्स एवं जी.एस.टी. रिटर्न दाखिसल करने में आ रही तकनीकी समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की गई। फार्मास्यूटिकल व्यवसाय की विशेष प्रकृति को देखते हुए एक्सपायर मेडिसिन, सेल्स रिटर्न, क्रेडिट/डेबिट नोट्स, फ्री सैम्पल, बैच एक्सपायरी वाईस स्टाक, सही एच.एस.एन. एवं कर की दर, बी2बी/बी2सी आपूर्ति तथा ई-इनवायस, ई-पे बिल से सम्बन्धित अनुपालन बिन्दुओं पर भी चर्चा की गई।बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त, राज्य कर खण्ड-2 अहमद यासिर द्वारा बताया गया कि बैठक का मुख्य उद्देश्य स्वैच्छिक कर अनुपालन को बढावा देना तथा व्यापारियों की व्यवहारिक समस्याओं का समाधान करना है। राज्य कर विभाग द्वारा सभी करदाताओं से समय से रिटर्न दाखिल करने एवं सही जी.एस.टी. अनुपालन सुनिश्चित करने की अपेक्षा करता है। इस अवसर पर बहराइच केमिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष महेश अग्रवाल व महासचिव मनोज बंसल, गाजी मेडिकल हॉल से सै. ताजुल हुदा, शौर्य मेडिकल्स से संजय अग्रवाल, नरसिंह फार्मा एवं सर्जिकल से अंकित बंसल, नीतिश फार्मा से राजेन्द्र पटवारी, रितेश फार्मास्यूटिकल्स से रितेश अग्रवाल एवं अन्य व्यापारी, सहायक आयुक्त राज्य कर, खण्ड-2 संदीप कुमार सिंह, वरिष्ठ सहायक आशुतोष सिंह व अमरीश तिवारी आदि उपस्थित रहे।

भूमि अर्जन में तेजी लाने के निर्देश

एस पी मिश्रा



बहराइच। जिले में संचालित योजनाओं राष्ट्रीय राजमार्ग 927 जरवल से बहराइच चारलेन चौडीकरण, गोरखपुर शामली एक्सप्रेसवे, बहराइच बाईपास व सरयू नहर गैप्स के भूमि अर्जन कार्यों की समीक्षा हेतु कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान नगर मजिस्ट्रेट राजेश प्रसाद द्वारा अवगत कराया गया कि राष्ट्रीय राजमार्ग 927 के योजना प्रभावित 64 ग्रामों में अधिनिर्णय पारित किया जा चुका है। प्रतिकर भुगतान की कार्यवाही भूमि राशि पोर्टल पर पी.एफ.ए.एस. के द्वारा होना है। नगर मजिस्ट्रेट ने बताया कि भुगतान की नवीन प्रक्रिया के सम्बन्ध में कार्यालय कर्मिकों जानकारी प्राप्त कराने हेतु विभाग से कहा गया है तथा यह भी अपेक्षा की गई कि योजना प्रभावित ग्रामों में भुगतान पूर्ण न होने तक कार्यालय में बनाये रखा जाये।

जिलाधिकारी श्री त्रिपाठी द्वाराएनएचएआई को निर्देशित किया कि भूमि राशि पोर्टल पर जरिये पीएफएमएस भुगतान की कार्यवाही सुनिश्चित कराने हेतु एक एक्सपर्ट को भुगतान पूर्ण होने तक नियुक्ति किया जाए। जिलाधिकारी द्वारा उप जिलाधिकारी नानपारा को निर्देशित किया गया कि राष्ट्रीय राजमार्ग सं0-927 पैकेज-3 बाराबंकी बहराइच सेक्शन कि.मी. 43.00 से 101.515 तक संरक्षित वन भूमि के सापेक्ष ग्राम पाठकपुरवा में उपलब्ध करायी गयी वन रोपण हेतु भूमि वन विभाग के नाम राजस्व अभिलेखों में नियमानुसार अकिंत कराये। बैठक में एसडीएम कैसरगंज को निर्देशित किया गया कि प्रतिकर प्रभाजन हेतु उपलब्ध कराये गये ग्रामवार अंश निर्धारण आख्या जो पूर्ण नही है उन्हे पूरा कराया जाये तथा सरयू नहर के गैप्स निर्माण हेतु आपेक्षित 03 ग्रामों में भू-अर्जन हेतु प्रस्तावित भू-खण्डों की सत्यापन आख्या विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी को शीघ्र उपलब्ध कराया जाए। जिलाधिकारी द्वारा एनएचएआई के प्रतिनिधि को निर्देशित किया गया कि जिन ग्रामों में परिसम्पत्तियों का मूल्यांकन उपलब्ध नही कराया गया है या उपलब्ध कराये गये मूल्यांकन में संशोधन अपेक्षित है उसे पूर्ण कराया जाए तथा प्राधिकारी को उपलब्ध कराये।

झाड़-झंखाड़ में घिरा पुलिस लाइन का खेल मैदान, खिलाड़ी और स्थानीय लोग परेशान



बहराइच। पुलिस लाइन स्थित खेल मैदान इन दिनों बदहाल स्थिति में है। मैदान में जगह-जगह उगी झाड़-झंखाड़ और फैली घास के कारण बच्चों, खिलाड़ियों और सुबह-शाम टहलने आने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। खेल प्रेमियों का कहना है कि मैदान की नियमित साफ-सफाई न होने से यहां अभ्यास करना मुश्किल हो गया है।स्थानीय लोगों के अनुसार यह मैदान केवल पुलिस कर्मियों के लिए ही नहीं, बल्कि आसपास के बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों के लिए भी उपयोगी है। बच्चे यहां क्रिकेट, फुटबॉल और अन्य खेलों का अभ्यास करने आते हैं, जबकि युवा शारीरिक फिटनेस और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए दौड़ लगाते हैं। वहीं बड़ी संख्या में बुजुर्ग और महिलाएं सुबह-शाम टहलने और व्यायाम के लिए पहुंचते हैं। झाड़-झंखाड़ बढ़ने से उन्हें असुविधा के साथ-साथ सांप-बिच्छू जैसे जहरीले जीवों का भी भय बना रहता है।

खेल प्रेमियों का कहना है कि यदि मैदान का नियमित रखरखाव किया जाए तो जिले की खेल प्रतिभाओं को बेहतर अभ्यास का अवसर मिलेगा और अधिक से अधिक बच्चे खेलों की ओर आकर्षित होंगे। उनका मानना है कि खेल मैदानों की बेहतर व्यवस्था स्वस्थ समाज के निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।क्षेत्रीय नागरिकों ने संबंधित विभागीय अधिकारियों से मैदान की तत्काल साफ-सफाई कराने, झाड़-झंखाड़ हटवाने और नियमित रखरखाव सुनिश्चित कराने की मांग की है, ताकि बच्चे, युवा और बुजुर्ग सुरक्षित एवं स्वच्छ वातावरण में खेल और व्यायाम का लाभ उठा सकें।

संक्षेप

टाटा मोटर्स ने लॉन्च की नयी नेक्सॉन कैमो

मुंबई। टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स (टीएमपीवी) ने आज नेक्सॉन कैमो लॉन्च करने की घोषणा की। यह लॉन्च नेक्सॉन के 10 साल पूरे होने और 11 लाख से ज्यादा ग्राहकों के भरोसे का जश्न मनाने के मौके पर हुआ है। इसकी शुरूआती एक्स-शोरूम कीमत दिल्ली में 9.99 लाख रुपये रखी गई है। नेक्सॉन कैमो दो विशेष प्रीमियम रंगों, मुन्नार मिस्ट और कूर्ग क्लाउड में उपलब्ध होगी। यह नया संस्करण आकर्षक डिजाइन के साथ उन्नत तकनीक का भी बेहतरीन मेल है। इसमें अल्ट्रा व्यू ट्विन एचडी डिजिटल कॉकपिट दिया गया है, जिसमें 31.24 सेमी (12.3 इंच) का हरमनट्ठ इंफोटेनमेंट सिस्टम और 26.03 सेमी (10.25 इंच) का हरमनट्ठ डिजिटल इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर शामिल है। नई नेक्सॉन कैमो पेट्रोल, डीजल और आईसीएनजी, तीनों पावरट्रेन विकल्पों में उपलब्ध होगी। एक दशक पहले लॉन्च होने के बाद से नेक्सॉन ने 11 लाख से अधिक परिवारों को सुरक्षित, आरामदायक और यादगार सफर का अनुभव दिया है।

रेंज रोवर एसवी अल्ट्रा लॉन्च

मुंबई। रेंज रोवर ने रेंज रोवर एसवी अल्ट्रा को पेश किया है, जो रेंज रोवर की लक्जरी और सर्वोच्च विशिष्टता है। उन्नत फिनिश को विश्व की पहली ऑडियो तकनीक के साथ जोड़ते हुए, एसवी अल्ट्रा अब तक बनाई गई सबसे लग्जरीयस और तकनीकी रूप से सबसे उन्नत रेंज रोवर है। रेंज रोवर एसवी अल्ट्रा में टाइटन सिल्वर पेश किया गया है, जो एक एक्सक्लूसिव एक्सटीरियर फिनिश है और असली बारीक एल्युमिनियम फ्लेक तथा एडवांस्ड पिगमेंट तकनीक का उपयोग करके लिक्विड मेटल से प्रेरित मिरर-जैसी गुणवत्ता वाली गहरी, चमकदार सतह तैयार करता है। सैटिन प्लैटिनम एटलस और सिल्वर क्रोम एक्सेंट्स एक्सटीरियर को पूरक बनाते हैं, जबकि सैटिन प्लैटिनम इंसर्ट्स वाले 23-इंच अलॉय व्हील्स नए रेंज रोवर सेंटर कैप्स के साथ इसकी दमदार उपस्थिति को और बढ़ाते हैं। अंदर की ओर, एसवी अल्ट्रा एक नया ड्यूओ-टोन ऑर्किड व्हाइट और सिंडर ग्रे अल्ट्राफैब्रिक्सट्ठ इंटीरियर प्रस्तुत करता है, जो एडवांस्ड मटीरियल इनोवेशन को एक शांत, लेदर-फ्री सैंक्चुअरी के साथ जोड़ता है।

मालदीव में तंबाकू टैक्स नीति में सुधार आयात शुल्क में 50 फीसद की कटौती

नई दिल्ली। भारत में बिकने वाली हर चार में से एक से अधिक सिगरेट अवैध होती है। इसलिए तंबाकू पर टैक्स बढ़ाने के साथ-साथ अवैध सिगरेट की बिक्री पर सख्त कार्रवाई भी जरूरी है। इससे लोगों की सेहत की रक्षा होगी और सरकार के राजस्व (आय) का भी नुकसान नहीं होगा मालदीव ने अवैध तंबाकू कारोबार बढ़ने के बाद सिगरेट पर आयात शुल्क (इंपोर्ट ड्यूटी) में 50% की कटौती की है। इस फैसले के बाद फिर से यह चर्चा शुरू हो गई है कि सरकारें तंबाकू पर टैक्स बढ़ाने और अवैध कारोबार पर रोक लगाने के बीच सही संतुलन कैसे बना सकती हैं। पब्लिक हेल्थ और पॉलिसी एक्सपर्ट्स का कहना है कि भारत के लिए इससे एक महत्वपूर्ण संदेश मिलता है। मालदीव सरकार ने सिगरेट पर लगने वाली आयात ड्यूटी (कर) को प्रति पैकेट 8 एमवीआर यानि मालदीवी रूफिया से घटाकर 4 एमवीआर कर दिया है। इस फैसले की दुनियाभर में चर्चा हो रही है, क्योंकि विश्व स्वास्थ्य संगठन ने तंबाकू नियंत्रण के लिए किए गए प्रयासों, जिनमें तंबाकू पर ज्यादा टैक्स लगाना भी शामिल था, उसके लिए मालदीव को वर्ष 2024 का वर्ल्ड नो टोबैको डे अवॉर्ड' दिया था।

शो लॉक अप: सच या सजा की विजेता बनीं श्रेया कालरा

मुंबई। सच जैसे-जैसे सामने आता है, आप आजाद हो सकते हैं। ऐसा ही कुछ देखने को मिला नेटफ्लिक्स के कैप्टिव रियलिटी शो, लॉक अप: सच या सजा में, जिसने पहले दिन से ही दर्शकों को बांधकर रखा। छः हफ्तों तक इमोशनल कॉन्फेशन, चार्जशीट, जबरदस्त टकराव, बदलती डायनामिक्स और यादगार रिडेंप्शन के बाद नेटफ्लिक्स और बालाजी टेलीफिल्म्स के रिकॉर्ड-ब्रेकिंग कैप्टिव रियलिटी शो, लॉक अप: सच या सजा को अपना विनर मिल गया। सीजन के सबसे मुश्किल टास्क, लगातार स्क्रूटनी और बदलती डायनामिक्स के सफर में आगे बढ़ते हुए श्रेया कालरा ने साबित कर दिया कि ऑथेंटिसिटी ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है और उन्होंने लॉक अप: सच या सजा की ट्रॉफी अपने नाम कर ली। श्रेया ने लॉक अप में अकेले प्रवेश किया था, पर वापस वो अपनी सच्चाई के साथ गईं। उनका यह सफर पूरे देश के दर्शकों को बहुत पसंद आया।

सेंसेक्स में 374 अंकों की उछाल



मुंबई। स्थानीय शेयर बाजारों में बृहस्पतिवार को मिला-जुला रुख रहा। कच्चे तेल के दाम में नरमी और रिलायंस इंडस्ट्रीज तथा आईसीआईसीआई बैंक जैसी बड़ी कंपनियों के शेयरों में लिवाली से मानक सूचकांक बीएसई सेंसेक्स 374 अंक के लाभ में रहा, जबकि एनएसई निफ्टी में मामूली 11 अंक की तेजी रही।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स कारोबार के दौरान पूरे समय सकारात्मक दायरे में रहा। अंत में यह 373.76 अंक यानी 0.48 प्रतिशत चढ़कर 78,954.76 अंक पर बंद हुआ। पचास शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी पूरे दिन सीमित दायरे में कारोबार करता रहा और अंत में 11.35 अंक यानी 0.05 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ 24,636 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान निफ्टी ऊंचे में 24,677.05 अंक तक गया और नीचे में 24,604.15 अंक तक आया। सोमवार से दोनों प्रमुख सूचकांकों के प्रदर्शन में अंतर देखने को मिल रहा है। यह बदलाव उन शेयरों के लिए नई नीलामी व्यवस्था लागू किए जाने के बाद आया है, जिनमें वायदा एवं विकल्प (एफएंडओ) अनुबंध उपलब्ध हैं। इक्विटी नकद खंड में समापन नीलामी सत्र (सीएएस) सोमवार से शुरू हुआ। इसके तहत पात्र शेयरों के समापन मूल्य तय करने के लिए नीलामी आधारित नई व्यवस्था लागू की गई है। इसका उद्देश्य कीमत निर्धारण प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और मजबूत बनाना है। घरेलू शेयर बाजार में मिश्रित रुख रहा...। निवेशकों की धारणा पश्चिम एशिया संघर्ष के कूटनीतिक समाधान की उम्मीद के बीच सतर्क लेकिन सकारात्मक बनी रही। उन्होंने कहा कि निफ्टी सीमित दायरे में कारोबार करते हुए लगभग स्थिर रहा। सेंसेक्स में बढ़त दर्ज की गई, जिसे मुख्य रूप से प्रमुख शेयरों में लिवाली से समर्थन मिला। एनएसई की समापन नीलामी सत्र व्यवस्था शुरू होने के चार सत्रों के बाद सेंसेक्स और निफ्टी के बीच अंतर अब केवल बदलाव के दौर की वजह से नहीं, बल्कि बाजार की नकदी में अंतर को दर्शा रहा है। बीस मिनट की समापन नीलामी प्रक्रिया दोनों सूचकांकों के लिए अलग-अलग परिणाम दे रही है क्योंकि संस्थागत निवेशकों के ऑर्डर सेंसेक्स के मुकाबले निफ्टी के शेयरों में अधिक केंद्रित हैं। परिणामस्वरूप निफ्टी का बंद स्तर अब समापन नीलामी सत्र से तय होने वाली कीमतों के प्रति अधिक संवेदनशील हो गया है, जबकि सेंसेक्स पर इसका प्रभाव अपेक्षाकृत कम रहा है। सेंसेक्स में शामिल शेयरों में रिलायंस इंडस्ट्रीज में सबसे अधिक 3.43 प्रतिशत की तेजी रही। इसके अलावा, भारतीय स्टेट बैंक, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, आईसीआईसीआई बैंक, इटर्नल और टाइटन भी बढ़त दर्ज करने वाले प्रमुख शेयरों में शामिल रहे।

सोना 3800 रुपये की बढ़ोत्तरी संग उच्च स्तर पर और चांदी 2,100 रुपये मजबूत



नयी दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोने की कीमतों में लगातार तीसरे सत्र में बढ़त देखी गई। रुपये की कीमत में गिरावट और मजबूत वैश्विक रुख की वजह से सोना 3,800 रुपये महंगा होकर सात सप्ताह के सबसे ऊंचे स्तर 1.53 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना बुधवार के ।,50,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के बंद स्तर से 3,800 रुपये बढ़कर ।,53,800 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी टैक्स सहित) हो गया।

इससे पहले सोना 18 जून को ।,53,440 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर के आसपास बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी पिछले सत्र के 2,32,700 रुपये प्रति किलोग्राम से 2,100 रुपये बढ़कर 2,34,800 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी टैक्स सहित) हो गई। कारोबारियों ने कहा कि रुपये में कमजोरी के कारण घरेलू बाज़ार में आयातित सर्राफा महंगा हो गया, जबकि कमजोर डॉलर और अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल में नरमी के बीच विदेशी बाज़ार में सोने की कीमतों में बढ़त ने कीमती धातुओं को और सहारा दिया। बृहस्पतिवार को डॉलर इंडेक्स में मामूली बढ़त और अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल में थोड़ी बढ़ोतरी के कारण रुपया, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 16 पैसे गिरकर 95.24 (अस्थायी) पर रहा। कमज़ोर डॉलर, अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल में नरमी और पश्चिम एशिया संघर्ष में कूटनीतिक समाधान की उम्मीदों से कीमती धातु की मांग बढ़ी है, जिससे सोने की कीमतों में लगातार तीसरे सत्र में बढ़त हुई और यह सात सप्ताह के उच्च स्तर पर पहुंच गया। विदेशी बाज़ारों में, हाजिर सोने की कीमत बढ़कर 4,264.24 डॉलर प्रति औंस हो गई, जबकि चांदी की कीमत 61.80 डॉलर प्रति औंस पर रही। ईरान के यह कहने के बाद कि होर्मुज जलडमरूमध्य से समुद्री यातायात के प्रबंधन को लेकर ओमान के साथ समझौते पर सैद्धांतिक रूप से सहमति बन गई है, हाजिर सोने की कीमत बढ़कर 4,260 डॉलर प्रति औंस के आसपास पहुंच गई।

मेटा की टीम से अनुपालन, एल्गोरिदम व सुरक्षा उपायों पर सरकार कर रही सवाल

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की फेसबुक पोस्ट को थोड़ी देर के लिए हटाए जाने के मामले में सरकार प्रौद्योगिकी कंपनी मेटा के अधिकारियों की टीम से यह पूछताछ कर रही है कि कंपनी भारतीय कानूनों का पालन कर रही है या नहीं। आधिकारिक सूत्रों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

सूत्रों के मुताबिक, सरकार और मेटा की वैश्विक टीम के बीच इस मुद्दे पर बातचीत अब भी जारी है। इस दौरान मेटा के अधिकारियों से कंपनी के एल्गोरिदम, अनुपालन व्यवस्था में पर्याप्त संतुलन एवं नियंत्रण और संवैधानिक व कानूनी प्रावधानों को पूरा करने के लिए सुरक्षा उपायों के बारे में भी सवाल किए जाएंगे। सूत्रों ने बताया कि सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव बृहस्पतिवार को मेटा की वैश्विक टीम से मुलाकात कर रहे हैं और इसके बाद मंत्रालय की तकनीकी टीमों के साथ बातचीत आगे भी जारी रहेगी। इससे पहले, अमेरिका स्थित इस प्रौद्योगिकी कंपनी ने मोदी की फेसबुक पोस्ट हटाए जाने की घटना पर माफी मांगी थी। साथ ही, बाल यौन शोषण से संबंधित सामग्री, डीपफेक और भुगतान के बदले कुछ सामग्री को बढ़ावा देने जैसे मुद्दों पर भी चूक स्वीकार की थी। मेटा के वैश्विक मामलों के प्रमुख जोएल कैपलन ने एक लिखित बयान में कहा था कि उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी की पोस्ट पर लगे प्रतिबंध की त्रुटि के लिए मंत्री से माफी मांगी।

रुपया 16 पैसे टूटकर 95.24 प्रति डॉलर पर



मुंबई। डॉलर सूचकांक में मामूली बढ़त और अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल में बढ़ोतरी के बीच रुपया बृहस्पतिवार को 16 पैसे कमजोर होकर 95.24 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर रहा।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि अमेरिकी डॉलर सूचकांक में मामूली सुधार और विदेशी कोषों की निकासी से रुपये पर दबाव रहा। हालांकि, कच्चे तेल की अपेक्षाकृत नरम कीमतों ने रुपये को कुछ हद तक समर्थन दिया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 95.13 प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के दौरान यह 95.12 से 95.24 प्रति डॉलर के दायरे में रहा। अंत में यह 95.24 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर आ गया जो पिछले बंद भाव की तुलना में 16 पैसे की गिरावट है। रुपया बुधवार को 20 पैसे मजबूत होकर 95.08 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। अमेरिकी डॉलर सूचकांक में मामूली बढ़त और अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल में मामूली वृद्धि के कारण आज भारतीय रुपया कमजोर हुआ। हालांकि, कच्चे तेल की कीमतों में नरमी और अमेरिका-ईरान के बीच समझौते की उम्मीदों ने रुपये को कुछ हद तक समर्थन दिया। चौधरी ने कहा कि डॉलर के मुकाबले रुपये का हाजिर भाव 94.80 से 95.50 के दायरे में रहने के आसार हैं। इस बीच, दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की मजबूती को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.11 प्रतिशत घटकर 99.78 पर रहा। अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड वायदा कारोबार में 0.09 प्रतिशत बढ़कर 79.52 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा था। भारत के लिए ब्रेंट कच्चे तेल का भाव 80 डॉलर प्रति बैरल के आसपास रहने से आयात बिल, मुद्रास्फीति और चालू खाते पर दबाव जुलाई में देखे गए 100 डॉलर से अधिक के स्तर की तुलना में काफी कम रहता है।

वाहनों की कुल खुदरा बिक्री जुलाई में 25.89 प्रतिशत बढ़ी

नयी दिल्ली। देश में वाहनों की कुल खुदरा बिक्री जुलाई में सालाना आधार पर 25.89 प्रतिशत बढ़कर 25,91,138 इकाई हो गई। वाहन डीलर संघों के महासंघ (फाडा) ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

फाडा ने कहा कि पिछले साल माल एवं सेवा कर (जीएसटी) दरों में बदलाव के बाद मांग में आई तेजी का सिलसिला जारी है। फाडा ने बयान में कहा कि वाहनों की खुदरा बिक्री जुलाई, 2025 में 20,58,325 इकाई रही थी। यात्री वाहनों (पीवी) की खुदरा बिक्री जुलाई में 19.13 प्रतिशत वृद्धि के साथ 4,16,555 इकाई रही, जो पिछले साल जुलाई में 3,49,674 इकाई थी। दोपहिया वाहनों की खुदरा बिक्री 28.25 प्रतिशत बढ़कर 18,18,289 इकाई हो गई, जबकि जुलाई, 2025 में यह 14,17,767 इकाई थी। फाडा के अनुसार, जुलाई में तिपहिया वाहनों की बिक्री 16.16 प्रतिशत बढ़कर ।,33,778 इकाई रही, जो पिछले वर्ष की समान अवधि में ।,15,166 इकाई थी। वाणिज्यिक वाहनों की खुदरा बिक्री भी 24.04 प्रतिशत बढ़कर 99,666 इकाई हो गई, जबकि जुलाई, 2025 में यह 80,348 इकाई थी। फाडा के उपाध्यक्ष साई गिरिधर ने कहा कि दोपहिया, तिपहिया, वाणिज्यिक वाहन, यात्री वाहन, ट्रैक्टर समेत सभी श्रेणियों में यह पहली बार हुआ जब किसी भी साल के जुलाई माह में सर्वाधिक बिक्री दर्ज की गई है।

कोल इंडिया ने लौह अयस्क खनन में रखा कदम

नयी दिल्ली, छह अगस्त (भाषा) सरकारी स्वामित्व वाली कोल इंडिया लिमिटेड ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह ओडिशा के गदाधरपुर लौह अयस्क ब्लॉक के लिए तरजीही बोलीदाता बनकर उभरी है।

इसके साथ ही देश की सबसे बड़ी कोयला उत्पादक कंपनी ने लौह अयस्क खनन क्षेत्र में भी कदम रख दिया है। सीआईएल मुख्य रूप से कोयले के खनन एवं उत्पादन में सक्रिय है और देश में कोयले के घरेलू उत्पादन में इसकी हिस्सेदारी 80 प्रतिशत से अधिक है। कोल इंडिया का अब लौह अयस्क खनन में उतरने का कदम दीर्घकालिक ऊर्जा बदलाव के बीच कंपनी की व्यापक विविधीकरण योजना का संकेत माना जा रहा है। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि उसे यह खनन पट्टा प्रेषित खनिज के मूल्य के 114.05 प्रतिशत नीलामी प्रीमियम पर प्रदान किया गया है। सीआईएल को यह ब्लॉक ओडिशा सरकार ने आवंटित किया है। गदाधरपुर ब्लॉक जी-3 अन्वेषण चरण में है, जहां कुल अयस्क संसाधन लगभग 28.8 करोड़ टन आंका गया है। जी-3 चरण वह प्रारंभिक अन्वेषण में सर्वेक्षण के आधार पर चिन्हित क्षेत्रों में विस्तृत नमूने, मानचित्रण और खुदाई के जरिये खनिज भंडार का आकलन किया जाता है। कोल इंडिया को सफल बोलीदाता घोषित होने के लिए एक वर्ष में औपचारिकताएं पूरी करनी होंगी, जबकि खनन पट्टा समझौते को अंजाम देने के लिए तीन वर्ष तक का समय मिलेगा।

सैमसंग लेकर आया है 'द बिग बेस्पोक एआई फेस्ट

नई दिल्ली। सैमसंग इंडिया ने स्वतंत्रता दिवस के मौके पर अपनी विशेष सेल 'द बिग बेस्पोक एआई फेस्ट' की घोषणा की है। 1 अगस्त से 15 अगस्त तक चलने वाले इस अभियान के तहत कंपनी अपने बेस्पोक एआई होम अप्लायंसेज पर आकर्षक ऑफर्स दे रही है। इसका उद्देश्य आधुनिक तकनीक के जरिए रोजमर्रा के घरेलू कामों को आसान बनाकर उपभोक्ताओं को अधिक सुविधा और समय उपलब्ध कराना है। देश की आजादी के वर्ष 1947 को खास अंदाज में याद करते हुए कंपनी चुनिंदा बेस्पोक एआई अप्लायंसेज पर 19,470 रुपये तक का कैशबैक दे रही है। इसके अलावा, सैमसंग केयर+ के तहत चुनिंदा रेफ्रिजरेटर और वॉशिंग मशीन पर एक वर्ष की विस्तारित वारंटी के साथ दो वर्ष की अतिरिक्त वारंटी मुफ्त मिलेगी।

डीएसपी म्यूचुअल फंड ने का नया कैम्पेन लॉन्च

कानपुर। डीएसपी म्यूचुअल फंड ने मल्टी एसेट एलोकेशन श्रेणी के लिए एक नया डिजिटल केंपेन शुरू किया है। इसका उद्देश्य निवेशकों को हाल में मिले रिटर्न से आगे बढ़कर यह समझ बढ़ाने के लिए प्रेरित करना है कि इन फंडों की किसी निवेश पोर्टफोलियो में क्या भूमिका होती है। यह अभियान इस आकलन पर आधारित है कि मल्टी एसेट एलोकेशन फंडों में निवेशकों की रुचि तेजी से बढ़ी जरूर है, लेकिन कई निवेशक अपनी पड़ताल की शुरूआत इस श्रेणी से जुड़ी अलग-अलग उम्मीदों के साथ करते हैं कि आखिर ये फंड किस तरह का लाभ देने के लिए बनाए गए हैं। जब हमने यह विश्लेषण किया कि निवेशक मल्टी एसेट एलोकेशन फंडों के बारे में किस तरह सर्च कर रहे हैं, तो हमें पता चला कि सभी निवेशक एक जैसा जवाब नहीं खोज रहे थे। कुछ लोग हालिया रिटर्न का मूल्यांकन कर रहे थे। कुछ यह समझना चाहते थे कि यह मल्टी असेट क्लास उनके निवेश पोर्टफोलियो में किस तरह शामिल हो सकती है। हर किसी से एक जैसी बात करने के बजाय, हम चाहते थे कि हमारा संवाद उनके अलग-अलग शुरूआती नजरिए पर केंद्रित रहे। यह अभियान निवेशकों को बेहतर सवाल पूछने और यह समझने में मदद करता है कि मल्टी एसेट एलोकेशन फंड वास्तव में किस उद्देश्य के लिए बनाए गए हैं।

बर्जर बेकर और बर्जर निप्पॉन ने इस तिमाही मजबूत बढ़त दर्ज की

नई दिल्ली। कंपनी का मुनाफा और रेवेन्यू, दोनों बढ़ने की उम्मीद है। हमारे संयुक्त उद्यम, बर्जर बेकर और बर्जर निप्पॉन ने इस तिमाही मजबूत बढ़त दर्ज की। घरेलू मांग के संकेतक धीरे-धीरे सभी सेगमेंट और बाजारों में सुधर रहे हैं, और मॉनसून भी शुरूआती अनुमान से बेहतर आगे बढ़ रहा है, यह आने वाले महीनों के लिए अच्छे संकेत हैं। बर्जर पेंट्स में हम नेटवर्क के विस्तार, प्रोडक्ट और सर्विस में नयापन लाने, और ब्रांड बिल्डिंग पर ध्यान देते रहेंगे, ताकि हमारे निवेशकों और हितधारकों को बेहतर वैल्यू मिल सके। 30 जून, 2026 को समाप्त तिमाही में कामकाज से राजस्व 3,583.8 करोड़ रुपये रहा, जबकि पिछले साल की इसी तिमाही में यह 3,200.8 करोड़ रुपये था। यानी पिछले साल के मुकाबले इसमें 12.0% की बढ़ोतरी हुई। इस तिमाही में एबिटा (अन्य आय को छोड़कर) 607.4 करोड़ रुपये रहा, जबकि पिछले साल की इसी तिमाही में यह 528.4 करोड़ रुपये था, यानी 15.0% ज्यादा।

एसबीआई लाइफ व जेएंडके बैंक ने जीवन बीमा पहुंचाने के लिए की साझेदारी

नई दिल्ली। एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के परिवारों को अपने फाइनेंशियल भविष्य को सुरक्षित करने की दिशा में एक कदम और आगे बढ़ने में मदद करेगा। एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस ने जेएंडके बैंक (जम्मू-कश्मीर बैंक) के साथ एक स्ट्रैटेजिक कॉर्पोरेट एजेंसी टाई-अप की घोषणा की। जेएंडके बैंक एक शेड्यूल्ड कमर्शियल बैंक है और भारत के सबसे पुराने प्राइवेट सेक्टर बैंकों में से एक है। यह साझेदारी इरडाई के '2047 तक सभी के लिए बीमा' के विजन के अनुरूप वित्तीय समावेशन को आगे बढ़ाती है और साथ ही उन समुदायों तक दीर्घकालिक वित्तीय सुरक्षा पहुँचाती है, जिनकी अब तक इस तक सीमित पहुँच रही है। एसबीआई लाइफ में हमारा उद्देश्य लोगों और परिवारों को आर्थिक रूप से मजबूत बनने और ज्यादा भरोसे के साथ भविष्य का सामना करने में मदद करना है। जेएंडके बैंक के साथ हमारी साझेदारी देश भर के परिवारों के बीच इंश्योरेंस के बारे में जागरूकता बढ़ाने और आर्थिक सुरक्षा के कल्चर को मजबूत करने की हमारी साझा प्रतिबद्धता को दिखाती है।

पेज एक का शेष

बायोगैस

घरों को आपूर्ति होने वाली पाइप वाली प्राकृतिक गैस (पीएनजी) में सीबीजी की अनिवार्य मिलावट के लक्ष्य को पूरा करने के लिए सीबीजी खरीदेंगी। वित्त वर्ष 2026-27 में तीन प्रतिशत, 2027-28 में चार प्रतिशत और 2028-29 से पांच प्रतिशत मिलावट का लक्ष्य रखा गया है। सरकार ने उत्पादकों को दीर्घकालिक राजस्व सुनिश्चित करने और उपभोक्ताओं के लिए कीमतों को किफायती बनाए रखने के उद्देश्य से सीबीजी के लिए 2,110 रुपये प्रति एमएमबीटीयू का विनियमित मूल्य भी तय किया है।

गोबरधन योजना के तहत पात्र नई परियोजनाओं को स्थापित क्षमता के प्रति टन प्रतिदिन पर अधिकतम दो करोड़ रुपये तक की पूंजी सहायता मिलेगी, जबकि पुरानी विस्तार परियोजनाओं को भी समर्थन दिया जाएगा। इसके साथ, सीबीजी संयंत्रों को मुख्य पाइपलाइन और शहरी गैस नेटवर्क से जोड़ने के लिए अवसंरचना वित्तपोषण, सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों के लिए ऋण गारंटी व्यवस्था और जैविक कच्चे माल के एकत्रीकरण, प्रौद्योगिकी अपनाने और जिला-स्तरीय परियोजनाओं के विकास के लिए एक विशेष कोष का प्रावधान किया गया है। बयान के मुताबिक, इस कार्यक्रम से निजी निवेश को बढ़ावा मिलेगा, किसानों और ग्रामीण उद्यमियों की आय के नए अवसर पैदा होंगे, कचरा प्रबंधन में सुधार होगा, जैविक खाद का उत्पादन बढ़ेगा और ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन में कमी आएगी। भारत अपनी ऊर्जा बदलाव रणनीति के तहत प्राकृतिक गैस के उपयोग का विस्तार कर रहा है। इसके साथ ही कम्प्रेस्ड बायोगैस जैसे नवीकरणीय गैसीय ईंधन के घरेलू उत्पादन को बढ़ाकर आयातित एलएनजी पर निर्भरता कम करने का प्रयास कर रहा है।

जेन-जी की

और आवाज का इस्तेमाल करके नकली वीडियो बना सकती है। यह पता होने पर लोगों को कभी भी सोशल मीडिया पर किसी भी चीज़ पर तब तक विश्वास नहीं करना चाहिए जब तक कि वे विश्वसनीय स्रोतों से उसकी पुष्टि न कर लें। भागवत ने यह भी कहा कि सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स की अपने फॉलोवर्स के प्रति ज़िम्मेदारी होती है। उन्होंने कहा अगर मैं सोशल मीडिया पर कोई मशहूर हस्ती हूं और 10 लाख लोग मुझे फ़ॉलो करते हैं, तो यह मेरी ज़िम्मेदारी है कि मैं यह पक्का करूं कि मुझे फ़ॉलो करने की वजह से वे किसी मुसीबत में न पड़ें। इतनी समझदारी जरूरी है। उन्होंने स्व-नियमन का आह्वान करते हुए कहा कि पुरानी पीढ़ी को युवाओं की मदद करनी चाहिए ताकि वे सोशल मीडिया का ज़िम्मेदारी से इस्तेमाल करने की समझ विकसित कर सकें। भागवत ने कहा सोशल मीडिया के इस्तेमाल में हमें खुद से अनुशासन बनाए रखने की ज़रूरत है। एक बार जब यह अनुशासन आ जाएगा, तो नियम प्रभावी ढंग से काम करेंगे।

युवाओं का

विकास तथा संस्कृति एवं विरासत सहित युवाओं के व्यक्तित्व के सभी महत्वपूर्ण आयामों का समग्र समावेश हो। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि युवाओं को भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार करने के लिए आधुनिक तकनीकों पर आधारित कौशल विकास को प्राथमिकता दी जाए। कृत्रिम बुद्धिमत्ता, रोबोटिक्स, साइबर सुरक्षा, ड्रोन, सेमीकंडक्टर तथा अन्य उभरते क्षेत्रों में प्रशिक्षण को बढ़ावा दिया जाए। प्रत्येक जनपद में उद्यमिता और नवाचार के लिए अनुकूल वातावरण विकसित किया जाए। यूथ इन्क्यूबेशन सेंटर, स्टार्टअप प्रोत्साहन, रोजगार सृजन तथा युवाओं के लिए एकीकृत डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से कैरियर मार्गदर्शन, छात्रवृत्ति, रोजगार मिलान और अन्य सेवाओं को एक स्थान पर उपलब्ध कराया जाए। मुख्यमंत्री ने सरदार वल्लभभाई पटेल इंडस्ट्रियल एंड एम्प्लायमेंट जोन की स्थापना का कार्य शीघ्र प्रारम्भ करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अभ्युदय कोचिंग योजना का क्रियान्वयन और अधिक प्रभावी ढंग से किया जाए। इस योजना के सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। प्रत्येक विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय परिसर तक इसके विस्तार की संभावनाएं तलाशते हुए युवा आईएएस एवं आईपीएस अधिकारियों सहित अन्य विशेषज्ञों की सहभागिता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि आज अनेक प्रतिष्ठित निजी कोचिंग संस्थान भी उत्तर प्रदेश में अपनी इकाइयां स्थापित करना चाहते हैं। इस अनुकूल वातावरण का लाभ प्रदेश के युवाओं को मिलना चाहिए।

घुमंतू समाज

साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर ने इस अन्यायपूर्ण कानून को समाप्त कर इन समुदायों को सम्मान दिलाया, लेकिन लंबे समय तक इनके समग्र विकास के लिए अपेक्षित प्रयास नहीं हुए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पहली बार इन समुदायों के लिए राष्ट्रीय स्तर पर आयोग का गठन हुआ और उत्तर प्रदेश में भी उनके कल्याण के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि पिछले वर्ष घुमंतू समाज के सम्मेलन में बोर्ड गठन की मांग उठाई गई थी, जिस पर उन्होंने घोषणा की थी। अब बोर्ड के गठन की प्रक्रिया आगे बढ़ रही है और इसमें विभिन्न विमुक्त एवं घुमंतू समुदायों का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया जाएगा, ताकि उनकी समस्याएं सीधे सरकार तक पहुंच सकें और उनके समाधान के लिए प्रभावी योजनाएं बनाई जा सकें। उन्होंने कहा कि डबल इंजन सरकार ने वनटांगिया, मुसहर, थारू, गौड़, चेरो, बुक्सा, कोल और सहरिया सहित अनेक वंचित समुदायों को राशन कार्ड, आवास, आयुष्मान भारत कार्ड, निःशुल्क बिजली व गैस कनेक्शन, पेंशन और अन्य कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने का कार्य किया है। सरकार का लक्ष्य प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ पहुंचाना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार उपेक्षित समाज के महापुरुषों और वीरांगनाओं को भी उचित सम्मान दे रही है। निषादराज गुह्य की प्रतिमा, महाराजा सुहेलदेव विजय स्मारक, जनजातीय संग्रहालय, विश्वविद्यालय और मेडिकल कॉलेज सहित कई परियोजनाएं इसी दिशा में स्थापित की गई हैं। समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने कहा कि घुमंतू विकास बोर्ड विभिन्न विभागों की योजनाओं को विमुक्त एवं घुमंतू समाज तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने का माध्यम बनेगा। उन्होंने कहा कि अब यह समाज घुमंतू से टिकंतू बनने की ओर बढ़ रहा है, क्योंकि लोगों को आवास, बिजली, आजीविका और सम्मानजनक जीवन के अवसर मिल रहे हैं। कार्यक्रम में सपेरा समाज ने पारंपरिक बीन वादन के साथ मुख्यमंत्री का स्वागत किया। विमुक्त एवं घुमंतू समाज के प्रतिनिधियों ने घुमंतू विकास बोर्ड को समाज के सम्मान और समग्र विकास की दिशा में ऐतिहासिक पहल बताते हुए मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया।

संसद ने दी

वित्त वर्ष के दौरान कुछ खास सेवाओं पर और उस वर्ष के लिए मंजूर रकम से अधिक किए गए थे। सीतारमण ने कहा कि इसे वित्त वर्ष 2022-23 में हुए अतिरिक्त खर्च के लिए लाया गया है। उन्होंने कहा कि यह अतिरिक्त खर्च केवल दो मद में हुआ जिनका लोक लेखा समिति (पीएसी) ने इस साल अप्रैल में लोकसभा में पेश अपनी 39वीं रिपोर्ट में उल्लेख किया है। उन्होंने कहा कि पीएसी की अध्यक्षता हमेशा विपक्ष के नेता करते हैं और इस समिति ने वित्त वर्ष 2022-23 के सारे खर्चों पर विचार करने के बाद इस बात को उजागर किया कि अतिरिक्त खर्च हुआ है। सीतारमण ने कहा कि इनमें से एक अतिरिक्त व्यय रेलवे मंत्रालय से जुड़े एक अदालती आदेश के कारण हुआ, जो 196.44 करोड़ रूपये था। उन्होंने कहा कि इसके अलावा दूसरा बड



स्टार्क कपिल देव के रिकॉर्ड से बस एक विकेट दूर

मेलबर्न। ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क टेस्ट क्रिकेट में सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची में भारत के महान कप्तान कपिल देव की बराबरी से सिर्फ एक विकेट दूर हैं। स्टार्क ने कहा टेस्ट क्रिकेट में सबसे अधिक विकेट लेने वाले शीर्ष 10 गेंदबाजों की सूची में जगह बनाना उनके लिए गर्व की बात है। स्टार्क ने 105 टेस्ट मैचों में 433 विकेट लिए हैं, जबकि कपिल देव के नाम 434 विकेट दर्ज हैं। 13 अगस्त से बांग्लादेश के खिलाफ शुरू होने वाली दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला में उनके पास कपिल को पीछे छोड़ने के साथ-साथ दक्षिण अफ्रीका के महान तेज गेंदबाज डेल स्टेन (439 विकेट) से भी आगे निकलने का मौका होगा।

इस उपलब्धि के बारे में पूछे जाने पर स्टार्क ने ऑस्ट्रेलियन एसोसिएटेड प्रेस से कहा, इसका मतलब है कि मैंने काफी क्रिकेट खेल ली है। उन्होंने कहा कपिल देव और डेल स्टेन जैसे महान खिलाड़ियों के साथ मेरा नाम लिया जाना बेहद सम्मान की बात है। जब तक आप खेल रहे होते हैं, तब तक



ऐसे आंकड़ों पर ज्यादा ध्यान नहीं देते। मैं अभी भविष्य के बारे में ज्यादा नहीं सोच रहा हूं। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के मौजूदा चक्र में स्टार्क सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं।

उन्होंने आठ मैचों में 46 विकेट हासिल किए हैं। टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों की सूची में उनसे आगे शेन वार्न (708), नाथन लियोन (567) और ग्लेन मैक्ग्रा (563) हैं। इस 36 वर्षीय बाएं हाथ के तेज गेंदबाज ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट की चुनौतियों का सामना करने के लिए उन्होंने अपनी फिटनेस पर लगातार मेहनत की है।

स्टार्क इस साल आईपीएल में कुछ मैच खेलने के बाद मैदान पर नजर नहीं आए हैं। उन्होंने कहा, जब आप 36 साल के होते हैं और 16 वर्षों से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेल रहे होते हैं, तो उम्मीद रहती है कि आपने अपने खेल में कुछ न कुछ सुधार जरूर किया होगा। इस उपलब्धि के बारे में पूछे जाने पर स्टार्क ने ऑस्ट्रेलियन एसोसिएटेड प्रेस से कहा इसका मतलब है कि मैंने काफी क्रिकेट खेल ली है।

उन्होंने कहा कपिल देव और डेल स्टेन जैसे महान खिलाड़ियों के साथ मेरा नाम लिया जाना बेहद सम्मान की बात है। जब तक आप खेल रहे होते हैं, तब तक ऐसे आंकड़ों पर ज्यादा ध्यान नहीं देते। मैं अभी भविष्य के बारे में ज्यादा नहीं सोच रहा हूं। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के मौजूदा चक्र में स्टार्क सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं।

मैदान पर उतरते ही हमारे पास हर सवाल का जवाब होगा : गौतम गंभीर

कोलंबो। भारतीय टीम का हाल के वर्षों में घरेलू मैदान पर टेस्ट में प्रदर्शन निराशाजनक रहा है लेकिन मुख्य कोच गौतम गंभीर को उम्मीद है कि 15 अगस्त से श्रीलंका के खिलाफ शुरू होने वाली दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए उनकी टीम पूरी तरह तैयार रहने के साथ हर चुनौती का जवाब देने में सक्षम रहेगी। अभ्यास सत्र से पहले खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए गंभीर ने टीम में शामिल हुए नए खिलाड़ियों स्पिन गेंदबाजी हरफनमौला सारांश जैन और तेज गेंदबाज आकिब नबी का भी स्वागत किया।

सोशल मीडिया पर भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा साझा किए गए वीडियो में गंभीर ने कहा, हम जानते हैं कि हमारे सामने क्या चुनौती है और हम किस लक्ष्य के लिए खेल रहे हैं। हम कड़ी मेहनत कर सकते हैं, अपनी क्षमता को आगे बढ़ा सकते हैं और हर तैयारी पूरी कर सकते हैं। उन्होंने आगे कहा 15 अगस्त की सुबह जब मैच शुरू होगा, चाहे हम पहले बल्लेबाजी करें या गेंदबाजी हमें हर सवाल का जवाब देने के लिए पूरी तरह तैयार रहना है। इसलिए



अभी से अपनी तैयारियों में कोई कमी नहीं छोड़नी है। श्रृंखला का पहला टेस्ट 15 अगस्त से गॉल में खेला जाएगा, जबकि दूसरा मुकाबला 23 अगस्त से कोलंबो में होगा। पिछले दिसंबर में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू मैदान पर 02 की निराशाजनक हार के बाद विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) में यह भारत का पहला मुकाबला होगा। सारांश को घरेलू क्रिकेट में मध्य प्रदेश के लिए लगातार शानदार प्रदर्शन के आधार पर टीम में जगह मिली है। वहीं नबी को चोटिल जसप्रीत बुमराह के स्थान पर शामिल किया गया है। पिछले रणजी ट्रॉफी सत्र में उन्होंने जम्मू-कश्मीर को पहली बार खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। गंभीर ने सारांश का स्वागत करते हुए कहा, सारांश, सबसे पहले तुम्हें बधाई। यहां तक पहुंचने के लिए तुमने काफी मेहनत की है।

जब भी तुम्हें देश के लिए खेलने का मौका मिले, यह सुनिश्चित करना कि तुम अपने परिवार और देश का नाम रोशन करो। उन्होंने नबी को बधाई देते हुए कहा आकिब पिछले सत्र तुम्हारा प्रदर्शन शानदार रहा। जम्मू-कश्मीर का रणजी ट्रॉफी जिताना एक बड़ी उपलब्धि है। इसके लिए तुम्हें एक बार फिर बधाई। सत्र से पहले खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए गंभीर ने टीम में शामिल हुए नए खिलाड़ियों स्पिन गेंदबाजी हरफनमौला सारांश जैन और तेज गेंदबाज आकिब नबी का भी स्वागत किया। सोशल मीडिया पर भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा साझा किए गए वीडियो में गंभीर ने कहा, हम जानते हैं।

संक्षेप

स्नेहा 10-अंडर डब्ल्यूपीजीटी प्रतियोगता में शीर्ष पर

होसुर (तमिलनाडु) छह अगस्त (भाषा) लंबे समय से खराब लय से जूझ रहीं स्नेहा सिंह ने बृहस्पतिवार को महिला प्रेशेवर गोल्फ टूर्नामेंट (डब्ल्यूपीजीटी) के 11वें चरण के दूसरे दौर में शानदार प्रदर्शन करते हुए लगातार सात बर्डी लगाईं और 10-अंडर 61 का कार्ड खेलकर तालिका में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया। साल 2023 की ऑर्डर ऑफ मेरिट विजेता स्नेहा ने पहले दौर में 2-ओवर 73 का स्कोर बनाया था, लेकिन दूसरे दौर में उन्होंने अपने पेशेवर करियर का सर्वश्रेष्ठ कार्ड खेलते हुए कुल 8-अंडर 134 का स्कोर बना लिया। इस 22 वर्षीय खिलाड़ी ने 12वें से 18वें होल तक लगातार सात बर्डी लगाईं। पहले दौर के बाद संयुक्त बढ़त पर रहीं वाणी कपूर, आयशा गुप्ता और रिया जादौन का दूसरे दौर में प्रदर्शन एक-दूसरे से बिल्कुल अलग रहा। वाणी ने इवन पार 71 का कार्ड खेलकर कुल 4-अंडर के स्कोर के साथ दूसरा स्थान हासिल किया, जबकि पहले दौर में 67 का शानदार स्कोर बनाने वाली अमेच्योर आयशा गुप्ता ने दूसरे दौर में 73 का कार्ड खेला और संयुक्त तीसरे स्थान पर खिसक गईं।

द अफ्रीका दौरे में तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच शामिल

जोहानिसबर्ग। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) ने इस साल के अंत में भारतीय महिला टीम के दक्षिण अफ्रीका दौरे के कार्यक्रम में बृहस्पतिवार को संशोधन किया ताकि एक टेस्ट और तीन एकदिवसीय मैच के साथ तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच को भी इसमें शामिल किया जा सके। संशोधित कार्यक्रम के अनुसार एकमात्र टेस्ट मैच नौ से 12 दिसंबर तक खेला जाएगा। इसके बाद 16 से 22 दिसंबर के बीच तीन मैच की एकदिवसीय श्रृंखला आयोजित होगी। भारतीय महिला टीम दक्षिण अफ्रीका में एक अतिरिक्त सप्ताह तक रुकेगी और 26 से 30 दिसंबर के बीच तीन मैच की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला खेलेगी। टी20 मुकाबले बेनोनी और पोशेफस्ट्रूम में खेले जाएंगे। सीएसए का मानना है कि यह श्रृंखला दोनों टीमों के लिए फरवरी में श्रीलंका में आयोजित होने वाली पहली महिला चैंपियंस ट्रॉफी की तैयारी का बेहतरीन मौका होगी। सीएसए के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) फोलेट्सी मोसेकी ने एक बयान में कहा, हमें भारत के दक्षिण अफ्रीका दौरे के संशोधित कार्यक्रम की पुष्टि करते हुए प्रसन्नता हो रही है।

कॉरपोरेट समर्थन व नौकरी की सुरक्षा से पैरालंपिक आंदोलन नयी ऊंचाइयों तक पहुंच सकता है : सोमन राणा

गुरुग्राम। राष्ट्रमंडल खेल के स्वर्ण पदक विजेता भारतीय पैरा एथलीट सोमन राणा ने बृहस्पतिवार को कहा कि पैरा खिलाड़ियों को पैरालंपिक और पैरा एशियाई खेलों जैसे बड़े स्तर पर अपना प्रदर्शन बनाए रखने और बेहतर करने के लिए अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में मिलने वाली पुरस्कार राशि के साथ अधिक कॉरपोरेट सहयोग और स्थायी सरकारी नौकरियों की भी जरुरत है। राष्ट्रमंडल खेलों में पैरा खिलाड़ियों की पुरुषों की शॉटपुट एफ57 स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने वाले राणा ने कहा कि आर्थिक सुरक्षा खिलाड़ियों को ट्रेनिंग पर पूरा ध्यान केंद्रित करने और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लगातार अच्छा प्रदर्शन करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

स्पिन पर खुद को परखेंगे भारतीय बल्लेबाज

श्रृंखला से पहले नॉनडिसकिप्ट्स मैदान पर श्रीलंका एकादश के विरुद्ध खेले जाने वाले तीन दिवसीय अभ्यास मैच में स्पिन गेंदबाजी के खिलाफ अपनी तैयारियों को पुख्ता करेंगे

एजेंसी

कोलंबो। भारतीय बल्लेबाज अगले सप्ताह श्रीलंका के खिलाफ शुरू होने वाली दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला से पहले शुक्रवार को नॉनडिसकिप्ट्स क्रिकेट क्लब मैदान पर श्रीलंका एकादश के विरुद्ध खेले जाने वाले तीन दिवसीय अभ्यास मैच में स्पिन गेंदबाजी के खिलाफ अपनी तैयारियों को पुख्ता कोशिश करेंगे। हाल के दिनों में घरेलू मैदान पर न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट श्रृंखलाओं में भारतीय बल्लेबाजों की सबसे बड़ी कमजोरी बेहतर स्पिन गेंदबाजी के सामने उजागर हुई थी। श्रीलंका के खिलाफ भी परिस्थितियां कुछ अलग नहीं होंगी।

श्रीलंका के पास विशेष रूप से घरेलू परिस्थितियों में प्रभावी स्पिन आक्रमण है। ऐसे में 15 अगस्त से गॉल में खेले जाने वाले पहले टेस्ट से पहले यह अभ्यास मैच भारतीय बल्लेबाजों के लिए बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। कप्तान शुभमन गिल, लोकेश राहुल और यशस्वी जायसवाल जैसे प्रमुख बल्लेबाज श्रीलंका रवाना होने से पहले अपने-अपने घरेलू अभ्यास केंद्रों पर स्पिन गेंदबाजी के खिलाफ अभ्यास कर चुके हैं, लेकिन श्रीलंकाई पिचों पर मैच जैसी परिस्थितियों में खेलने का अनुभव उससे कहीं अधिक उपयोगी होगा। यह तीन दिवसीय मुकाबला खिलाड़ियों को स्थानीय परिस्थितियों से तालमेल बैठाने का अवसर देगा। टीम के कई खिलाड़ी पहली बार श्रीलंका में लाल गेंद के क्रिकेट में उतरेंगे। भारत ने पिछली बार 2017 में श्रीलंका में टेस्ट श्रृंखला खेली थी और तब से टीम में बड़े बदलाव आ चुके हैं। मौजूदा भारतीय टीम में केवल लोकेश राहुल, कुलदीप यादव और रविंद्र जडेजा को ही श्रीलंका में टेस्ट खेलने का अनुभव है। चोटिल जसप्रीत बुमराह की अनुपस्थिति में



तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज भारतीय गेंदबाजी आक्रमण की अगुआई करेंगे। उन्हें प्रसिद्ध कृष्णा, गुरनूर बराड़, मानव सुथार और सारांश जैन का साथ मिलेगा। सिराज और कुलदीप को छोड़कर अधिकांश गेंदबाज अपेक्षाकृत अनुभवहीन हैं और वे श्रीलंकाई परिस्थितियों में अपनी क्षमता साबित करने के लिए उत्सुक होंगे।

बराड़ और जैन ने पिछले महीने गॉल में भारत ए की ओर से श्रीलंका ए के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया था। दोनों खिलाड़ी इस अभ्यास मैच में भी अच्छा प्रदर्शन कर अपनी तैयारी को और मजबूत करना चाहेंगे। घरेलू क्रिकेट में दमदार प्रदर्शन के बाद आकिब नबी भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खुद को साबित करने के लिए बेताब होंगे। मुख्य कोच गौतम गंभीर ने भी खिलाड़ियों को हर पहलू पर पूरी तैयारी करने का संदेश दिया। उन्होंने बीसीसीआई की ओर से जारी वीडियो में कहा, हमें पता है कि हमारे सामने क्या चुनौती है। हम भरपूर अभ्यास कर सकते हैं, अपनी क्षमता की सीमाओं को आगे बढ़ा सकते हैं, हर तैयारी पूरी कर सकते हैं और 15 अगस्त की सुबह, चाहे हम पहले बल्लेबाजी करें या गेंदबाजी, हमारे पास हर चुनौती का जवाब तैयार होना चाहिए। इसलिए अभी से हर पहलू पर पूरी तैयारी सुनिश्चित करें।

मौसम हालांकि भारत की तैयारियों में बाधा बन सकता है। मौसम विभाग ने शुक्रवार से शहर में रुक-रुक कर बारिश होने का अनुमान जताया है। इस बीच श्रीलंका ने भी इस अभ्यास मैच के लिए मजबूत एकादश की घोषणा की है जिसमें टेस्ट टीम में जगह बनाने के दावेदार कई प्रमुख खिलाड़ी शामिल हैं। श्रीलंका के लिए तीन टेस्ट मैच खेल चुके सोनल दिनुषा की कप्तानी में इस टीम में तेज गेंदबाज विश्वा फर्नांडो, लाहिरू कुमारा और स्पिनर इसिथा विजेसुंदरा तथा रमेश मेंडिस जैसे खिलाड़ी शामिल हैं। मैच भारतीय समयानुसार सुबह 10 बजे शुरू होगा। वहीं दूसरी ओर इंग्लैंड ने पाकिस्तान के खिलाफ तीन टेस्ट मैच की आगामी श्रृंखला के पहले मुकाबले के लिए डैन लॉरेंस को दो साल बाद टीम में वापसी का मौका दिया है जबकि जैकब बेथेल दाहिने घुटने की चोट के कारण पूरी श्रृंखला से बाहर हो गए हैं।

बेन स्टोक्स के संन्यास लेने के बाद के दौर की शुरुआत 19 अगस्त से लीड्स में होगी और सरे के बल्लेबाजी ऑलराउंडर लॉरेंस को पूर्व टेस्ट कप्तान की जगह लेने की बड़ी जिम्मेदारी संभालने का पहला मौका मिलेगा। लॉरेंस के छठे नंबर पर बल्लेबाजी करने की संभावना है जबकि विकेटकीपर जेमी स्मिथ उनसे एक स्थान नीचे उतर सकते हैं। बेथेल की अनुपस्थिति ने जोर्डन कॉक्स के लिए तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने का रास्ता खोल दिया है।

कॉक्स भी चोट के कारण जून में ही न्यूजीलैंड के खिलाफ द ओवल में टेस्ट पदार्पण कर पाए थे जहां उन्हें सातवें नंबर पर बल्लेबाजी करनी पड़ी थी। तेज गेंदबाज ब्राइडन कार्स दाहिने हाथ की चोट के कारण न्यूजीलैंड के खिलाफ 1-2 से गंवाई श्रृंखला में नहीं खेल पाए थे। उन्हें इंग्लैंड की 16 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया है। टेस्ट कप्तान के रूप में जो रूट की वापसी हुई है जबकि नव नियुक्त कोच स्टीफन फ्लेमिंग की अनुपस्थिति में अंतरिम कोच मार्कस ट्रेस्कोथिक टीम चयन में शामिल रहे। पूर्व उपकप्तान ओली पोप की भी टीम में वापसी हुई है। उन्हें ऑस्ट्रेलिया में एशेज श्रृंखला के दौरान टीम से बाहर कर दिया गया था जहां उन्होंने 20.83 की औसत से रन बनाए थे। तेज गेंदबाज सैम कुक को भी टीम में शामिल किया गया है।

उत्तर प्रदेश की सब जूनियर रोइंग टीम से पेश करेगी चुनौती



लखनऊ। 27वीं सब जूनियर नेशनल रोइंग चैंपियनशिप 2026 के लिए यूपी की सब जनियर टीम का चयन कर लिया गया है। चयनित खिलाड़ी चैंपियनशिप में प्रतिभाग के लिए कोलकाता पहुंच चुके हैं। उत्तर प्रदेश रोइंग एसोसिएशन के सचिव सुधीर शर्मा ने बताया कि चैंपियनशिप का आयोजन कोलकाता के रविंद्र सरोवर में 5 से 9 अगस्त 2026 तक किया जाएगा, जिसमें स्पधाओं की शुरूआत 7 अगस्त से होगी। इस दौरान देशभर के प्रतिभाशाली युवा रोअर विभिन्न स्पधाओं में अपनी चुनौती पेश करेंगे। उत्तर प्रदेश की चयनित टीम की घोषणा उत्तर प्रदेश रोइंग एसोसिएशन की चयन समिति के चेयरमैन आदित्य मिश्रा (रिटायर्ड आईपीएस) ने की। चैंपियनशिप के लिए चयिनत खिलाड़ियों को उत्तर प्रदेश रोइंग एसोसिएशन के मुख्य संरक्षक डा.दिनेश शर्मा (सांसद), चेयरमैन रेणुका मिश्रा (आईपीएस), अध्यक्ष रानी पक्षालिका सिंह (एमएलए), संरक्षक पवन सिंह चौहान (एमएलसी) एवं उपाध्यक्ष विश्वास स्वरूप अग्रवाल ने खिलाड़ियों को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं देते हुए विश्वास जताया कि खिलाड़ी राष्ट्रीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर उत्तर प्रदेश का गौरव बढ़ाएंगे।

27वीं सब जूनियर नेशनल रोइंग चैंपियनशिप में करेगी प्रतिभाग

उत्तर प्रदेश सब जूनियर रोइंग टीम

बालक : सार्थक श्रीवास्तव (प्रयागराज), रितेश निषाद (प्रयागराज), कृष्णा यादव (गोरखपुर), अमन यादव (गोरखपुर), अनुराग (गौतमबुद्ध नगर), नमन कुमार (गाजियाबाद) एवं रोहित लोधी (प्रयागराज)।

बालिका : कनक निषाद (गोरखपुर)

कोच : अशोक कुमार (गोरखपुर), पुरुष टीम मैनेजर : राकेश शुक्ला (लखनऊ), महिला टीम मैनेजर : डा श्वेता सुरभि मिश्रा (लखनऊ)।

लखनऊ करेगा भारत की पहली महिला वॉलीबॉल लीग की मेजबानी

खेल संवाददाता



लखनऊ। भारतीय खेलों में आज एक बड़े बदलाव की शुरूआत हुई जब वीमेन्स प्रो वॉलीबॉल लीग (डब्लूपीवीएल) की आधिकारिक शुरूआत की गई। यह विशेष रूप से महिला वॉलीबॉल को समर्पित देश की पहली राष्ट्रीय, फ्रेंचाइजी-आधारित प्रोफेशनल लीग है। इस पहल को पावर स्पाइक इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड द्वारा प्रमोट किया जा रहा है, और इसका उद्देश्य महिला एथलीटों के लिए लंबे समय तक चलने वाला प्रोफेशनल स्पोर्ट्स सिस्टम बनाना है। इस आधिकारिक अनावरण समारोह का आयोजन द सेंट्रम, लखनऊ में राइजिंग क्वीन ऑफ द कोर्ट थीम के तहत किया गया। इस हाई-प्रोफाइल समारोह में वरिष्ठ सरकारी गणमान्य व्यक्तियों, खेल प्रशासकों और बिजनेस लीडर्स ने भाग लिया, जिनमें उत्तर प्रदेश के जल शक्ति मंत्री श्री स्वतंत्र देव सिंह, खेल मंत्री श्री गिरीश चंद्र यादव, परिवहन मंत्री श्री दयाशंकर सिंह और यूपी राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. बबीता सिंह चैहान शामिल थे। लॉन्च के अवसर पर, डब्लूपीवीएल के संस्थापक श्री बुखरात अहमद ने बताया कि इस टूनार्मेंट का पहला संस्करण 1 नवंबर से 11 नवंबर, 2026 तक लखनऊ के इकाना इंडोर स्टेडियम में आयोजित होने वाला है।

लखनऊ इस नवंबर में छह टीमों के पहले फ्रेंचाइजी टूर्नामेंट की मेजबानी करेगा

स्वास्थ्य जागरूकता और साइकिलिंग को बढ़ावा देने लखनऊ से रवाना हुए डॉ. प्रभात

लखनऊ। युवाओं और खिलाड़ियों में स्वास्थ्य, फिटनेस तथा साइकिलिंग के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से अंतरराष्ट्रीय साइकिलिस्ट डॉ. प्रभात रंजन प्रसाद ने लखनऊ से रीवा तक लगभग 310 किलोमीटर लंबी साइकिल यात्रा प्रारंभ की। लखनऊ के 1090 चौराहे से शुरू हुई इस यात्रा के अवसर पर पेडलयात्री साइकिल एसोसिएशन के सेक्रेटरी जनरल एवं स्पोर्ट्स नेटवर्क इंडिया के निदेशक डॉ. आनंद किशोर पाण्डेय ने डॉ. प्रभात रंजन को राष्ट्रीय ध्वज प्रदान कर रवाना किया तथा उनकी सुरक्षित और सफल यात्रा के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर लखनऊ के साइकिलिस्टों में विशेष उत्साह का माहौल रहा।

3 भारतीय विश्व एथलेटिक्स के फाइनल में

यूजीन। भालाफेंक खिलाड़ी आशीष यादव और टी धरणीधरन के साथ चक्काफेंक खिलाड़ी अमानत कम्बोज ने विश्व एथलेटिक्स अंडर 20 चैम्पियनशिप के पहले दिन शानदार प्रदर्शन करके फाइनल के लिये क्वालीफाई कर लिया।

यादव पुरूषों के भालाफेंक ग्रुप ए क्वालीफिकेशन दौर में 69.87 मीटर के थ्रो के साथ शीर्ष पर रहे और कुल दूसरा स्थान हासिल किया। दक्षिण अफ्रीका के जान हेंडरिक हेमैंस 76.02 मीटर के थ्रो के साथ शीर्ष पर रहे। धरणीधरन 68.07 मीटर का थ्रो फेंककर बारहवें और आखिरी स्थान पर रहे और फाइनल में जगह बनाई। भारतीय सुपरस्टार नीरज चोपड़ा के नाम इस स्पर्धा का विश्व रिकॉर्ड है जिन्होंने 2016 में पोलैंड में 86.48 मीटर का थ्रो फेंका था।

महिलाओं के चक्काफेंक में अमानत ने ग्रुप ए में 52.58 मीटर का थ्रो फेंककर छठा स्थान हासिल किया और कुल 12वें स्थान पर रहे।

खाइदेम चानू भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान

नयी दिल्ली। मिडफील्डर खाइदेम शैलेमा चानू चीन के मोकी में 30 अगस्त से 13 सितंबर तक होने वाले जूनियर एशिया कप में भारत की 18 सदस्यीय जूनियर महिला टीम की कप्तानी करेंगी। टूर्नामेंट की तैयारी के लिये भारतीय टीम हाल ही में ब्रिटेन के दौरे से लौटी है। एशिया कप में मैचों का कार्यक्रम और पूल की जानकारी टूर्नामेंट शुरू होने के आसपास दी जायेगी।

यूपी टी-20 लीग ट्रॉफी टूर आज से, डॉ. संजय कपूर करेंगे शुभारंभ

खेल संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (यूपीसीए) और यूपी टी-20 लीग के चौथे सत्र से पहले आयोजित होने वाले विशेष ट्रॉफी टूर अभियान का औपचारिक उद्घाटन 7 अगस्त को एसआर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन, सीतापुर रोड में दोपहर 12:30 बजे होगा। यूपी टी-20 लीग की गवर्निंग काउंसिल के चेयरमैन डॉ. संजय कपूर अभियान का शुभारंभ करेंगे। इस अवसर पर आईपीएल स्टार समीर रिजवी

आईपीएल स्टार समीर रिजवी और यूपी के रणजी कप्तान आर्यन जुयाल भी रहेंगे मौजूद

तथा उत्तर प्रदेश रणजी टीम के कप्तान आर्यन जुयाल भी मौजूद रहेंगे और छात्रों से संवाद करेंगे। इसी के साथ क्रिकेट का असली रोमांच अब केवल स्टेडियम तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि इसकी गूंज लखनऊ के स्कूलों, कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में भी सुनाई देगी। 7 से 12 अगस्त तक चलने वाले इस छह दिवसीय अभियान के दौरान यूपी टी-20 लीग की प्रतिष्ठित ट्रॉफी राजधानी लखनऊ के 13 प्रमुख शिक्षण संस्थानों तक पहुंचेगी। इस दौरान आयोजित होने वाली इंटरएक्टिव गतिविधियों के जरिए विद्यार्थियों को न सिर्फ इस प्रतिष्ठित ट्रॉफी को बेहद करीब से देखने का अवसर मिलेगा, बल्कि वे आईपीएल और यूपी टी-20 लीग में अपनी पहचान बना चुके खिलाड़ियों से भी रूबरू हो सकेंगे। यहां खिलाड़ी छात्रों से संवाद करते हुए क्रिकेट के साथ-साथ अनुशासन, फिटनेस, संघर्ष, समर्पण और खेल भावना का महत्व बताते हुए अपने अनुभव साझा करेंगे। वहीं विद्यार्थियों को खिलाड़ियों से मिलने, प्रश्न पूछने और यादगार पल संजोने का भी अवसर मिलेगा। यूपी टी-20 लीग की गवर्निंग काउंसिल के चेयरमैन डॉ. संजय कपूर ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य केवल यूपी टी-20 लीग के आगामी सत्र का प्रचार-प्रसार करना ही नहीं, बल्कि प्रदेश के क्रिकेट इकोसिस्टम से निकलकर अपनी पहचान बनाने वाले खिलाड़ियों के साथ सीधे संवाद के माध्यम से युवाओं को प्रेरित करना भी है। उन्होंने आगे कहा कि पिछले तीन सत्रों में यूपी टी-20 लीग ने देश के अग्रणी घरेलू फ्रेंचाइजी क्रिकेट टूर्नामेंटों में अपनी पहचान बनाई है। इस लीग ने उत्तर प्रदेश के प्रतिभाशाली क्रिकेटरों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के साथ राष्ट्रीय और

छह दिवसीय विशेष ट्रॉफी टूर अभियान के तहत क्रिकेट सितारों से रूबरू होंगे छात्र


अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंचने का मंच प्रदान किया है। उन्होंने बताया कि 7 से 12 अगस्त तक चलने वाले इस विशेष ट्रॉफी टूर अभियान के माध्यम से हजारों विद्यार्थियों को यूपी टी-20 लीग के रोमांच को करीब से अनुभव करने, खिलाड़ियों से संवाद करने और खेल के प्रति अपनी रुचि को नई दिशा देने का अवसर मिलेगा। यह पहल प्रदेश में क्रिकेट संस्कृति को और मजबूत करने तथा युवा प्रतिभाओं को प्रेरित करने की दिशा में यूपीसीए का एक महत्वपूर्ण प्रयास है।

मेस्सी के दो गोल से इंटर मियामी जीता

एजेंसी

मियामी। लियोनेल मेस्सी ने विश्व कप के बाद पहले दो गोल किये जिसकी मदद से इंटर मियामी ने लीग्स कप में एटलेटिको सान लुईस को 4-2 से हराया। बिजली कड़कने और बारिश के कारण दूसरे हाफ में मैच 30 मिनट के लिये रोकना पड़ा। मेस्सी ने 11वें और 44वें मिनट में गोल किये। उनके अब लीग्स कप में 12 मैचों में 14 गोल हो गए हैं। टेलास्को सेगोविया और डिफेंडर माइकल ने भी गोल दागे। विश्व कप में शानदार प्रदर्शन करने वाले मेस्सी अर्जेंटीना को फाइनल तक ले गए थे लेकिन स्पेन ने 1-0 से हराकर लगातार दूसरा खिताब जीतने का उनका सपना तोड़ दिया।

मेस्सी का विश्व कप के बाद यह दूसरा मैच था। 39 बरस के मेस्सी शनिवार को कोलंबस क्रू के खिलाफ ड्रॉ रहे मैच में 37 मिनट स्थानापन्न खिलाड़ी के तौर पर खेले थे। वह मैच 2.2 से ड्रॉ रहा था जिसमें मेस्सी गोल नहीं कर सके थे। वहीं दूसरी ओर बोडोलैंड एफसी ने शुरूआती मैच में नॉर्थईस्ट यूनाइटेड के हाथों मिली हार के बाद वापसी करते हुए बृहस्पतिवार को यहां डूरंड कप फुटबॉल टूर्नामेंट के ग्रुप एफ मुकाबले में एफसी वन पर 3-0 की शानदार जीत दर्ज की। इंदिरा गांधी एथलेटिक स्टेडियम में हुए इस मुकाबले में बोडोलैंड एफसी के लिए तीनों गोल दूसरे हाफ में हुए। रोबिन्सन रेंडन ने 57वें मिनट में, रितुराज मोहन ने 78वें मिनट में और आरोन थापा ने 82वें मिनट में गोल दागे। वहीं दूसरी ओर अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के अध्यक्ष कल्याण चौबे ने टाटा समूह से इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) से जमशेदपुर एफसी को हटाने के चौंकाने वाले फैसले पर पुनर्विचार करने की अपील की है। टाटा समूह पहले ही स्पष्ट कर चुका है कि जमशेदपुर एफसी को आईएसएल से हटाने का फैसला लंबे समय से बनाई गई रणनीति का हिस्सा है। कंपनी का कहना है।



संसद में गतिरोध के बावजूद विधायी कामकाज जारी

विपक्ष संसद नहीं चलने दे रहा, चर्चा के लिए उपलब्ध हैं प्रधानमंत्री और गृह मंत्री: रीजीजू



नयी दिल्ली। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने बृहस्पतिवार को विपक्ष पर जानबूझकर संसद का कामकाज नहीं चलने देने का आरोप लगाते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पूरे दिन संसद में मौजूद रहते हैं और चर्चा के लिए उपलब्ध रहते हैं।

रीजीजू ने कहा कि संसद में गतिरोध के बावजूद विधायी कामकाज जारी है और विधेयक पारित किए जा रहे हैं। यह बयान ऐसे समय में आया है जब अयोध्या के राम मंदिर में कथित चढ़ावा चोरी और दिल्ली में प्रदर्शनकारी छात्रों पर पुलिस कार्रवाई के बारे में गृह मंत्री अमित शाह के बयान की मांग को लेकर विपक्ष के हंगामे के कारण संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही अवरुद्ध बनी हुई है। संसद भवन परिसर में पत्रकारों से बात करते हुए रीजीजू ने कहा कि विपक्ष सदन का कामकाज रोक रहा है, जबकि आरोप यह लगा रहा है कि सरकार बहस से बच रही है। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सुबह से ही संसद में मौजूद रहते हैं और शाम को ही जाते हैं। विपक्ष ही सदन का कामकाज नहीं चलने दे रहा है और बाहर नारे लगा रहा है। यह सही नहीं है। रीजीजू ने कहा कि सरकार ने सदन में कामकाज करने और विधेयक पारित कराने का काम जारी रखा है, खासकर राज्यसभा में, जहां विपक्ष के सदस्यों के विरोध के बावजूद चर्चा हुई है। उन्होंने कहा कि हम विधेयक पारित कर रहे हैं और सदन का कामकाज चला रहे हैं। राज्यसभा में उचित चर्चा के बाद विधेयक पारित किए जा रहे हैं। कांग्रेस और उसके एक-दो सहयोगी दल भले ही सदन से वॉकआउट कर रहे हों या हंगामा कर रहे हों, लेकिन सदस्य चर्चा में हिस्सा ले रहे हैं और अपनी राय रख रहे हैं। संसदीय कार्य मंत्री ने दावा किया कि लगातार हो रहे व्यवधान से सरकार के बजाय कांग्रेस को ज्यादा नुकसान हो रहा है, खासकर उसके पहली बार सांसद बने नेताओं को संसद में बोलने का मौका नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार ने परीक्षा के प्रश्नपत्र लीक को रोकने के लिए पहले ही क्रांतिकारी कदम उठाए हैं और विपक्ष इसी मुद्दे को लेकर बार-बार विरोध-प्रदर्शन कर रहा है। यह मुद्दा खत्म हो चुका है। देश आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री ने परीक्षा के प्रश्नपत्र लीक पर क्रांतिकारी फैसले लिए हैं। लेकिन वे हर सुबह उसी मुद्दे पर नौटंकी करते हैं और नारे लगाते रहते हैं। वे नौटंकी भी करते हैं और भगवान राम का अपमान भी करते हैं। रीजीजू ने कहा कि वह गतिरोध को तोड़ने का रास्ता निकालने के लिए नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और विपक्ष के अन्य नेताओं में हैं। राहुल गांधी के साथ मेरी अच्छी बातचीत हुई और मैंने उनसे एक मुद्दे पर अनुरोध किया। हमने दूसरे मुद्दों पर भी चर्चा की है। हम कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों के साथ बातचीत जारी रखना चाहते हैं और तालमेल के साथ काम करना चाहते हैं। हम राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी हैं, दुश्मन नहीं। हमें राष्ट्रीय हित में मिलकर काम करना चाहिए। हालांकि, रीजीजू ने आरोप लगाया कि विपक्ष ऐसी धारणा बना रहा है कि वह संसद को बिल्कुल भी काम नहीं करने देगा। संसद से शाह की अनुपस्थिति के विपक्ष के आरोप को खारिज करते हुए रीजीजू ने कहा कि गृह मंत्री हर दिन संसद में मौजूद रहे हैं और चर्चा में भाग लेने के लिए उपलब्ध हैं।

नड्डा ने बाढ़ प्रभावित अरुणाचल का दौरा करने के बाद केंद्र की ओर से पूरी मदद का भरोसा दिया



ईटानगर। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जे पी नड्डा ने बृहस्पतिवार को बाढ़ प्रभावित अरुणाचल प्रदेश के लिए राहत, पुनर्वास और पुनर्निर्माण कार्यों में केंद्र सरकार की ओर से हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने केई पान्योर जिले के सबसे अधिक प्रभावित इलाकों का दौरा कर हालिया आकस्मिक बाढ़ और भूस्खलन से हुए नुकसान का जायजा लिया।

अधिकारियों ने बताया कि नड्डा ने पोस्सा गांव और इससे सटी एनईईपीसीओ कॉलोनी का दौरा किया और कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार संकट की इस घड़ी में राज्य के लोगों के साथ मजबूती से खड़ी है। नड्डा ने कहा कि केंद्र सरकार पूर्वोत्तर क्षेत्र में बाढ़ की स्थिति पर लगातार नजर रख रही है और राज्य सरकार के साथ समन्वय कर प्रभावित परिवारों तक समय पर राहत सामग्री, चिकित्सा सहायता और वित्तीय मदद पहुंचाने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि नुकसान का विस्तृत आकलन पूरा होने के बाद क्षतिग्रस्त बुनियादी ढांचे के पुनर्निर्माण और प्रभावित लोगों के पुनर्वास का काम प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। नड्डा के साथ राज्य के शहरी विकास मंत्री बालो राजा, याचुली के विधायक टोको तातुंग, केई पान्योर जिले के अधिकारी और पंचायत प्रतिनिधि भी मौजूद थे। प्रतिनिधिमंडल ने बाढ़ से प्रभावित रिहायशी इलाकों, क्षतिग्रस्त सार्वजनिक बुनियादी ढांचे और नागरिक सुविधाओं का निरीक्षण किया। इसके बाद उन्होंने प्रभावित परिवारों और स्थानीय अधिकारियों से बातचीत करके उनकी तत्काल जरूरतों (स्वास्थ्य सेवा और आपातकालीन सहायता समेत) का आकलन किया। नड्डा ने राहत कार्यों, राहत शिविरों के कामकाज और जरूरी बुनियादी ढांचे को बहाल करने तथा क्षतिग्रस्त घरों और सार्वजनिक संपत्तियों के पुनर्निर्माण के लिए राज्य की योजनाओं की भी समीक्षा की। याचुली के विधायक टोको तातुंग ने नड्डा को 24 जुलाई को बादल फटने और अचानक आई बाढ़ से केई पान्योर जिले में सार्वजनिक बुनियादी ढांचे, निजी संपत्तियों और आजीविका को हुए व्यापक नुकसान की जानकारी दी। उन्होंने प्रभावित इलाकों का दौरा करने के लिए केंद्रीय मंत्री का धन्यवाद किया और कहा कि उनके व्यक्तिगत आकलन से राहत, पुनर्वास और पुनर्निर्माण के कामों में तेजी लाने में मदद मिलेगी। उपायुक्त अंकिता मिश्रा ने प्रशासन की ओर से किए गए राहत और पुनर्वास कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग-13 पर सड़कों और पुलों को हुए भारी नुकसान का भी जिक्र किया, यह राजमार्ग राज्य की एक मुख्य सड़क है जो छह जिलों को आपस में जोड़ती है।

संक्षेप

आइसा के देशव्यापी जेन जेड राइजिंग अभियान की घोषणा

नयी दिल्ली। ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन (आइसा) ने बृहस्पतिवार को देशव्यापी संपर्क अभियान जेन जेड राइजिंग शुरू करने की घोषणा की। इसके तहत संगठन की राष्ट्रीय अध्यक्ष नेहा कई राज्यों का दौरा करके शिक्षा सुधार, बेरोजगारी और प्रवेश परीक्षा नीतियों जैसे मुद्दों को लेकर छात्रों और युवाओं को लामबंद करेंगी। यह अभियान हाल में नीट प्रश्नपत्र लीक और प्रवेश परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं को लेकर जंतर-मंतर पर हुए छात्र प्रदर्शनों तथा उच्च शिक्षा क्षेत्र में सुधार की मांग की पृष्ठभूमि में शुरू किया जा रहा है। आइसा ने एक बयान में कहा कि इस पहल का उद्देश्य प्रदर्शनों के दौरान उभरे छात्र आंदोलन को जारी रखना, मजबूत करना और आगे बढ़ाना तथा इसे देशभर में विस्तार देना है। छात्र संगठन ने कहा कि वह राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) को समाप्त करने की मांग जारी रखेगा। संगठन का तर्क है कि केंद्रीय परीक्षा निकाय पर निर्भर रहने के बजाय विश्वविद्यालयों को अपनी प्रवेश परीक्षाएं आयोजित करने का अधिकार वापस दिया जाना चाहिए।

ईडी अधिकारी के खिलाफ जांच हस्तांतरित की जा सकती है: कोर्ट

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने बृहस्पतिवार को संकेत दिया कि वह प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारी अंकित तिवारी के खिलाफ तमिलनाडु के सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक निदेशालय के स्थित मामले की जांच एक केंद्रीय जांच एजेंसी को सौंप सकता है। शीर्ष अदालत ने हालांकि स्पष्ट कर दिया कि वह इस मामले में राज्य की कार्यवाही पर लगे स्थगन को हटाने के पक्ष में नहीं है। ईडी ने 2024 में याचिका दायर कर उच्चतम न्यायालय से अनुरोध किया था कि इस मामले की जांच तमिलनाडु के सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक निदेशालय के हाथों से लेकर सीबीआई को सौंपी जाए। जनवरी 2024 में शीर्ष अदालत ने तमिलनाडु की एजेंसी द्वारा दर्ज की गयी प्राथमिकी में आगे की कार्यवाही पर स्थगन लगा दिया था। राज्य ने अंतरिम रोक हटाने के लिए एक अर्जी दायर की है। ईडी अधिकारी के खिलाफ आगे की कार्रवाई पर स्थगन लगा दिया था।

राजनाथ की अध्यक्षता में हुई संसदीय समिति की बैठक



नयी दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में हुई एक संसदीय समिति की बैठक में प्रादेशिक सेना पर चर्चा हुई और समिति के सदस्यों ने इसकी समग्र प्रभावशीलता को और बढ़ाने के लिए सुझाव दिए। सिंह ने कहा कि प्रादेशिक सेना प्रशिक्षित सैनिकों का एक रिजर्व तैयार करके रक्षा बलों के लिए जरूरत पड़ने पर अतिरिक्त कर्मियों को तैयार रखती है, जिन्हें आवश्यकता पड़ने पर तुरंत तैनात किया जा सकता है।

सिंह ने यहां रक्षा मंत्रालय की संसदीय सलाहकार समिति की बैठक की अध्यक्षता की, जिसमें प्रादेशिक सेना पर चर्चा हुई। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल एन एस राजा सुब्रमणि, सेना प्रमुख जनरल धीरज सेठ, रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह, सचिव (रक्षा उत्पादन) संजीव कुमार, सचिव (रक्षा वित्त) विश्वजीत सहाय और अन्य वरिष्ठ अधिकारी बैठक में शामिल हुए। बैठक के दौरान, वरिष्ठ अधिकारियों ने समिति के सदस्यों के समक्ष प्रादेशिक सेना के कामकाज, भूमिका और मुख्य उपलब्धियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। सदस्यों ने इसे और मजबूत बनाने और इसकी कुल प्रभावशीलता को बढ़ाने के लिए सुझाव भी दिए। अपने संबोधन में, सिंह ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के विकसित भारत के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने में प्रादेशिक सेना के योगदान को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि जहां रक्षा बलों की भूमिका मुख्य रूप से सुरक्षा से जुड़े पहलुओं पर केंद्रित होती है, वहीं प्रादेशिक सेना पर्यावरण संरक्षण और समाज सेवा जैसे अन्य क्षेत्रों में भी योगदान देती है। प्रादेशिक सेना नागरिक-सैनिक अवधारणा का जीवंत उदाहरण है। इसके सदस्य जहां एक ओर आम नागरिकों की तरह अपने कामकाज में लगे रहते हैं, वहीं दूसरी ओर सीमाओं की रक्षा और आंतरिक सुरक्षा बनाए रखने के लिए वर्दी भी पहनते हैं। उन्होंने कहा कि जब कर्मी अपना कार्यकाल पूरा करके एक आम नागरिक के तौर पर जीवन जीते हैं, तो वे समाज और सेना के बीच एक जीवंत सेतु की भूमिका निभाते हैं और लोगों, खासकर युवाओं को रक्षा बलों में शामिल होने के लिए प्रेरित करते हैं।

झारखंड परीक्षा आंदोलन 13वें दिन भी जारी



रांची। झारखंड में भर्ती परीक्षा में कथित अनियमितताओं के खिलाफ छात्रों और नौकरी के इच्छुक अभ्यर्थियों का प्रदर्शन बृहस्पतिवार को 13वें दिन में प्रवेश कर गया और इस दौरान छह प्रदर्शनकारी अनशन पर हैं। वहीं आंदोलन कर रहे छात्रों ने सरकार के साथ बातचीत करके गतिरोध दूर करने के लिए 11 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल गठित किया।

प्रदर्शन की गूंज बृहस्पतिवार को राज्य विधानसभा तक पहुंची, जहां मानसून सत्र के पहले दिन विपक्षी विधायकों ने परिसर में नारेबाजी करके छात्रों की मांगों का समर्थन किया। यह प्रदर्शन 25 जुलाई को यहां जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम में जेपीएससी-जेएसएससी रिफॉर्म्स मंच के बैनर तले शुरू हुआ था और हाल के वर्षों में राज्य के सबसे बड़े छात्र आंदोलनों में से एक बन गया है। सरकार की ओर से बातचीत के प्रस्ताव के जवाब में हमने 11 सदस्यीय एक प्रतिनिधिमंडल गठित किया है, जिसमें आठ छात्र, दो विशेषज्ञ (पत्रकार) और एक अधिवक्ता शामिल हैं। सरकार के साथ बातचीत का फैसला मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के बुधवार को दिए गए बयान के एक दिन बाद लिया गया, जिसमें उन्होंने कहा था कि प्रदर्शनकारियों के लिए उनकी सरकार के दरवाजे खुले हैं। सरकार की पांच सदस्यीय समिति शाम को प्रदर्शनकारियों के साथ बातचीत कर सकती है।

गृह मंत्री के बारे में झूठी बातें फैला रहे राहुल खरगे, संसद में बहस से बच रहे हैं: प्रसाद

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद रविशंकर प्रसाद ने बृहस्पतिवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी तथा मल्लिकार्जुन खरगे पर गृह मंत्री अमित शाह के बारे में झूठी बातें फैलाने तथा संसद में चर्चा से बचने के लिए गतिरोध पैदा करने का आरोप लगाया। अयोध्या के राम मंदिर में कथित चढ़ावा चोरी और दिल्ली में प्रदर्शनकारी छात्रों पर पुलिस कार्रवाई के बारे में गृह मंत्री अमित शाह के बयान की मांग को लेकर विपक्ष के हंगामे के कारण संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही अवरुद्ध रहने के बीच पूर्व केंद्रीय मंत्री का यह बयान आया।

प्रसाद ने संसद परिसर में संवाददाताओं से कहा कि गृह मंत्री शाह हर दिन संसद में उपलब्ध रहते हैं और अगर सदन की कार्यवाही चलने दी जाए तो वह विपक्ष के आरोपों पर जवाब देने को तैयार हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी और खरगे जी रोजाना नई कहानी और पोस्टर के साथ आते हैं और मांग करते रहते हैं कि अमित शाह सदन में आएं। गृह मंत्री हर दिन सुबह 10 बजे से शाम 7 बजे तक अपने चैंबर में बैठते हैं। प्रसाद ने कहा कि वह इस समय भी यहीं हैं। पहले सदन की कार्यवाही सही तरीके से तो चले और चर्चा हो। चर्चा शुरू होगी तो वह बोलेंगे और जोरदार जवाब देंगे। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने आरोप लगाया कि विपक्ष संसद को कामकाज करने से रोक रहा है और साथ ही सरकार पर चर्चा से बचने का आरोप भी लगा रहा है। लेकिन आप सदन चलने नहीं देते। आप कोई चर्चा नहीं होने देते। हम सदन में आकर बैठते हैं लेकिन लगातार अवरोध रहता है और कार्यवाही स्थगित हो जाती है।

इंटरटेनमेंट...

मूवी रिव्यू : आर्यभट्ट का जीरो, हिमांश कोहली की दमदार परफॉर्मेंस



मुंबई। हर इंसान की जिंदगी में एक वक्त ऐसा आता है, जब लोग उससे पहले हार मान लेते हैं और फिर वह खुद भी अपने आप पर भरोसा खोने लगता है। 'आर्यभट्ट का जीरो' ऐसे ही एक आम लड़के की कहानी है, जिसे दुनिया बार बार नाकाम साबित करती है। निर्देशक कमल चंद्र ने आत्मविश्वास और उम्मीद जैसे मजबूत विषय को हल्के फुल्के अंदाज में पेश करने की कोशिश की है। फिल्म दिल से बनाई गई है और उसका संदेश भी साफ है, लेकिन कमजोर स्क्रीनप्ले इसकी उड़ान को पूरी ऊंचाई तक नहीं पहुंचने देता। इसकी लेंथ 1 घंटा 54 मिनट है।

लेकिन जानिए कहां हुई चूक?

फिल्म को 5 में से 3 स्टार रेटिंग दी है। फिल्म की कहानी ब्रह्मगुप्त श्रीवास्तव उर्फ बग्गू (हिमांश कोहली) के इर्द गिर्द घूमती है। मध्यम वर्गीय परिवार का यह युवक जिंदगी में अपनी पहचान बनाना चाहता है, लेकिन लगातार मिल रही असफलताएं उसे अंदर से तोड़ देती हैं। परिवार की उम्मीदें, समाज के ताने और खुद पर से उठता भरोसा उसके संघर्ष को और मुश्किल बना देते हैं। हालात जैसे जैसे बदलते हैं, बग्गू भी खुद को बदलने की कोशिश करता है। आखिर कैसे एक ऐसा लड़का, जिसे हर कोई 'जीरो' समझता है, अपनी सबसे बड़ी ताकत खुद बनता है, यही फिल्म की कहानी है। अच्छी बात यह है कि फिल्म अपना संदेश बिना भाषण दिए सहज तरीके से कहती है। पूरी फिल्म हिमांश कोहली के कंधों पर टिकी है और वह इस जिम्मेदारी को अच्छी तरह निभाते हैं। रोमांटिक भूमिकाओं से अलग इस बार उन्होंने छोटे शहर के एक ऐसे युवक का किरदार निभाया है, जो बार बार टूटता है, लेकिन हार नहीं मानता।

उनके चेहरे के भाव और भावनात्मक दृश्यों में ईमानदारी साफ दिखाई देती है। यह उनके करियर की बेहतर परफॉर्मेंस में से एक कही जा सकती है। बग्गू के पिता के किरदार में नीरज सूद शानदार हैं। उनका अभिनय बेहद सहज है और पिता बेटे के कई दृश्य दिल को छू जाते हैं। रवि किशन अपने चिर परिचित अंदाज में मनोरंजन का तड़का लगाते हैं और जहां भी आते हैं, ध्यान खींचते हैं। सोनाली सहगल और दर्शना बनिक अपने किरदारों के साथ न्याय करती हैं। हालांकि राजेश शर्मा, अलका अमीन और शिल्पा शिंदे जैसे अनुभवी कलाकारों को फिल्म में और बेहतर तरीके से इस्तेमाल किया जा सकता था। उनके किरदारों में और गहराई और स्क्रीन स्पेस की गुंजाइश साफ महसूस होती है। निर्देशक कमल चंद्रा ने एक अच्छा विषय चुना है और कई जगह उनकी संवेदनशीलता भी नजर आती है।

प्रदीप रावत के निधन पर बेटे का खुलासा

मुंबई। मुंबई में मंगलवार शाम दिग्गज अभिनेता प्रदीप रावत का 74 साल की उम्र में निधन हो गया। सरफरोश, लगान और गजनी जैसी फिल्मों में यादगार अभिनय करने वाले रावत के निधन से फिल्म इंडस्ट्री में शोक की लहर है। चार दशक से ज्यादा लंबे करियर में उन्होंने हिंदी, क्षेत्रीय सिनेमा और टेलीविजन में काम किया। बुधवार दोपहर मुंबई में उनका अंतिम संस्कार किया गया, जिसमें आमिर खान और आशुतोष गोवारिकर समेत फिल्म जगत के कई लोग शामिल हुए। अभिनेता के बेटे विक्रमादित्य रावत ने अंतिम संस्कार के बाद मीडिया से बात करते हुए बताया कि परिवार को पहले लगा था कि उन्हें पेट का मामूली संक्रमण है। हालांकि, बाद में डॉक्टरों ने उन्हें ब्लड कैंसर होने की पुष्टि की।

रियलिटी शोज पर भड़के महाभारत एक्टर सौरभ राज

मुंबई। मशहूर टीवी शो महाभारत में भगवान कृष्ण का किरदार निभाने वाले एक्टर सौरभ राज ने रियलिटी शोज पर सवाल खड़े किए हैं। उनका कहना है कि मेकर्स टीआरपी बटोरने के लिए जिस हद तक गिर रहे हैं वो शर्मनाक है। उनका ये बयान तब सामने आया है, जब ओटीटी प्लेटफॉर्म में लॉकअप 2, अलायंस और भोजपुरी बवाल जैसे शोज चर्चा में हैं। सौरभ राज ने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट से रियलिटी शोज पर निशाना साधते हुए लिखा है, मुझे कहा गया था कि इस मुद्दे पर चुप रहूं, क्योंकि प्रोफेशनली इसका मुझसे कोई लेना-देना नहीं है।

'कबीर सिंह' मेरी पहली फिल्म समझते हैं : कियारा



मुंबई। आज कियारा आडवाणी बॉलीवुड की सबसे सफल अभिनेत्रियों में गिनी जाती हैं। बड़े बैनर, करोड़ों की फिल्में और देशभर में करोड़ों प्रशंसक उनके नाम हैं। हालांकि, फिल्म इंडस्ट्री में सलमान खान से खास कनेक्शन होने के बावजूद उनके लिए सफलता की राह आसान नहीं रही। पहली ही फिल्म फ्लॉप हो गई, महीनों तक काम नहीं मिला, 'एमएस धोनीः द अनटोल्ड स्टोरी' जैसी सुपरहिट फिल्म के बाद भी उन्हें ऑडिशन देने पड़े और कई बार रिजेक्शन झेलना पड़ा। यही वजह है कि आज भी कई लोग 'कबीर सिंह' को उनकी पहली फिल्म समझते हैं। फैशन इंडस्ट्री में भी उन्हें गंभीरता से नहीं लिया गया। 31 जुलाई 1992 को मुंबई में जन्मीं कियारा आडवाणी का असली नाम आलिया आडवाणी है। उनके पिता जगदीप आडवाणी बिजनेसमैन हैं, जबकि मां जेनेवीव जाफरी टीचर रह चुकी हैं। जेनेवीव जाफरी अभिनेता सईद जाफरी के भाई हमीद जाफरी और उनकी पहली पत्नी वैलेरी की बेटी हैं। बाद में हमीद जाफरी ने अशोक कुमार की बेटी भारती गांगुली से शादी की थी। कियारा का परिवार फिल्मी दुनिया से सीधे तौर पर जुड़ा नहीं था, लेकिन बॉलीवुड से परिचय बचपन से था। कियारा ने बताया है कि वह बचपन में आईने के सामने फिल्मों के सीन दोहराती थीं और स्कूल के सांस्कृतिक कार्यक्रमों में हिस्सा लेती थीं। तभी उन्होंने फिल्मों में काम करने का सपना देखा।

कियारा आडवाणी, सलमान से खास कनेक्शन नहीं आया काम

उन्होंने कैथेड्रल एंड जॉन कॉनन स्कूल से पढ़ाई और जय हिंद कॉलेज से मास कम्युनिकेशन में ग्रेजुएशन किया। 10वीं बोर्ड परीक्षा में उनके 92% अंक आए थे। फिल्मों में आने से पहले कियारा अपनी मां के प्री-स्कूल में छोटे बच्चों को पढ़ाती थीं। उन्होंने बताया था कि उन्हें बच्चों के साथ समय बिताना पसंद था। कुछ समय यह काम करने के बाद उन्होंने फिल्मों में आने के लिए ऑडिशन देना शुरू कर दिया। कियारा का असली नाम आलिया था। बॉलीवुड में कदम रखने की तैयारी के दौरान आलिया भट्ट पहले से स्थापित थीं, इसलिए सलमान खान ने उन्हें नाम बदलने की सलाह दी। कियारा ने 'कॉमेडी नाइट्स विद कपिल' में बताया था।



आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी** (पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com